* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

28 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 248

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


आदिपुरुष पर इलाहाबाद हाइकोर्ट की टिप्पणी : हिंदुओं की सहनशीलता की परीक्षा क्यों ले रहे हैं



# झारखंड-बिहार को वंदे भारत ट्रेन की सौगात

## पीएम मोदी ने भोपाल से हरी झंडी दिखा कर रांची-पटना समेत पांच वंदे भारत का किया उद्घाटन

- आज से सप्ताह में छह दिन चलेगी सेमी हाइ स्पीड ट्रेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रांची-पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखा कर झारखंड-बिहार को इस सेमी हाइ स्पीड ट्रेन की सौगात दी। भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में पीएम मोदी ने कुल पांच वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी।

रांची से वंदे भारत के सफर की शुरुआत सुबह 10:53 बजे हुई। इसने छह घंटे में पटना तक का सफर पूरा किया। रांची से जैसे ही ट्रेन खुली, प्लेटफॉर्म पर खड़े और ट्रेन में बैठे लोग खुशी से झूम उठे। वे 'वंदे मातरम' का नारा लगा रहे थे। यात्रियों ने कहा कि इंतजार खत्म हो गया। ऐसा लग रहा है, जैसे फ्लाइट में बैठे हैं।

रांची रेलवे स्टेशन पर इस पल के साक्षी झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मंत्री चंपई सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, स्थानीय सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, डीआरएम और दक्षिण पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर अर्चना जोशी और रांची मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप गुप्ता समेत कई लोग बने।

वंदे भारत एक्सप्रेस में अलग-अलग स्कूलों के 100 विद्यार्थी विद्यार्थियों ने भी सफर किया। इनमें से कई ने प्रधानमंत्री मोदी की पेंटिंग बनायी थी। बच्चों का कहना था कि मोदी उनके रोल मॉडल हैं। वंदे भारत से सफर करने वाले 10वीं से 12वीं में पढ़ने वाले इन बच्चों में रांची के 10, मेसरा के 30, सैनिक स्कूल के 50 बच्चे शामिल थे। सैनिक स्कूल के बच्चे कोडरमा से गया तक गये। बरकाकाना में विकास विद्यालय के छात्रों को हजारीबाग तक लाया गया। हजारीबाग से कोडरमा तक हजारीबाग डीएवी के 30 बच्चे, शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के 20 और सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल कुम्हारटोली से 45 छात्र शामिल हुए। वंदे भारत एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22349/ 22350) का 28 जून से नियमित परिचालन होगा। यह ट्रेन पटना और रांची से मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। इसका वातानुकूलित चेयर कार का किराया 1175 रुपये और एग्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 2110 रुपये है।

# आज सीएम के हाथों 500 युवाओं को मिलेगी नौकरी

हेमंत सोरेन कौशल कॉलेज के नर्सिंग-आइटीआइ छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को कल्याण विभाग, झारखंड सरकार की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउडेशन द्वारा संचालित नर्सिंग, आइटीआइ कौशल कॉलेज के युवक-युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में अनुसूचित जनजाति मंत्री चंपई सोरेन, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। इस अवसर पर नर्सिंग, आइटीआइ कौशल कॉलेज और कल्याण गुरुकुल के पांच सौ युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। वहीं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आइटीआइ कौशल कॉलेज की छात्राओं द्वारा संचालित सेवा कैफे का भी उद्घाटन करेंगे। इस सेवा कैफे का उद्देश्य एक सफल उद्यमी बनाने में छात्र-छात्राओं की मदद करना है। सेवा कैफे के माध्यम से विशेष कर छात्राओं को उद्यमिता संबंधी व्यावहारिक ज्ञान दिया जायेगा। बता दें कि कल्याण विभाग, झारखंड सरकार की एसपीवी प्रेझा फाउंडेशन कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर लाभकारी संयुक्त उद्यम के रूप में कार्य कर रहा है, जिसके झारखंड के 24 जिलों में 28 कल्याण गुरुकुल, आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज और एक आइटीआइ कौशल कॉलेज हैं। इस परियोजना के माध्यम से अभी तक 30 हजार से अधिक युवक युवतियों की देश की नामी-गिरामी कंपनियों में रोजगार की प्राप्ति हुई है।

# तीन तलाक का इस्लाम से संबंध नहीं : नरेंद्र मोदी

- दो तरह के कानून से नहीं चल सकता एक घर
- यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भ्रम दूर करेगी भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि तीन तलाक से इस्लाम का कोई संबंध नहीं है। इसकी वकालत करने वाले वोट बैंक के भूखे हैं। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भड़का रहे हैं। एक घर दो तरह के कानूनों से नहीं चल सकता। यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भाजपा भ्रम दूर करेगी। प्रधानमंत्री मंगलवार को भोपाल में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में इसी साल होने वाले विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने आये थे। उन्होंने मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान के तहत 543 लोकसभा सीटों के 10 लाख और मध्यप्रदेश के 64 हजार एक सौ बूथों के कार्यकर्ताओं को डिजिटली संबोधित किया। यहां सभी राज्यों के विधानसभा क्षेत्रों से तीन हजार कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। करीब दो घंटे के संबोधन की सबसे खास बात यह रही कि प्रधानमंत्री ने पहली बार उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूछे गये सवालों का विस्तार से जवाब देते हुए अपनी बात कही।

पीएम मोदी ने कहा कि जो भी तीन तलाक के पक्ष में बात करते हैं, वे मुस्लिम बेटियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहे हैं। तीन तलाक से नुकसान का दायरा बढ़ा है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक का इस्लाम से संबंध होता, तो दुनिया के मुस्लिम बाहुल्य देश इसे खत्म नहीं करते। मिस्र में 90 फीसदी से ज्यादा सुन्नी मुस्लिम हैं। 80-90 साल पहले वहां तीन तलाक की प्रथा समाप्त हो चुकी है। अगर तीन तलाक इस्लाम का जरूरी अंग है, तो पाकिस्तान, इंडोनेशिया, कतर, जॉर्डन, सीरिया, बांग्लादेश में यह प्रथा क्यों नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड के नाम पर भड़काने का काम हो रहा है। उन्होंने पूछा : एक घर में परिवार के सदस्य के लिए एक कानून हो, परिवार के दूसरे सदस्य के लिए दूसरा कानून हो, तो क्या वह घर चल पायेगा? फिर ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पायेगा।

# पूर्व विधायक अमित महतो ने किया सरेंडर, भेजे गये जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सिल्ली पूर्व विधायक और खतियानी पार्टी के नेता अमित महतो ने मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त प्रभात शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। उसके बाद कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने समेत कई आरोप लगाये गये। इस केस में उन्हें अग्रिम जमानत भी नहीं मिली थी। इसके बाद अमित महतो ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।






# सिसई में मिक्सर मशीन में पिस कर दो श्रमिकों की मौत

- आरकेडी कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्लांट में हुआ हादसा
- ऑपरेटर और फोरमैन की लापरवाही से गयी मजदूरों की जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** गुमला जिले के सिसई में मंगलवार को एक अकल्पनीय हादसा हुआ। रेडवा स्थित आरकेडी कंट्रक्शन कंपनी के प्लांट में चल रही मिक्सर मशीन में फंस कर दो मजदूरों की मौत हो गयी। पहली नजर में यह हादसा ऑपरेटर और फोरमैन की लापरवाही से हुआ लगता है। मृतकों की पहचान बिरकेरा महुआटोली निवासी भरत गोप (16) और मुर्गू अंबाटोली निवासी प्रदीप उरांव (20) के रूप में हुई है। दोपहर करीब एक बजे हुई घटना के बाद प्लांट में मौजूद सभी कर्मचारी फरार हो गये। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण प्लांट पहुंचे और मशीनों में तोड़फोड़ की। भीड़ ने भाग रहे प्लांट के मैकेनिकल फोरमैन मनोरंजन जेना को खदेड़ कर पकड़ा और मारपीट करने लगे। इसी दौरान थानेदार आदित्य कुमार चौधरी दल-बल के साथ वहां पहुंचे और कर्मी को बचाया।

घटना की सूचना मिलने पर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, सीओ अरुणिमा एक्का, इंस्पेक्टर अनुप केरकेट्टा, मनोज कुमार, सार्जेंट अर्जुन कुमार मार्था, भरनो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार तिवारी, पुसो थाना प्रभारी सत्यम गुप्ता, करंज थाना प्रभारी आशीष भारती, पुलिस अधिकारी और जवान वहां पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझा-बुझाकर मशीन में फंसे शवों को शाम चार बजे निकाला। आक्रोशित ग्रामीणों ने शाम करीब सवा पांच बजे प्लांट के दूसरे छोर पर खड़े एक हाइवा में आग लगाने का प्रयास किया। शाम को ग्रामीणों ने घटनास्थल के सामने एनएच को जाम कर दिया।

**ऐसे हुई घटना :** जानकारी के अनुसार एक बजे सभी मजदूरों की लंच की छुट्टी हुई। खाना खाने जा रहे भरत गोप और प्रदीप उरांव को सुपरवाइजर ने रोक कर मिक्सर मशीन की सफाई करने का आदेश दिया। दोनों मशीन के अंदर सफाई करने लगे। इसी दौरान मशीन में मेटेरियल लोड करने के लिए नीचे एक हाइवा लगा। इस पर सुपरवाइजर ने ऑपरेटर को मशीन चालू करने के लिए कहा। उसे भीतर काम कर रहे मजदूरों का ध्यान ही नहीं रहा। ऑपरेटर ने मशीन चालू कर दी। ऊपर सफाई कर रहे मजदूर चिल्लाने लगे, लेकिन मशीन की आवाज में उनकी आवाज ऑपरेटर सुन नहीं सका। टिफिन लेकर जा रहे कुछ मजदूर चिल्लाने की आवाज सुन कर लौटे और ऑपरेटर को मशीन बंद करने को कहा। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

घटना की सूचना पर जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, मुखिया बंदी राम उरांव, चुमानी देवी, तारकेश्वर उरांव, चमरू उरांव सहित कई लोग मौके पर पहुंचे।

### इसी साल मैट्रिक की परीक्षा पास की थी भरत ने

मृतक भरत गोप के पिता दशरथ गोप और मां अंजनी देवी ने बताया कि उनके इकलौते बेटे ने इसी साल मैट्रिक की परीक्षा पास की थी और सिसई कॉलेज में इंटर में नामांकन के लिए फॉर्म भरा था। वह दो महीने से आरकेडी कंस्ट्रक्शन में मजदूरी करता था। दशरथ भी मजदूर हैं।

**इंटर पास किया था प्रदीप ने :** प्रदीप उरांव के पिता फगुवा उरांव ने बताया कि उनके पुत्र ने इस साल इंटर की परीक्षा पास की थी। फगुवा उरांव भी मजदूरी करते हैं और काम बंद होने के कारण वो छुट्टी पर हैं।

## खुलासा : झारखंड में ऐसे फंसाया जाता है साहसी पत्रकारों को

# रामगढ़ के पत्रकार वीरू कुमार के खिलाफ दर्ज मामले को हाइकोर्ट ने किया रद्द

- फैसले में लिखा, एसडीजेएम ने संज्ञान लेते समय 'न्यायिक बुद्धि' का इस्तेमाल नहीं किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड समेत देश के दूसरे हिस्सों में सच का साथ देनेवाले साहसी पत्रकारों को कैसे झूठे मामलों में फंसाया जाता है, इसका खुलासा झारखंड हाइकोर्ट द्वारा हाल ही में दिये गये एक फैसले से हुआ है। हाइकोर्ट के जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने रामगढ़ के पत्रकार और वर्तमान में आजाद सिपाही के ब्यूरो हेड बीरू कुमार द्वारा दायर याचिका को निबटाते हुए उनके खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले (संख्या जीआर 649/2016) को निरस्त कर दिया है। हाइकोर्ट के फैसले में कहा गया है कि रामगढ़ थाना में पत्रकार के खिलाफ दर्ज मामले (संख्या 201/2016) पर संज्ञान लेने का फैसला देते समय एसडीजेएम ने 'न्यायिक बुद्धि' का इस्तेमाल नहीं किया।

**क्या है मामला :** रामगढ़ थाना में 31 मई 2016 को बिनोद कुमार उर्फ पंकज ने पत्रकार बीरू कुमार और दो अन्य लोगों के खिलाफ एक मामला (संख्या 201/2016) दर्ज कराया। इसमें आरोप लगाया गया था कि बीरू कुमार ने खुद को पत्रकार बताते हुए दो अन्य सहयोगियों के साथ 31 मार्च को पंकज से उधार में 20 बोरा सीमेंट देने को कहा। पंकज द्वारा इनकार करने पर उन्होंने उसके साथ गाली-गलौज किया और लाठी-डंडे से पीटने की कोशिश की। इसके अगले दिन यानी 1 अप्रैल को रांची से प्रकाशित एक समाचार पत्र में खबर छपी, जिसमें बिनोद कुमार उर्फ पंकज को पटाखा के अवैध कारोबार में शामिल बताया गया था। इस पर पंकज ने बीरू कुमार से संपर्क किया, तो उसने पत्रकार होने की धौंस दिखायी और 20 हजार रुपये की मांग की। पंकज ने आरोप लगाया कि इसके बाद भी बीरू कुमार ने उसे कई बार धमकी दी।

पंकज द्वारा दर्ज मामले को आनन-फानन में रामगढ़ पुलिस ने इसे एसडीजेएम की अदालत में भेज दिया, जहां इसे जीआर 649/2016 के रूप में दर्ज किया गया। एसडीजेएम की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए 24 जनवरी 2017 को मामले का संज्ञान लिया। इसके बाद रामगढ़ पुलिस पत्रकार बीरू कुमार के पीछे पड़ गयी। इसके बावजूद वीरू कुमार ने हिम्मत नहीं हारी और अपने खिलाफ दायर इस झूठे मामले को रद्द कराने की कोशिश में जुट गये और अंततः अदालत की शरण में पहुंचे। इस कानूनी लड़ाई में उन्हें हाइकोर्ट से 23 जून को इंसाफ मिला। पत्रकार बीरू कुमार के खिलाफ दायर इस पूरे मामले की पृष्ठभूमि में रामगढ़ में उन दिनों चल रहे पटाखे का अवैध कारोबार था। इसमें पुलिस प्रशासन का भी हाथ होने के पुख्ता प्रमाण मिले थे। बीरू कुमार ने साहस का परिचय देते हुए इस अवैध कारोबार के बारे में खबर लिखी थी। इससे नाराज होकर पुलिस प्रशासन ने उनके खिलाफ यह मामला दर्ज कराया था। प्रशासन का मकसद कलम की धार को कुंद करना था।

### अपने फैसले में क्या कहा हाइकोर्ट ने

झारखंड हाइकोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि 31 मार्च और 1अप्रैल को हुई घटनाओं की प्राथमिकी दो माह बाद 31 मई को दायर कराना अपने-आपमें मामले को संदिग्ध बना देता है। आखिर अपने साथ हुई घटना की शिकायत पंकज ने दो महीने बाद क्यों की। हाइकोर्ट ने सवाल किया है कि पंकज ने रंगदारी मांगने की शिकायत करने में इतनी देरी क्यों की। हाइकोर्ट ने यह भी कहा है कि पंकज द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी से स्पष्ट है कि बीरू कुमार को किसी रकम का भुगतान कभी नहीं किया गया। इसलिए इस पूरे मामले को निरस्त किया जाता है। इस मामले में पत्रकार बीरू कुमार की तरफ से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और राहुल देव ने बहस की, जबकि सरकार की ओर से वीके सिन्हा ने दलीलें दी। पंकज की तरफ से अधिवक्ता डॉ एसके चतुर्वेदी ने पक्ष रखा।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 71,000 रु./प्रति किलो |



# मिशन 2024 : भाजपा 224 पर, तो विपक्ष 126 सीटों पर है मजबूत

## ▪ कुल 350 सीटों पर विजयी उम्मीदवारों को मिले थे 50 फीसदी से अधिक मत

## ▪ वोटों के कम अंतर वाली 122 सीटों पर दोनों को लगाना होगा विशेष जोर

आजाद सिपाही विशेष

देश भर में इन दिनों 2024 में होनेवाले आम चुनावों के मद्देनजर पार्टियों की गतिविधियां बढ़ रही हैं। पार्टियों के भीतर केंद्रीय और प्रादेशिक स्तर पर ताजा राजनीतिक परिस्थितियों के साथ पिछले चुनाव के परिणामों का गहन विश्लेषण भी किया जा रहा है, ताकि आंकड़ों के आधार पर भविष्य की रणनीति तैयार की जा सके। ये आंकड़े अक्सर बहुत उपयोगी साबित होते हैं, क्योंकि इनसे एक तरफ मतदाताओं के संभावित रुख का पता चलता है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक दलों को ये आंकड़े रणनीति बनाने के लिए मजबूत आधार भी प्रदान करते हैं। इसलिए चुनाव के दिनों में आजकल प्रशांत किशोर जैसे चुनावी रणनीतिकारों का मार्केट वैल्यू काफी बढ़ जाता है, क्योंकि वे आंकड़ों के आधार पर रणनीति तैयार करते हैं। जहां तक 2024 के चुनावों का सवाल है, तो भाजपा और विपक्षी दल भी 2019 के आंकड़ों के विश्लेषण में तो जुटे ही हैं, देश-विदेश के कई अन्य संस्थान भी इस काम में अभी से जुट गये हैं और इसी आधार पर 2024 के परिणाम की संभावनाओं पर रोशनी डाल रहे हैं। चुनाव परिणाम के आंकड़ों का विश्लेषण करना राजनीतिक रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि इसकी मदद से ही आगे के रास्ते का अंदाजा मिल सकता है। भाजपा और विपक्ष के दृष्टिकोण से 2024 का चुनाव 'करो या मरो' वाला साबित होनेवाला है, इसलिए दोनों पक्ष अभी से इस काम में जुट गये हैं। 2019 के चुनाव में वोट शेयर के आंकड़ों के आधार पर सीटों का खास समीकरण बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**




राकेश सिंह

देश भर में इन दिनों राजनीतिक पार्टियां 2024 में होनेवाले आम चुनावों की तैयारियों में जुटी हुई हैं। लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए भाजपा का अभियान जोर पकड़ने लगा है, तो विपक्षी दल भी भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए रणनीति बनाने में जुटे हुए हैं। सियासी नजरिये से इस हलचल भरे माहौल में 2019 में हुए चुनावों के आंकड़ों का विश्लेषण भी बेहद रोचक और मतदाताओं के रुख की तरफ तो संकेत करता है, राजनीतिक दलों की तैयारियों की तरफ भी इशारा करता है।

### क्या कहते हैं 2019 के आंकड़े

2019 में हुए आम चुनाव में भाजपा ने 436 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। इनमें से उसने 303 पर जीत हासिल की थी। यदि इन सभी सीटों पर जीतनेवाले उम्मीदवारों को मिले वोटों का प्रतिशत देखा जाये, तो भाजपा को 224 सीटों पर कुल वोटों का 50 प्रतिशत से अधिक हासिल हुआ था। इसका मतलब यह है कि इन 224 सीटों पर यदि गैर-भाजपा उम्मीदवारों, निर्दलीय उम्मीदवारों और नोटा के सभी वोटों को एक साथ जोड़ भी दिया जाता, तो भी इन सीटों पर जीत भाजपा प्रत्याशी की ही होती। इस लिहाज से यदि मतदाताओं का यही ट्रेंड कायम रहा, तो भाजपा को 2024 में इतनी सीटें तो निश्चित रूप से मिलेंगी ही और 272 का जादुई आंकड़ा छूने के लिए उसे 48 और सीटें चाहिए होंगी। यानी भाजपा अपने मिशन 2024 को हासिल करने के लिए गिनती 224 से शुरू कर सकती है। सबसे खास बात यह है कि 2019 में इस बड़े वोट शेयर से भाजपा ने जो 224 सीटें जीतीं, वह 1984 के बाद से किसी भी एक पार्टी के लिए सबसे अधिक है। भाजपा की यह उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय हो जाती है, क्योंकि 2014 के लोकसभा चुनावों में उसके केवल 136 सांसदों ने 50 प्रतिशत या उससे अधिक वोट शेयर हासिल किया था। पार्टी ने इस वोट शेयर के साथ न केवल अपनी सीटों की संख्या में बढ़ोतरी की, बल्कि व्यापक भौगोलिक विस्तार में ऐसी जीत भी दर्ज की। इसलिए जो लोग 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए एक गठबंधन की कल्पना कर रहे हैं, उनके लिए चुनौती जबरदस्त लगती है। हालांकि विपक्षी दलों, जिनमें से 15 ने संयुक्त रणनीति बनाने के लिए पिछले सप्ताह पटना में बैठक की, उनका दावा है कि ऐसी संख्या पूरी कहानी नहीं बताती हैं।



### 2019 में विपक्षी उम्मीदवारों को कैसी जीत मिली

पिछले आम चुनावों में जहां तक 238 विपक्षी उम्मीदवारों की जीत के अंतर का सवाल है, तो इन उम्मीदवारों ने 126 सीटों पर 50 फीसदी से अधिक वोट हासिल किये थे, यानी इन सीटों पर विपक्ष को भाजपा से बहुत अधिक घबराने की जरूरत नहीं है। इसलिए विपक्ष को 272 का जादुई आंकड़ा हासिल करने के लिए अपनी गिनती 126 से शुरू करनी होगी।

### कम अंतर से जीत दिलानेवाली सीटों पर लगाना होगा जोर

2019 के चुनाव में 122 ऐसी सीटें थीं, जहां जीत-हार का अंतर बहुत कम था या जीतनेवाले प्रत्याशियों से अधिक वोट उनके प्रतिद्वंद्वियों, निर्दलीय उम्मीदवारों और नोटा को मिले थे। भाजपा और विपक्षी दलों को इन सीटों पर ही जोर लगाना होगा, जो अंततः 2024 में निर्णायक साबित हो सकते हैं।

### आंकड़ों का मायाजाल ग्राउंड वर्क के लिए है जरूरी

यह सही है कि देश में 'फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट' (एफपीटीपी) चुनावी प्रणाली का पालन होता है, जहां सबसे अधिक वोट पानेवाला उम्मीदवार जीतता है, भले ही उसके पास बहुमत हो या नहीं। इसलिए वोट शेयर की केवल सीमित प्रासंगिकता है, लेकिन यदि आंकड़ों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है, तो कम से कम इनके आधार पर भावी रणनीति तैयार करने में मदद तो मिल ही सकती है। जानकार कहते हैं कि इस प्रणाली में किसी निर्वाचन क्षेत्र में 50 प्रतिशत से अधिक वोटों से जीतने वाले उम्मीदवार का मतलब उम्मीदवार या पार्टी की स्थानीय लोकप्रियता से ज्यादा कुछ नहीं है। लेकिन अगर ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या बढ़ती है, जैसा कि 2019 में भाजपा के मामले में हुआ, तो यह निश्चित रूप से उस पार्टी के बढ़ते वर्चस्व को रेखांकित करता है। हालांकि कुल प्रतिशत में वोट शेयर से केवल इतना ही हासिल किया जा सकता है और पार्टियां इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं। चुनावी आंकड़ों के जानकारों के अनुसार, अधिक सीटें जीतने के लिए किसी पार्टी को केवल वोट शेयर में कुल मिला कर बढ़ोतरी दर्ज. करने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि उन निर्वाचन क्षेत्रों में पर्याप्त वोट प्राप्त करने के बारे में अधिक व्यवस्थित रणनीति बनानी जरूरी है, जहां वे कम अंतर से हार गये हैं। अधिकांश पार्टियां इसके बारे में जानती हैं और इस बिंदु पर ध्यान देती हैं। इसलिए जीती हुई सीटों के मुकाबले सभी पार्टियां इन आंकड़ों की मदद से कम अंतर से हारी हुई सीटों पर ध्यान केंद्रित करती हैं।

इस तरह यह साफ हो जाता है कि भाजपा को अपने गढ़ों को बरकरार रखने के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपनी सीटें बढ़ाने के लिए संतुलन बनाना होगा, जहां उसकी पकड़ कम है। भाजपा जिस तरह से भावनात्मक मुद्दों पर जोर दे रही है, उससे ऐसा नहीं लगता है कि उसे अपना लक्ष्य हासिल करने में बहुत अधिक मशक्कत करनी होगी। इस बात में कोई संदेह नहीं कि भाजपा के पास नरेंद्र मोदी के करिश्मे का ऐसा ब्रह्मास्त्र है, जिसकी काट आज की तारीख में विपक्ष के पास नहीं है। चुनावों में मोदी इफेक्ट का आलम यह है कि वह जहां जाते हैं, चुनावी हवा ही बदल जाती है। और भाजपा यह जानती है कि लोकसभा चुनाव में वोट स्थानीय मुद्दों या चेहरों पर कम, केंद्रीय मुद्दों और पीएम के चेहरे पर ही देते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका दौरे से मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध



मृत्युंजय शर्मा

**प्र**धानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इससे भारत-अमेरिका आर्थिक एवं रक्षा संबंधों को मजबूती मिलने की उम्मीद है। मोदी के इस दौरे का दूरगामी परिणाम देश के साथ-साथ वैश्विक हालातों को भी प्रभावित करेंगे। मोदी जब भी विदेशी दौरों पर जाते हैं, विविधतापूर्ण भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार भी अवश्य करते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति और फर्स्ट लेडी को दिये उपहार में इसकी झलक भी दिखायी देती है। मोदी ने भारत की तरफ से जिन उपहारों को राष्ट्रपति जो बाइडेन और फर्स्ट लेडी को को भेंट किया। उनको दिये गये उपहारों में विविधताओं के देश भारत के अलग अलग राज्यों का संगम बनाया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस प्रथम अमेरिकी राजकीय यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका के बीच पिछले एक दशक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा पर सहमति बनी। अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ एक करार किया। इसके तहत जीइ 414 फाइटर जेट इंजन भारत में बनाया जायेगा। यह इंजन एचएएल बनायेगी। खास बात यह है कि इस करार के तहत इस इंजन की टेक्नॉलजी भारत को मिलेगी। अब तक के रक्षा सौदों में अमेरिका हथियारों की टेक्नॉलजी भारत को नहीं देता था। भारत ने अमेरिका से 31 प्रिडेटर ड्रोन की भी खरीदारी की। आर्थिक मंदी और प्रतिकूल परिस्थिति में भी भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था वैश्विक बाजार को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। वहीं स्पेस सेक्टर की बात करें तो नासा भारतीय एस्ट्रॉनोट्स को अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण देने को तैयार है। अग्रणी कार निर्माता कंपनी टेस्ला के मालिक एलोन मस्क ने मोदी से मुलाकात के दौरान भारतीय बाजार में निवेश करने की प्रतिबद्धता जतायी है। व्हाइट हाउस में भारत और अमेरिका के प्रमुख उद्योगपतियों की बैठक में भविष्य के योजनाओं पर भी चर्चा हुई। जिसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। चीन के बढ़ते वर्चस्व को रोकने के लिए भारत को एक स्वतः और विश्वस्नीय साथी के तौर पर अपना सकता है। अमेरिका यह भलीभांति समझता है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते वर्चस्व को रोकने के लिए भारत का मजबूत होना बेहद जरूरी है। मोदी ने भी पाकिस्तान संपोषित आतंकवाद और चीन की विस्तारवादी नीतियों की आलोचना की। चीन के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि अमेरिका के रणनीतिकार चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए भारत को ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। अमेरिका ने हाल ही में भारतीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के कार्यशैली की प्रशंसा की थी। कोरोना महामारी के दौरान कुशल प्रबंधन और रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच अहम भूमिका निभाने वाले भारत ने अपनी आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए रूस से कच्चे तेल के निर्यात का फैसला लिया।



मोदी ने द्विपक्षीय संबंधों पर बल देते हुए भारत को लोकतंत्र की जननी और अमेरिका को आधुनिक लोकतंत्र का चैंपियन बताया। एक बड़ी प्रवासी भारतीय आबादी अमेरिका में दशकों से रह रही है। जिसके कारण इन दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंध भी बने हैं। कुछ वर्ष पहले अमेरिका में रह रहे भारतीय प्रवासियों के समक्ष एच 1 वीजा को लेकर शंका उत्पन्न हुई लेकिन इस दौरे में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि अब एच1 वीजा के लिए अमेरिका से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अमेरिकी शहर सिएटल में भारत नये वाणिज्यिक दूतावास की स्थापना कर रहा है तो वहीं बेंगलुरु में अमेरिका ने अपने दूतावास खोलने की स्वीकृति दी है। इससे दोनों देशों में काम कर रहे लोगों विशेषकर आइटी प्रोफेशनल्स को काफी सहूलियत होगी। मोदी ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी संसद को लगभग 58 मिनट तक संबोधित किया। जिस दौरान कई अवसरों पर अमेरिकी सांसदों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट से मोदी के बयानों का स्वागत किया। राजनीतिक तौर पर विरोधी माने जाने वाले उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी मोदी के अभिभाषण से मंत्रमुग्ध हो गयीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत और अमेरिका, दोनों के समाज और संस्थाएं लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं। वहीं बाइडेन ने भारत अमेरिका की मित्रता को 21 वीं सदी का सबसे महत्वपूर्ण संबंध करार दिया। मोदी के नेतृत्व में पिछले 9 साल में भारत अपनी एक मजबूत, आत्मनिर्भर और सशक्त छवि गढ़ने में कामयाब हुआ है। कांग्रेस शासनकाल में भ्रष्टाचार, आतंकवाद और वैश्विक दबाव में रहने वाला भारत पिछले एक दशक में सामरिक और आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है। देश की आंतरिक और सीमा सुरक्षा बेहतर हुई है, जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा फायदा लाभुकों तक पहुंच रहा है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे योजनाएं प्रारंभ की गयी हैं, जिनसे निवेश और रोजगार के नये अवसर उत्पन्न हुए हैं। आज विश्व की हर एक महाशक्ति भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। दशकों तक अमेरिका और यूरोप के इशारे पर चलने वाला भारत अब मोदी के सशक्त नेतृत्व में विश्व की अर्थव्यवस्था, व्यापार और कूटनीति का एक नया केंद्र बिंदु बन गया है।

***(लेखक, झारखंड भाजपा के चुनाव प्रबंधन प्रमुख हैं)***

# गूगल में विज्ञापन दिलाने के नाम पर देवघर के छह डॉक्टरों से ठगी

## डॉक्टरों ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** गूगल में विज्ञापन दिलाने के नाम पर देवघर शहर के छह डॉक्टरों से करीब दो लाख रुपये की ठगी कर ली गयी। इस संबंध में सभी डॉक्टरों ने अपनी-अपनी शिकायत साइबर थाने में देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, 12 जून को गूगल प्रतिनिधि बन कर डॉक्टरों के पास दो अज्ञात लोग पहुंचे और कम खर्च में अधिक विज्ञापन दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों ने डॉक्टरों से कहा कि गूगल पर यह विज्ञापन देश-विदेश में दिखेगा। साथ ही संबंधित विज्ञापन में डॉक्टरों के नाम, फोटो सहित उनके क्लिनिक का फोटो और वीडियो भी रहेगी।

### 15 दिनों के अंदर विज्ञापन शुरू कराने का था वादा

डॉक्टरों से आरोपियों ने अग्रिम के तौर पर ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कराते हुए 15 दिनों के अंदर विज्ञापन शुरू कराने का वादा किया था। 15 दिन बीत गये, लेकिन डॉक्टरों का विज्ञापन गूगल पर शुरू नहीं हुआ।

विज्ञापन के लिए क्लिनिक का वर्टिकल वीडियो और फोटो करने के लिए आरोपियों ने 15 दिनों का समय लिया था। संबंधित आरोपियों द्वारा दिये गये फोन पर संपर्क करने पर वे लोग टाल-मटोल करने लगे। इससे डॉक्टरों को ठगी की आशंका हुई और सभी ने अपनी-अपनी शिकायत साइबर थाने में दी।

### जांच में जुटी साइबर थाने की पुलिस

साइबर थाने की पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, बैद्यनाथधाम स्टेशन क्रॉसिंग के आगे से सुभाष चौक के बीच के छह डॉक्टरों से ठगी की गयी है। ठगी के शिकार हुए डॉक्टरों में दो शिशु रोग विशेषज्ञ, एक मानसिक रोग विशेषज्ञ, दो महिला विशेषज्ञ और एक फिजिशियन डॉक्टर शामिल हैं।

# मॉडल के यौन शोषण के आरोपित तनवीर की जमानत याचिका खारिज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह की अदालत ने बिहार के भागलपुर की युवती से मॉडलिंग के नाम पर यौन शोषण करने और लव जिहाद के आरोपित यश मॉडलिंग एजेंसी के संचालक तनवीर अख्तर उर्फ मोहम्मद लैक खान को जमानत देने से इनकार कर दिया है।

मामले में तनवीर ने अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी। इस पर अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने तनवीर की जमानत याचिका खारिज कर दी ।

उल्लेखनीय है कि रांची पुलिस ने तनवीर को 14 जून को बिहार के अररिया से गिरफ्तार किया था। इस मामले में रांची पुलिस ने मॉडल का 8 जून को कोर्ट में 164 का बयान दर्ज और मेडिकल टेस्ट कराया था। बिहार के भागलपुर जिले की रहने वाली एक युवती ने मॉडलिंग के नाम पर रांची के तनवीर पर यौन शोषण करने और जबरन धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। तनवीर रांची में यश मॉडलिंग एजेंसी चलाता था। युवती यहां मॉडलिंग सीखने आयी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.2 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.39 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.06 बजे |



### दूसरी बार इडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए जेल अधीक्षक

# इडी ने फिर भेजा समन, 30 जून को जेल अधीक्षक और जेलर को बुलाया

**होटवार कारा के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर की परेशानियां बढ़नेवाली हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेल में मनी लॉड्रिंग के आरोपियों को मदद करने, जेल मैनुअल से इतर हर तरह की सुविधाएं पहुंचाने के मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय होटवार कारा के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर की परेशानियां बढ़नेवाली हैं। इडी ने उन्हें समन कर मंगलवार को पूछताछ के लिए कार्यालय में बुलाया था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। ऐसा दूसरी बार हुआ है कि जेल अधीक्षक को इडी ने समन भेजा और वह इडी कार्यालय में हाजिर नहीं हुए।

इधर, इडी ने जेल अधीक्षक और जेलर को फिर से समन भेजा है और 30 जून को दोनों लोगों को बुलाया है। इडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज मांगा था, लेकिन जेल प्रशासन ने अब तक उसको फुटेज मुहैया नहीं कराया है। इडी ने जेल अधीक्षक से निलंबित आइएएस पूजा सिंघल की 11 मई 2022 की गिरफ्तारी के बाद का सीसीटीवी फुटेज मांगा था। सीसीटीवी फुटेज मुहैया नहीं कराने पर इडी ने विशेष अदालत में आवेदन देकर जेल अधीक्षक की शिकायत की थी।




## अदालत के आदेश के बाद उपलब्ध कराया पूजा सिंघल से जुड़ा फुटेज

**इडी की शिकायत पर विशेष अदालत ने दिसंबर 2022 में जेल अधीक्षक को फटकार लगाते हुए आदेश दिया था कि वह इडी को जल्द से जल्द सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करायें। जेल अधीक्षक हामिद अख्तर ने सोमवार को इडी को पेन ड्राइव में जो सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराया है, वह कोर्ट के माध्यम से दिसंबर 2022 में दिये गये आदेश के बाद का है, जो इडी के किसी काम का नहीं है। इडी ने इसे गंभीरता से लिया है। अब बहुत जल्द ही जेल अधीक्षक हामिद अख्तर के विरुद्ध इडी बड़ी कानूनी कार्रवाई करने जा रही है।**

### इडी के लिए क्यों जरूरी है फुटेज

बीते साल 11 मई को मनरेगा घोटाले में तत्कालीन खान एवं भूतत्व विभाग की सचिव पूजा सिंघल गिरफ्तार हुईं थीं। उनसे पहले 7 मई को उनका चार्टर्ड अकाउंटेंट सुमन कुमार गिरफ्तार हुआ था। इस मामले में 19 जुलाई 2022 को मुख्यमंत्री के बरहेट विधानसभा क्षेत्र प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की गिरफ्तारी हुई थी। इसके बाद पंकज मिश्रा का सहयोगी बच्चू यादव और फिर नेताओं और नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश को इडी ने अवैध खनन मामले में जेल भेजा था।

कुछ दिनों के बाद दूसरे मामले में कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को भी इडी ने गिरफ्तार किया था। अब इसी बीच इडी को जानकारी मिली कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जो भी आरोपित जेल भेजे गये हैं, वे वहां घर की तरह रह रहे हैं और वे तमाम सुविधाएं भोग रहे हैं, जो जेल मैनुअल के खिलाफ है।

इडी ने औचक निरीक्षण कर रिम्स के पेइंग वार्ड में इलाजरत पंकज मिश्रा को फोन पर बात करते हुए रंगे हाथ पकड़ा था। फोन पर बात कराने वाले उनके दोनों सहयोगी भी पकड़े गये थे। इसके बाद रिम्स के सीसीटीवी फुटेज से पंकज मिश्रा से मिलने वालों से लेकर पंकज मिश्रा के माध्यम से न्यायिक हिरासत में रहते हुए अधिकारियों पर अपने पक्ष में काम के लिए दबाव बनाने सहित कई मामले में उजागर हुए थे।

### फुटेज उपलब्ध कराने से क्यों कतरा रहा जेल प्रशासन

इडी ने तब जेल अधीक्षक से भी 11 मई 2022 के बाद का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने को कहा था, लेकिन उन्होंने अब तक वह फुटेज नहीं दिया। इडी को शक है कि उक्त फुटेज में जेल प्रशासन की गर्दन फंस रही है, इसलिए जेल प्रशासन उक्त फुटेज देने से कतरा रहा है।

# खराब मौसम के चलते देवघर नहीं पहुंचे सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खराब मौसम के कारण मंगलवार को देवघर नहीं पहुंच पाये। देवघर में मुख्यमंत्री को 524 करोड़ की लागत से सिकटिया मेगा लिफ्ट एरिगेशन योजना का शिलान्यास करना था, लेकिन खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर रांची से उड़ान नहीं भर पाया। इस कारण शिलान्यास कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा।

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, पूर्व विधायक चुन्ना सिंह, झामुमो नेता परिमल सिंह, जिप अध्यक्ष किरण देवी समेत जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री, डीडीसी डॉ कुमार ताराचंद, एसडीओ आशीष अग्रवाल, प्रशिक्षु आइएएस अनिमेष रंजन समेत अन्य पदाधिकारी पहुंच गये थे।

# राजभवन पहुंचे भाजपा के नेता, स्पीकर की शिकायत की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो की शिकायत लेकर राजभवन पहुंचा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के नेतृत्व में पहुंचे 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को बताया कि स्पीकर संवैधानिक पद पर बैठकर राजभवन के खिलाफ अमर्यादित बयान दे रहे हैं। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मुलाकात के करीब एक घंटे बाद बाहर निकला। दीपक प्रकाश ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष बार-बार संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। स्पीकर का पद दलगत राजनीति से ऊपर है, लेकिन वे झामुमो के कार्यक्रम में झामुमो के झंडे और बैनर के नीचे असंसदीय और अशोभनीय बयान देते हैं।

दीपक प्रकाश ने कहा कि अगर स्पीकर संविधान की इज्जत करते हैं, तो उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। भाजपा इस मामले को लेकर न्यायपालिका के भी दरवाजे खटखटायेगी। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह और भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक शामिल थे।

बता दें कि 25 जून को स्पीकर ने अपने विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि राजभवन भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। विधानसभा में विशेष सत्र बुलाकर आदिवासियों की पहचान सरना धर्म कोड को विधानसभा से पारित कर राजभवन को भेजा था, लेकिन राजभवन से बिल को लौटा दिया गया। इसके बाद 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति का विधेयक भी विधानसभा से पारित कर राजभवन भेजा गया था, उसे भी लौटा दिया गया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा।

**वृष** सामयिक कार्यों में सफलता, नौकरी में उल्लास, संकल्पित काम पूरे होंगे।

**मिथुन** भौतिक संपन्नता, रुके हुए काम पूरे होंगे,आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेंगे, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।

**सिंह** जमीन-जायदाद संबंधी कार्यों में सफलता, सामयिक-सामाजिक विकास होगा।

**कन्या** राजकीय पक्ष से सहयोग-समर्थन, परिवार में मांगलिक कार्य होगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, आर्थिक परेशानी।

**वृश्चिक** हर क्षेत्र में सफलता, नवीन व्यापारिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा।

**धनु** विद्यार्थियों को लेखन और अध्ययन का सुपरिणाम मिलेगा, निराशा दूर होगी।

**मकर** धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।

**कुंभ** अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी, शत्रुओं पर विजय।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com



# कोडरमा और हजारीबाग स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का हुआ भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग वासियों के लिए मंगलवार का दिन कोई सपने को पुरा होने जैसा रहा। जब बहुप्रतिक्षीत लंबी दूरी की ट्रेन की मांग पुरी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस समेत पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को विडियो कांफ्रेसींग के जरिये हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से चलकर दोपहर 1.25 बजे हजारीबाग टाउन स्टेशन पहुंची जहां हजारों की संख्या में जिलावासीयों ने पुष्प वर्षा और भारत माता की जय, वंदे मातरम आदी नारे लगाकर ट्रेन का स्वागत किया।



**इंटरसिटी और राजधानी का परिचालन जल्द शुरू होगा: जयंत सिन्हा:** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा की आज हम सभी जिलेवासीयों के लिए सपने को पुरा होने जैसा लग रहा है जब देर से ही सही पर भारत की सबसे अच्छी और आधुनिक ट्रेन हजारीबाग वासियों को मिली। उन्होने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से आग्रह किया है और जल्द ही हजारीबाग से इंटरसिटी और राजधानी ट्रेन का परिचालन शुरू किया जायेगा। सिन्हा ने उपस्थित लोगों से कहा की आप अपना आशीर्वाद आगे भी बनाए रखें और हम पूरे क्षेत्र का विकास करते रहेंगे।

**कोडरमा।** कोडरमा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को भारत की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस का भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी और अन्य भाजपा कार्यकर्ता रांची से इस ट्रेन में सवार होकर कोडरमा पहुंचे। कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 6-7 पर रेल प्रशासन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्थल पर ट्रेन के पहुंचने पर ढोल नगाड़े और फूलों की बारिश के साथ ट्रेन का स्वागत किया गया।



**न्यू गिरिडीह से रांची तक इंटरसिटी एक्सप्रेस जल्द: अन्नपूर्णा:** सांसद ने कहा कि जल्द ही न्यू गिरिडीह मधुपुर होते हुए रांची तक इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन शुरू किया जायेगा। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि आज का दिन काफी ऐतिहासिक है।

ट्रेन में सवार होकर पहुंचे बरही के विधायक उमाशंकर यादव अकेला ने कहा कि उनके द्वारा मंडल के डीआरएम से बरही स्टेशन पर भी वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव देने की मांग की गयी है, ताकि बरही वासियों को भी इसका लाभ मिल सके। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, प्रमुख सुषमा देवी, स्टेशन प्रबंधक रविंद्र कुमार, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी जवाहरलाल, सीटीआइ अरविंद सुमन, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## घूसखोर वनरक्षी चढ़ा एसीबी के हत्थे



हजारीबाग/कोडरमा(आजाद सिपाही)। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को वनरक्षी को चार हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। कोडरमा वन प्रमंडल में तैनात वनरक्षी अमरेंद्र कुमार यूकेलिप्टस पेड़ के एवज में घूस की मांग कर रहा था। मामले को लेकर पीड़ित सूरज कुमार ने एसीबी से शिकायत की थी कि अर्जून मोदी के रैयती भूमि पर लगे युकेलिप्टस के पेड़ खरीदा, जिसका टीपी फ्री होता है, जिसे परिवहन कर चिराने के लिये आरा मिल ले जाना होता है। इसके लिये वनरक्षी का परमिशन आवश्यक है। परमिशन के लिये वनरक्षी पांच हजार रुपये घूस मांग रहा था। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसीबी हजारीबाग से की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की जांच की। इसके बाद मंगलवार को एसीबी की टीम आरोपित वनरक्षी को चार हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपित वनरक्षी को एसीबी की टीम अपने साथ ले गयी।

## गौतम ने रक्तदान कर बचायी महिला की जान



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने इचाक प्रखंड के देवकुली गांव की 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला बिंदवा देवी को रक्त दान कर जान बचाई।उस बुजुर्ग महिला को खुन व ऑक्सीजन की काफी कमी हो गयी। इस परिस्थिति में जान बचाने के लिए डॉ ने 5 यूनिट ब्लड व्यवस्था करवाने की बात कही। सुचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे और रक्तदान कर बुजुर्ग महिला की जान बचाई गयी। गौतम रक्तदान में हमेशा बढ़चढ़कर हिस्सा लेते रहते है। अभी तक वे 46 बार रक्तदान कर चुके है और जीवनकाल तक रक्त दान करने का भी शपथ लिए है।

## विधायक की गलत नीतियों का भाजपा ने किया विरोध



पदमा (आजाद सिपाही)। मंगलवार को पदमा प्रखंड मुख्यालय में भाजपा प्रखंड इकाई पदमा के द्वारा एकदिवसीय धरना का आयोजन मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता के नेतृत्व में किया गया।धरना का मंच संचालक बुधन साव ने किया। यहां भाजपा वक्ताओं ने वर्तमान विधायक के गलत नीतियो का विरोध किया। वहीं बतौर मुख्य अतिथि मनोज कुमार यादव ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान बरही विधायक की नीतियां पूरी तरह जनविरोधी है। अधिकारी कानून संगत कार्य करे। क्षेत्र में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है तथा अधिकारी मनमानी पर उतर आये हैं। वहीं सुबोध यादव और अवध यादव ने सैकड़ो लोगों के बीच भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपाइयो ने दोनो भाइयों का जोरदार स्वागत किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, वरिष्ठ नेता नारायण यादव, सुरेंद्र गुप्ता, प्रमुख वीणा देवी, मुखिया सबिता देवी, मुखिया चंचला कुमारी, उपमुखिया चिंतामणि यादव, अशोक यादव, सुरेंद्र रिख्यासन के अलावा सैकड़ो भाजपाई धरना कार्यक्रम में शामिल हुए।

## चलकुशा प्रखंड में 20 सूत्री की बैठक



चलकुसा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के प्रखंड सभागार में 20 सूत्री की बैठक सलीम अंसारी की अध्यक्षता में हुई। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश भंडारी ने किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश भंडारी ने नये मतदाताओं का नाम जोड़ने पर विशेष ध्यान देनें को कहा। चलकुसा में बिजली बिल जमा करने के लिए नये कार्यालय की मांग की गयी। प्रखंड के सभी पंचायतों में अधूरे पड़े कार्यो को पूरा करने का निर्देश दिया गया। 20 सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी ने खराब पड़े जलमीनार को ठीक करने, पेयजल पानी की सप्लाई प्रत्येक दिन करने, पंचायत अलगडीहा के ग्राम नरैना, दिगवार तथा भिखनाड़ीह में सप्लाई पानी का कनैक्शन देने, अधूरे पड़े आंगनवाड़ी के भवन को बनाने की मांग की। अरुण चौधरी मानगो मोंड़ से सुदन होते हुए कटघरा जाने वाले सड़क को बनाने के साथ ही, अलगडीहा से बडानो, सुदन से तिलैयाटांड, तथा चौबे से कर्मा बाबा तक सड़क मरम्मत की मांग की। 20 सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी ने प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी से सेवाटांड पंचायत के पलमा मोड में एक उप स्वास्थ्य केंद्र की मांग की। प्रखंड बाल विकास पदाधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्र की प्रत्येक माह की बैठक चलकुसा में 26 तारीख को होगी। मौके पर अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर, प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नीलू रानी, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी नम्रता प्रिया, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, महिला पर्यवेक्षिका अनुश्री, संजुक्ता, एम टोप्पो, अरुण चौधरी रंजीत रजक इत्यादि लोग मौजूद थे।

## केरेडारी प्रमुख ने विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण



केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों का औचक निरीक्षण कियो इस औचक निरीक्षण के दौरान नव सृजित प्राथमिक विद्यालय तरहेसा, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र तरहेसा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बकचोमा,नव सृजित प्राथमिक विद्यालय फूसरी,राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनातू भी पहुंची जहां कई तरह की गड़बड़ियां देखने को मिली नव सृजित प्राथमिक विद्यालय तरहेसा में मध्यान भोजन में गड़बड़ी देखने को मिली और बच्चों की दैनिक उपस्थिति पंजी में दर्ज उपस्थिती की अपेक्षा कक्षा में छात्रों की उपस्थिति कम पायी गयी । वहीं मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र तरहेसा में भी बच्चों की उपस्थिति कम पायी गयी जबकी हाजरी पंजी में बच्चों की संख्या अधिक थी। जिस पर सेविका को सुधार लाने की बात कही वहीं तरहेसा स्कूल के सचिव को भी मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी पर आवश्यक सुधार लाने की बात कही उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनातू और नव सृजित प्राथमिक विद्यालय फूसरी तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय बकचोमा में पहुंचकर दैनिक हाजरी पंजी का मिलान और बच्चों की उपस्थिति मध्यहान भोजन समेत अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने की बात कही।

## ग्रामीणों की शिकायत पर सीओ ने अतिक्रमण का लिया जायजा



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहरा कला में सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमण का सीओ श्री कांत लाल मांझी और थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने जायजा लिया। विदित हो शांति समिति की बैठक में कोनहरा कला के ग्रामीणों ने स्कूल और आम गैरमजरुवा भुमि पर किये अतिक्रमण से रास्ते में हुए जल जमाव की शिकायत पदाधिकारियों से की ग्रामीणों ने कहा कि रास्ते में जल जमाव के कारण आवागमन में लोगों को काफी परेशानियां हो रही है। जिसपर संज्ञान लेते हुए पदाधिकारियों ने कोनहरा कला पहुंचकर अतिक्रमण का जायजा लेते हुए जेसीबी से रास्ते में जमे पानी को निकाला गया। वहीं सीओ ने कहा कि स्कूल और खाता संख्या 88 प्लाट संख्या 2979 आम गैरमजरुवा भुमि पर किये गये अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। जल्द ही वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए कारवाई की जाएगी। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने पदाधिकारियों का आभार जताते हुए जल्द अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग कि है। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया अब्बास अंसारी,रहमत अंसारी, जीवन यादव, मुकेश यादव, महावीर यादव, अब्दुल मंसूर कादरी, श्यामलाल सिंह,फलजीत यादव, भुनेश्वर राणा, इब्राहिम मियां समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## लिंग परीक्षणऔर भ्रूण हत्या के मामले में डॉ सीमा और सहयोगी अनीशा को दो-दो साल की सजा



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा व्यवहार न्यायालय की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी वैशाली श्रीवास्तव की अदालत ने लिंग परीक्षण और भ्रूण हत्या के मामले में झुमरीतिलैया डॉक्टर गली स्थित धन्वन्तरी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की डॉक्टर कुमारी सीमा औरं उनकी सहयोगी अनीशा खातून को दो वर्ष के सश्रम कारावास औरं पांच-पांच हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। ज्ञात हो कि झुमरीतिलैया स्थित धन्वन्तरी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में अवैध रूप से गर्भवती महिलाओ का लिंग परीक्षण कर भ्रूण हत्या किये जाने की शिकायत पर कोडरमा के तत्कालीन उपायुक्त के निर्देश पर एक टीम गठित कर दिनांक 27 मई 2019 को उक्त क्लिनिक में छापामारी की गयी तथा उक्त क्लिनिक की डॉक्टर कुमारी सीमा और उनकी सहयोगी अनीशा खातून को गर्भवती महिलाओ का लिंग परीक्षण कर भ्रूण हत्या के मामले में पकड़ा गया। छापामारी टीम के संतोष सिंह द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के आधार पर तिलैया थाना कांड स. 80/19 दर्ज किया गया था। इस वाद का विचारण कोडरमा की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी वैशाली श्रीवास्तव के न्यायालय में किया गया। न्यायालय ने इस कांड की गंभीरता को देखते हुए चार वर्ष में ही फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष की ओर से इस कांड में कुल 13 गवाहों का परीक्षण कराया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक लोक अभियोजक अन्जलीना बारला एवं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जयप्रकाश नारायण एवं कुमार रौशन ने अपनी दलीलें पेश की। कांड की आरोपी डॉक्टर कुमारी सीमा एवं उनकी सहयोगी अनीशा खातून को पीसीपीएन डी टी एक्ट की धारा 23 के तहत दोषी पाते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन से गिरी महिला की इलाज के दौरान मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जालियांवाला बाग एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला कोडरमा स्टेशन पर उतरने के दौरान सोमवार की देर शाम असंतुलित होकर ट्रेन के नीचे गिर गयी। जिसके बाद ट्रेन के यात्रियों ने चेन पुलिंग कर गाड़ी को रोका। इस दौरान स्टेशन ड्यूटी में तैनात रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा की टीम और अन्य रेल कर्मियों के द्वारा तत्काल महिला को ट्रेन के नीचे से निकाला गया और बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। घायल महिला ने अपना नाम किरण देवी (उम्र 45 वर्ष, पति राजू साव, न्यू कॉलोनी, कोडरमा) निवासी बताया। जब ट्रेन स्टेशन से खुल रही थी उसी समय महिला ने हड़बड़ी में ट्रेन से उतरने का प्रयास किया। जिसके बाद वह असंतुलित होकर ट्रेन के नीचे गिर गयी थी। वहीं सदर अस्पताल कोडरमा में इलाज के दौरान सोमवार की देर रात महिला की मौत हो गयी।

## 2010 बैच की आइएएस सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने संभाला आयुक्त का पदभार

# मिल कर कार्य करें कार्यालय कर्मी: सुमन किस्पोट्टा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने मंगलवार को प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग का पदभार स्वतः ग्रहण किया। आयुक्त के सचिव रवि राज शर्मा ने सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ देकर आयुक्त का स्वागत किया। इससे पूर्व श्रीमती किस्पोट्टा विशेष सचिव राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार विभाग रांची, झारखंड राज्य के पद पर पदस्थापित थी। झारखंड सरकार के अगले आदेश तक श्रीमती किस्पोट्टा प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के पद पर रहकर अपने कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करेंगी। प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग का पदभार संभालने के पश्चात उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में प्रमंडलीय कार्यालय के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों से मुखातिब होकर उनके कार्यों की जानकारी ली। आयुक्त ने प्रमंडलीय कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण करते हुए सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का सुचारू रूप से निर्वहन करने का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने सभी कर्मियों को आपस में समन्वय स्थापित कर मिल-जुलकर कार्य करने का सुझाव दिया। मौके पर आयुक्त के सचिव (क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार) रवि राज शर्मा, अवर सचिव रास बिहारी संग सभी अधिकारीगण और कार्यालयकर्मी मौजूद रहे।



## अडाणी फाउंडेशन के मुफ्त नेत्र जांच शिविर में 39 मरीजों को मिला निःशुल्क चश्मा

# अडाणी फांउंडेशन की कोशिश से आंखों में लौटी रोशनी

आाजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव ।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फॉउंडेशन ने पिछले 17 जून को हरली स्थित पंचायत भवन में दस मुफ्त नेत्र जांच शिविर की शुरूआत की थी। जिसके तहत पहले शिविर में पुरुष और महिलाओं समेत 39 मरीजों को देखने में समस्या हो रही थी। हजारीबाग के नेत्र चिकित्सक परिमल पीयूष ने इनके आंखों की जांच की और उचित पॉवर का चश्मा लगाने की सलाह दी थी, जिसके बाद आज मंगलवार को अडाणी फॉउंडेशन की ओर से पंचायत भवन में सभी मरीजों को चश्मा प्रदान किया। निःशुल्क चश्मा पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की कोशिश से उन्हें नयी दृष्टि मिली है। अब नजदीक के साथ-साथ दूर भी स्पष्ट नजर आने लगा है।



**खर्च और समय दोनों की हुई बचत:** इस अवसर पर लाभान्वित ग्रामीण केवल महतो, ओमप्रकाश कुमार, रामदेशी महतो और तारा देवी समेत अन्य ने कहा कि इससे पहले उन्हें अपने आखों की जांच के लिए हजारीबाग जाना पड़ता था। वहां जाकर डॉक्टर के यहां शुल्क देकर नंबर लगवाना पड़ता था। इसके बाद दुबारा चश्मा लाने के लिए हजारीबाग जाना पड़ता था। इन सभी प्रक्रिया में पैसे खर्च होने के साथ-साथ समय भी लगता था। अब अडाणी फॉउंडेशन के सहयोग से घर बैठे ही डॉक्टर से जांच हो गयी और चश्मा भी घर आ गया।

**अदाणी फॉउंडेशन लगायेगा दस निःशुल्क शिविर:** आने वाले महीनों में अडाणी फॉउंडेशन की ओर से विभिन्न गावों में कुल दस मुफ्त नेत्र शिविर लगाये जायेंगे और डॉक्टर की सलाह पर मरीजों को आवश्यक दवाईयां और चश्मा निशुल्क प्रदान किया जायेगा। कार्यक्रम में खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, उप महाप्रबंधक संजय कुमार, सेवानिवृत डीएसपी सूर्यकुमार सिंह और सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता, शरद मिश्रा आदि मौजूद थे।

**लगातार जारी है सामाजिक दायित्वों का निर्वहन:** अडाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों में लगातार सामाजिक दायित्वों का निर्वहन जारी है। फॉउंडेशन ने हाल ही में 70 टीबी के नये मरीजों को गोद लिया है। इससे पहले गोद लिए गये 60 टीबी मरीजों में अधिकतर स्वस्थ हो चुके हैं। फॉउंडेशन की ओर से गावों में निःशुल्क हेल्थ कैंप लगाये जा रहे हैं, जहां लोगों को दवाइयां और उचित परामर्श दिया जाता है। हरली हाइ स्कूल में बच्चों के लिए विज्ञान विषय के स्पेशल टीचर नियुक्त किये गये हैं। आने वाले दिनों में अदाणी फॉउंडेशन की ओर सीएसआर के तहत और भी कई कार्य किये जायेंगे, जिससे ग्रामीणों का जीवन और सुगम होगा।

## बरसात के इस मौसम में भी झुग्गी-झोंपड़ी में रहने को मजबूर है दलित परिवार

# मुखिया और अधिकारियों के चक्कर लगा कर परेशान है परिवार

पिंटू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड में हेमंत सरकार भले ही आवास योजना चला रही हो लेकिन आज भी कई ऐसे गरीब है जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना ,आंबेडकर आवास योजना का लाभ नहीं मिला कई बार मुखिया, सरपंच सहित राजस्थानी जनप्रतिनिधियों से मिलकर आवास देने के लिए गुहार लगा चुके हैं लेकिन आज भी यह गरीब परिवार झुग्गी झोपड़ी में रहने को विवश है। गर्मी के दिनों में तो जैसे तैसे यह परिवार अपना गुजर-बसर कर लिया परंतु अब बरसात के दिनों में अपना गुजारा कैसे करेगा यह डर परिवार वालों को सता रहा है। यह गरीब परिवार पिछले दो सालों से झोपड़ी में रहने को मजबूर है। बावजूद इसके अधिकारियों और पंचायत के प्रतिनिधियों को नींद नहीं खुली। बड़कागांव थाना क्षेत्र के चंदौल पंचायत के बचरिया मोहल्ला में रहने वाले कार्तिक भुईया का परिवार का बुरा हाल है इस परिवार के पास ना रहने के लिए मकान है और ना ही कोई निश्चित आय का स्रोत। कार्तिक भुईया दिहाड़ी मजदूर है और अपने परिवार का इकलौता कमाऊ व्यक्ति है। पत्नी कुलेश्वरी देवी अपने एक साल की बच्ची अदीति कुमारी सहित संगीता, आरती, सृष्टि, माही के साथ झोपड़ी में बिताती है। कुलेश्वरी देवी ने बताया कि हमने कई बार स्थानीय मुखिया सरपंच, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आवास के लिए गुहार लगायी हो परंतु आश्वासन के सिवा हमें कुछ नहीं मिला। बरसात के दिनों में हमारा झोपड़ी से पानी जूते रहता है रात भर हमारा परिवार जग कर बिता देते हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि हमेशा जंगली जानवरों और सांप बिच्छू का भी उधर सताते रहता है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां के जनप्रतिनिधियों के द्वारा आवास बढ़िया-बढ़िया लोगों को दे दिया जाता है परंतु इस गरीब परिवार को आवास अब तक नहीं मिला है जो काफी निंदनीय है।



## कुवैत में फंसे विष्णुगढ़ के मजदूर के परिजन ने घर वापसी की गुहार लगायी

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ प्रखंड के खरकी पंचायत स्थित लंबकीटांड के कार्तिक हांसदा के पुत्र दशरथ हांसदा जो पिछले नौ महीने पूर्व रोजी रोटी की तलाश में कुबैत गया था। वह रांची खलारी एजेंट के माध्यम से कुवैत गया । एजेंट एक सप्ताह बाद दशरथ हांसदा को अकेला छोड़कर वहां से भाग गया। मजबूर होकर चार महीने तक वहां काम किया। सैलरी नहीं मिलने पर उन्होंन अपने मालिक से अपनी सैलेरी और पासपोर्ट मांग की। न उसे सैलेरी दिया न पासपोर्ट। मजबुर होकर इंडियन एंबेसी और लेबर कोर्ट का सहारा लिया। पर समस्या का कोई समाधान नही निकाला। मालिक ने उपर से चोरी का केस कर दिया। अपने स्वजनों को किसी दूसरे के मोबाइल से फोन कर अपनी पीड़ा बतायी। कहा कि बचा लीजिए। क्योंकि दिन पर दिन रोजी-रोटी से लेकर खाने पीने की स्थिति खराब होती जा रही है। अब यहां से भी परिजन सरकार से मदद की गुहार लगाई । इधर प्रवासी मजदूरों के हित में काम करने वाले सिकन्दर अली केंद्र और राज्य सरकार से मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में झारखंड में आये दिन कहीं न कहीं से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में तत्काल फंसे मजदूर दशरथ हांसदा की सकुशल वतन वापसी करायी जाय जिससे परिजनों को भी राहत मिलेगी।

## वंदे भारत के पायलट को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



हजारीबाग(आजाद सिपाही)। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मंगलवार को हजारीबाग रेलवे स्टेशन पहुंची। ट्रेन के पायलट को अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित किया गया। सम्मानित करने वालों में बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता, हरीश श्रीवास्तव, कुंवर मनोज सिंह, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील कुमार मेहता, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री रमेश कुमार हेम्ब्रोम, रंजय भारती, बीना मिश्रा, बरगद बाबा डॉ मनोज सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद, भुनेश्वर पटेल, अजय साहू, अनिल गुप्ता, भूषण पांडे, कृष्णा सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गायन और चित्रांकन प्रतियोगिता का शुभारंभ



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। बिरसा चौक स्थित एला एंग्लाइज्ज स्कूल में चार दिवसीय गायन और चित्रांकन प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन केजी प्रधानाध्यापिका अंजू पटेल ने दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में कला वा सामाजिक विज्ञान के शिक्षक सिद्धार्थ कुमार व मोहनलाल बेदीया मौजूद थे। इस दौरान बताया गया कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन करने के लिए विद्यालय में कला और गायन की प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा सम्मानित भी किया जाता है। प्रतियोगिता में अनमोल मुंडा, शैलेश सोनी, नूर, कृति, प्रीति कुमारी, कृष कुमार, अर्पिता यादव, नीकी चौहान, अनुष्का शर्मा, समीर टूटू, ओम प्रकाश माली, स्वीटी कुमारी सहित दर्जनों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

## बकरीद पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर बैठक

# अलर्ट रहें, अफवाहों पर रखें नजर: डीसी

**पीसीआर और पैंथर के जवान संवेदनशील क्षेत्रों का करें भ्रमण: पीयूष पांडेय**

आजाद सिपही संवाददाता

**रामगढ़।** बकरीद पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर मंगलवार को डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसपी पीयूष पांडेय उपस्थित थे। मौके पर डीसी-एसपी ने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर की गयी तैयारियों की जानकारी ली। जिसके बाद उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने पीसीआर और पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने और किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने और अफवाहों को दूर करने के लिए निर्देशित किया। डीसी ने सभी अधिकारियों को पूरे पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया।



### असामाजिक तत्वों पर रखें विशेष नजर

डीसी एसपी ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान रखे। जरूरत पड़ने पर धारा 107 110 और 116 की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर तेजी से अफवाहों के फैलने के मद्देनजर उपायुक्त ने अधिकारियों को सोशल मीडिया और विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखने का निर्देश दिया। वहीं किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने/ शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करायें: एसडीओ

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी मो जावेद हुसैन ने वैसे क्षेत्रों जहां अब तक शांति समिति की बैठक आयोजित नहीं की गयी है, उनमें जल्द शांति समिति की बैठक आयोजित कर सदस्यों के माध्यम से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करने का निर्देश दिया।

## बरकाकाना में रेलवे ट्रैक पर मिला वृद्ध का शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकाकाना।** रेलवे स्टेशन से महज कुछ ही दूरी लूप लाइन पर अज्ञात वृद्ध का शव पाया गया। घटना की जानकारी आरपीएफ को मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ भेजा। आरपीएफ मौत के कारणों की जानकारी के लिए जांच में जुटी। रेलवे पुलिस हरेक बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। अनुमान लगाया जा सकता है कि वृद्ध व्यक्ति की मौत ट्रेन से गिरने से हो सकती हैं। बताते चलें की मृतक ने सफेद लाइनदार कमीज और ग्रे रंग का फुलपैंट पहना था। मृतक की उम्र लगभग 65 वर्ष बतायी जाती है। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है।


## बालिका उच्च विद्यालय, कुजू

ग्राम+ पोस्ट: कुजू, प्रखंड: मांडू, जिला: रामगढ़, राज्य: झारखंड, पिन कोड: 825316

**स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालय हेतु वर्ग 6 से10 तक योग्य उम्मीदवार से आवेदन आमंत्रित**

1) **सहायक शिक्षक:-** हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, जीव विज्ञान, भूगोल, कंप्यूटर अनुदेशक, शारीरिक शिक्षा प्रत्येक विषय में एक पद।
2) **आदेशपाल /परिचारिका:-** महिला पद एक
3) **लिपिक:-**पद एक एसटी एवं एससी को प्राथमिकता।

**उम्र एवं योग्यता:-** झारखंड सरकार के नियमावली के अनुरूप अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति महिला उम्मीदवार को प्राथमिकता।
नियुक्ति हेतु झारखंड राज्य का आवासीय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य है।
**आवेदन देने की अंतिम तिथि:-** 13/07/2023
**साक्षात्कार देने की तिथि:-** 20/07/2023
**साक्षात्कार देने की समय प्रात:-** 10 बजे से

अध्यक्ष के आदेशानुसार
अनीष कुमार गुप्ता
सचिव
बालिका उच्च विद्यालय, कुजू

पत्रांक संख्या :- 47/2023


## बाल विद्या मंदिर में मना स्वच्छता पखवाड़ा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर, आरा में सीसीएल सीएसआर के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के मौके पर वर्ग अष्टम से वर्ग दशम के 30 विद्यार्थियों के बीच निबंध और वर्ग पंचम से वर्ग सप्तम के 30 विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता पर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता कार्यक्रम सीसीएल जीएम ऑफिस, कुजू के सीएसआर मैनेजर तबरेज आलम व सहायक जानकी महतो की देखरेख में हुई। वही, सीसीएल की ओर से विद्यालय को कूड़ेदान प्रदान किये गये। साथ ही, भविष्य में विद्यालय परिवार को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर प्राचार्य रंजीत कुमार सिंह और वरिष्ठ शिक्षिका गुरमीत धीमान ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है। साथ ही, कहा कि बापू जी के सपनों को पूरा करना है। भारत को स्वच्छ बनाना है। वही, सीसीएल परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा की प्रतियोगिता के आयोजन से ही बच्चों में सक्रियता बढ़ती है और बौद्धिक विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनीता कुमारी, रीता कुमारी, सबिता कुमारी का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर शिक्षक शिक्षकेतर समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## धूमधाम से हुई मां विपत्तारिणी की पूजा



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र के चितरपुर मायल बाजार व जवाहर रोड स्थित दुर्गा मंदिर में स्वर्ण वणिक समाज के द्वारा मां विपत्तारिणी की पूजा धूमधाम से की गयी। इस दौरान चितरपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों महिलाएं मंदिर पहुंच कर मां विपत्तारिणी की विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही 13 प्रकार के मिष्ठान व फल, फूल और पकवान का प्रसाद चढ़ाये। पूजा अर्चना का कार्य पुजारी विमल हाजरा और साधन कुमार सामंतों द्वारा कराया गया। महिलाओं द्वारा मां विपत्तारिणी से क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने परिवार की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की गयी। इसके अलावे हर तरह की विपत्तियों को हरने की कामना किया। मां बिपत्तारिणी की विधि विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगा कर अपने परिजनों को घोर विपत्ति से मुक्ति मिलने की कामना की। तत्पश्चात लोगों के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। मौके पर श्यामनारायण पोद्दार, कृतिवास पोद्दार, अशीत चंद्र पोद्दार, गौतम चंद्र पोद्दार, हेमानी देवी, माला चक्रवर्ती रोमा पोद्दार, साथी घोषाल उत्तमा पोद्दार, सीमा पोद्दार इला तिवारी, संध्या देवी, चिंता देवी, ताप्ती पोद्दार, सीमा दत्ता, विभा देवी, माधुरी देवी, अंजलि देवी, नारायण पोद्दार, विवेक पोद्दार, ज्ञानचंद्र पोद्दार, पिंकी देवी, मीना देवी, लीला देवी, निरंजन पोद्दार, अशोक दत्ता, जयंत पोद्दार, आशीष दत्ता, बबलू पोद्दार, श्रीकांत पोद्दार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## एसपी ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# सुरक्षा के लिए प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी लगाना अब आवश्यक : पीयूष पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने बैठक कर कई बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इसके अलावा पुलिसिंग पर लंबी बातचीत किया। बैठक में एसपी पीयूष पांडेय ने चेंबर के पदाधिकारियों से यातायात सुचारू परिचालन के लिए सहयोग की अपील किया। साथ शहर के प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी लगवाने की बात कही। पांडेय ने कहा कि व्यवसायियों को शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान कराना ही हमारी कोशिश रहती है। इसमें आपकी भी सहयोग अपेक्षित है। बैठक में रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, पतरातु एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, हेड क्वार्टर डीएसपी संजीव कुमार मिश्रा, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो, चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल, प्रदीप सिंह, पंकज तिवारी, मानू चतुर्वेदी, मनजीत साहनी सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ कॉलेज में सीएससी-सीआरसी सेंटर का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में मंगलवार को सीएससी सीआरसी सेंटर का शुभारंभ किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद ने फीता काटकर किया। मौके पर सीएससी सीआरसी सेंटर के बारे में जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ प्रसाद ने बताया कि इस स्टूडेंट रिसोर्स सेंटर के कॉलेज कैंपस में खुलने से विशेषकर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को कई प्रकार की ऑनलाइन कार्य आसानी से और रियायती दर पर हो सकेगा। साथ ही अन्य डिजिटल सेवा पोर्टल से मिलने वाली सर्विस का लाभ ले सकेंगे। बताया कि सीआरसी सेंटर संचालक को निर्धारित दर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन से जुड़ी सभी आवश्यक सेवाएं बेहतर ढंग से प्रदान करने का निर्देश दिया। सीएसआर के शिवा प्रसाद, राज कुमार, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन कंसल्टेंट दीपक मिश्रा, रूपेश कुमार महतो के अलावे कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक डॉ सुनिल अग्रवाल, डॉ रत्ना पाण्डे, डॉ सी टी एन सिंह, डॉ बक्शी, ओम प्रकाश सिन्हा, डॉ रामाज्ञा सिन्हा, डॉ आर वी पी देव, दामोदर महतो, विरेन्द्र उरांव, योगेन्द्र राम, चन्दन कुमार, सरयु महतो, सुरेश महतो, आजसू छात्र संघ के जिलाध्यक्ष देवा महतो, जिला कोषाध्यक्ष नीतीश निराला सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


## उपायुक्त-सह- जिला दंडाधिकारी का कार्यालय, खूँटी (जिला भू-अर्जन शाखा)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **भू-अर्जन से संबंधित परियोजनाएं** के लिए अर्जित भूमि के मुआवजा भुगतान संबंधी मामलों का शीघ्र निष्पादन हेतु कैम्प में सशरीर उपस्थिति एवं कागजातों (क्षतिपूर्ति बंधपत्र, वंशावली शपथ पत्र, खतियान एवं लगान रसीद, पारिवारिक बंटवारानामा आदि) की जाँच हेतु पुनः शिविर का आयोजन(समय 11:00 पूर्वा0 से 2:00 बजे अप0 तक) निम्न प्रकार से निर्धारित की गयी है–

| क्र0 | तिथि | परियोजना | षिविर स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | 04.07.2023 | अंचल कर्रा अन्तर्गत सभी परियोजनाएं जिसमें रैयतों को धारा 37 का नोटिस निर्गत किया गया है। | पंचायत भवन, लोधमा |
| 2 | 05.07.2023 | अंचल अड़की अन्तर्गत सभी परियोजनाएं जिसमें रैयतों को धारा 37 का नोटिस निर्गत किया गया है। | पंचायत भवन, अड़की |
| 3 | 06.07.2023 | अंचल कर्रा अन्तर्गत सभी परियोजनाएं जिसमें रैयतों को धारा 37 का नोटिस निर्गत किया गया है। | सामुदायिक भवन, लापा |
| 4 | 07.07.2023 | अंचल तोरपा अन्तर्गत सभी परियोजनाएं जिसमें रैयतों को धारा 37 का नोटिस निर्गत किया गया है। | सामुदायिक भवन, रायसिमला |
| 5 | 08.07.2023 | अंचल मुरहू अन्तर्गत सभी परियोजनाएं जिसमें रैयतों को धारा 37 का नोटिस निर्गत किया गया है। | सामुदायिक भवन, डुडरी |

संबंधित रैयतों से अनुरोध है कि कैम्प में सशरीर उपस्थित होकर कागजातों (क्षतिपूर्ति बंधपत्र, वंशावली शपथ पत्र, खतियान एवं लगान रसीद, पारिवारिक बंटवारानामा आदि) जमा करना सुनिश्चित किया जाय, ताकि मुआवजा भुगतान हेतु अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके। निर्धारित तिथि को आपके द्वारा यदि मुआवजा भुगतान हेतु किसी प्रकार का दावा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो आपको मिलने वाली मुआवजा राशि को न्यायालय में जमा कर दिया जाएगा।

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
खूँटी

PR300970 (Land Reforms)23-24*D



## बाहानगा बजार (बालासोर) रेल दुर्घटना में हताहतों के सभी रिश्तेदारों/निकट संबंधियों के लिए सूचना

भारतीय रेल हाल ही में बाहानगा बजार, जिला बालासोर (ओडिशा) में 02.06.2023 को 12841 शालीमार-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और 12864 एसएमवीबी हावड़ा एक्सप्रेस में हुई रेल दुर्घटना के हताहतों के रिश्तेदारों/निकट संबंधियों से आग्रह करती है कि वे आगे आएं और अभी तक अज्ञात हताहतों के साथ अपनी पहचान एवं संबंध सुनिश्चित करने के लिए डीएनए के नमूने दें।

स्थान
**अकादमी ब्लॉक (कमेटी रूम), AIIMS, भुवनेश्वर**

कृपया निम्नलिखित रेलवे कर्मियों से संपर्क करें

**139**
**रेल-मदद नंबर**

**श्री दिगंबर पाढ़ी, सहायक कार्मिक अधिकारी, मोबाइल - 8455887604**

**श्री विश्वनाथ पाढ़ी, सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक, मोबाइल - 8455885967**

**श्री बी. तपन कुमार, जन संपर्क अधिकारी, मोबाइल - 8455885040**

**श्री विकास कुमार, जन संपर्क अधिकारी, मोबाइल - 8455885041**

**भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर सहायता हेतु : 0674 - 2534027**

**पूर्व तट रेलवे कंट्रोल रूम, भुवनेश्वर पर सहायता हेतु : 8455885999**

**खोरधा रोड स्टेशन पर सहायता हेतु : 8455887999**

भारतीय रेल

(PR-300)


## पूर्व विधायक ममता देवी के प्रयास ने दिखाया रंग

# गोला में जल्द खुलेगा डिग्री कॉलेज

**झारखंड सरकार ने डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए 25 करोड़ दो लाख की दी मंजूरी**

**डिग्री कॉलेज निर्माण की स्वीकृति मिलना सपना सच होने जैसा: ममता देवी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** पूर्व विधायक ममता देवी का प्रयास का असर दिखने लगा है। बहुत जल्द ही गोला में डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इसके लिए झारखंड सरकार कैबिनेट की ओर से प्रशासनिक स्वीकृति कैबिनेट में मिल गया है। साथ ही कॉलेज निर्माण के लिए 25 करोड़ 2 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। बताते चले कि पूर्व विधायक ममता देवी गोला प्रखंड में डिग्री कॉलेज के लिए अपने शपथ लेने के बाद से ही प्रयासरत थी। उनका प्रयास था कि गोला प्रखंड में डिग्री कॉलेज का निर्माण हो। ताकि क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव के छात्रों को शिक्षा ग्रहण में कोई परेशानी ना हो और उन्हीं के प्रयास से डिग्री कॉलेज निर्माण का रास्ता साफ हुआ। ममता देवी लगातार क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा दिलाने की बहुआयामी और बहुप्रतीक्षित अपनी इच्छा को पूर्ण करने के लिए लगी रही। मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों से मिलती रही। इसी का परिणाम है कि गोला में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए एक बड़ी राशि की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। बहुत जल्द कॉलेज का निर्माण होगा।

### कैबिनेट की बैठक में मिली प्रशासनिक मंजूरी

कैबिनेट द्वारा मिली प्रशासनिक स्वीकृति के बाद पूर्व विधायक ममता देवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि विधायक बनने से पूर्व से ही हमारी इच्छा थी की गोला क्षेत्र में डिग्री कॉलेज का निर्माण हो। ताकि आसपास के सभी सुदूरवर्ती क्षेत्र के युवक-युवतियों उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें। जो की गरीबी के कारण अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते है। कई समस्याएं से कई लोग कॉलेज में फीस नहीं दे पाते थे और उन्हें बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। हमारे पूर्व के जनप्रतिनिधि सरकारी डिग्री कॉलेज खोलने के बजाय अब निजी फायदे के लिए अपने नाम पर प्राइवेट संस्थान खोलने में व्यस्त थे। साथ ही कई ऐसे छात्र छात्राओं को गरीबी के कारण पढ़ाई बीच छोड़ना पड़ा था। उसी समय से ठान लिया था और मेरा यह सपना था कि मैं इस क्षेत्र में एक सरकारी डिग्री कॉलेज का निर्माण कराऊं। ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्र के सभी छात्र उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें और राज्य और देश का नाम आगे बढ़ाएं।

# पुरानी दोस्ती, नयी जान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुचर्चित और बहुप्रचारित अमेरिका यात्रा से लगा होने की वजह से उनके मिस्र दौरे को मीडिया में भले ही उस तरह की तवज्जो न मिल पायी हो, लेकिन यह यात्रा भी खासी अहम थी। न केवल दोनों देशों के आपसी रिश्तों के लिहाज से बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति के व्यापक समीकरणों के नजरिये से भी इस यात्रा के निहितार्थ गौर करने लायक हैं। ध्यान रहे, प्रधानमंत्री की इस यात्रा से पहले इसी साल मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी गणतंत्र दिवस के मौके पर चीफ गेस्ट के रूप में मौजूद थे। उससे पहले सितंबर में भारत के रक्षा मंत्री और फिर अक्टूबर में विदेश मंत्री मिस्र की यात्रा पर गये थे। जाहिर है, पिछली सदी में गुटनिरपेक्ष आंदोलन में साथ-साथ लंबी पारी खेल चुके दोनों देश नयी सदी में अपने रिश्तों को नयी ऊंचाई देने को प्रतिबद्ध हैं। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी का ऐतिहासिक सामरिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर करना और पीएम मोदी को मिस्र का सर्वोच्च सम्मान- ऑर्डर ऑफ द नाइल- प्रदान किया जाना दोनों देशों के इसी संकल्प के संकेत हैं। ऐसे संकेत और भी हैं। इसी साल सितंबर में भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में मिस्र को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। मिस्र ब्रिक्स का भी सदस्य बनना चाहता है और भारत इसमें भी उसका समर्थन कर रहा है। ये बातें दर्शाती हैं कि दोनों देश आने वाले दौर में आपसी सहयोग के फायदों को अच्छी तरह समझ रहे हैं। भारत जहां दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और कोरोना महामारी के बाद यूक्रेन युद्ध के चलते चुनौतियों से जूझते मिस्र को सहारा दे सकता है, वहीं मिस्र भी अपने स्ट्रैटेजिक लोकेशन के चलते भारत के लिए कई तरह से मददगार हो सकता है। यह न केवल एशिया को अफ्रीका से जोड़ता है बल्कि स्वेज नहर के जरिए पूरे एशिया को भूमध्यसागर और यूरोप से जोड़ता है। यह 11 करोड़ की आबादी वाला सबसे बड़ा अरब देश है। मुस्लिम विश्व के सबसे प्रभावशाली देशों में शुमार होता है। इस बिंदु पर यह भी याद रखने की जरूरत है कि प्रधानमंत्री ने अफ्रीकन युनियन को जी-20 में जोड़ने का प्रस्ताव किया है। यह पहल न केवल अफ्रीकी देशों के साथ भारत के भावनात्मक जुड़ाव को मजबूती देगी, बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत के प्रभाव में भी इजाफा करेगी। मिस्र के जरिए इन देशों तक पहुंच बनाना भारत के लिए आर्थिक और व्यापारिक सहयोग की नयी संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। ऐसे में जरूरी है कि मिस्र की प्रधानमंत्री की इस यात्रा को इस दौरान हुए एमओयू तक सीमित करके न देखा जाये। बेशक ये कृषि और पुरातत्व जैसे कुछ खास क्षेत्रों में सहयोग की ठोस जमीन तैयार करते हैं, लेकिन दोनों देश सहयोग की जो संभावनाएं आगे देख रहे हैं, उन पर नजर बनाये रखना कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है।

**इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी का ऐतिहासिक सामरिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर करना और पीएम मोदी को मिस्र का सर्वोच्च सम्मान- ऑर्डर ऑफ द नाइल- प्रदान किया जाना दोनों देशों के इसी संकल्प के संकेत हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश स्तर पर मोदी सरकार के 9 वर्षो के कार्यकाल को देखा जाए तो यह सफरनामा वास्तविक मायने में बेमिसाल हैं और लोगों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। इन 9 सालों में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। देश के सभी नागरिक इस अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है एवं पूरी दुनियां को राह दिखा रहा है।**

# झारखंड के लिए ऐतिहासिक है वंदे भारत की सौगात



योगेंद्र प्रताप सिंह



मंगलवार का दिन झारखंड वासियों के लिए मंगल भरा रहा। साथ ही ऐतिहासिक भी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड सहित देश को 5 नयी वंदे भारत रेल की सौगात दी। निश्चित तौर पर झारखंड को मिली यह सौगात राज्य में कनेक्टिविटी में सुधार के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने में बुस्टर डोज का काम करेगी। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने हाल में ही अपने कार्यकाल का सफलतम नौ साल पूरे किए हैं। भारतीय जनता पार्टी 30 मई से 30 जून तक महाजनसंपर्क अभियान का आयोजन कर घर घर जाकर मोदी सरकार की नौ वर्षो की उपलब्धियों को बता रही है। इस कार्यक्रम में आम लोगों की सहभागिता भी देखने योग्य है। लोगों ने इसे हाथो हाथ लिया है।

देश स्तर पर मोदी सरकार के 9 वर्षो के कार्यकाल को देखा जाए तो यह सफरनामा वास्तविक मायने में बेमिसाल हैं और लोगों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। इन 9 सालों में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। देश के सभी नागरिक इस अभूतपूर्व विकास के साक्षी रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है एवं पूरी दुनियां को राह दिखा रहा है। इस दौरान भारत के हर क्षेत्र में विकास की दृष्टि से क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। इस कालखंड में देश के गांव, गरीब, किसान, दलित, आदिवासी, महिला, पीड़ित, शोषित, वंचित, पिछड़े एवं युवा, सभी वर्ग सशक्त हुए हैं। इस दौरान कई ऐसे बड़े और ऐतिहासिक निर्णय लिए गए जो सिर्फ मोदी ही ले सकते हैं। जन धन योजना, आयुष्मान भारत, अनुच्छेद 370 का खात्मा, मुद्रा योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, तीन तलाक को जड़ से समाप्त करना, हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि से लाखों करोड़ों लोगों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आये। कृषि, उद्योग, रोजगार, आवास, परिवहन, विद्युत, पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, सुरक्षा व्यवस्था, धर्म, संस्कृति एवं पर्यावरण आदि क्षेत्रों में मोदी सरकार ने सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किए हैं।

**नौ सालों में मोदी सरकार ने सौगातों से झारखंड की झोली भर दी**

भारत का सांस्कृतिक गौरव लौटाने का श्रेय भी पीएम मोदी के ही खाते में जाएगा। आज जब दुनिया में भव्य राम मंदिर, वाराणसी में मां गंगा और विहंगम काशी विश्वनाथ कॉरीडोर, प्रयागराज के कुंभ, उज्जैन में महाकाल दरबार का जिक्र होता है तब हर भारतीय को गर्व की अनुभूति होती है कि भारत की सांस्कृतिक ख्याति पुनः लौटने लगी है। हाल ही में नई संसद भवन के उद्घाटन में पूरे विधि विधान से राजदंड सेंगोल की स्थापना से हर भारतीय का सीना चौड़ा हो गया है। यह कार्य कोई दूसरी सरकार कर सकती थी क्या ?

प्रधानमंत्री मोदी के खाते में यूं तो राष्ट्रीय स्तर पर पिछले 9 वर्षों के दौरान उपलब्धियां ही उपलब्धियां हैं। बात अगर झारखंड के संदर्भ में की जाए तो 9 सालों में मोदी सरकार ने झारखंड की झोली सौगातों से भर दी है। प्रधानमंत्री जब भी झारखंड की धरती पर आये विकास की सौगात लेकर आए। सौगात देने झारखंड नहीं भी आएं पर उनके दिल में झारखंड रचा बसा है। आज वंदे मातरम् की सौगात इसका उदाहरण है। कई राष्ट्रीय योजनाओं को उन्होंने झारखंड की सरजमीं से लॉन्च कर झारखंड को लॉन्चिंग पैड बना दिया। दुनियां की सबसे बडी हेल्थकेयर योजना व केन्द्र की महत्वाकांक्षी योाजना आयुष्मान भारत की शुरूआत 14 अप्रैल, 2018 को भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रांची से प्रारंभ किया गया। आज यह योजना लोगों के लिए वरदान बनी हुई है। 02 अक्टूबर, 2015 को प्रधानमंत्री ने दुमका में मुद्रा योजना की औपचारिक शुरूआत की। आज इस महत्ती योजना के कारण देश भर के युवक युवतियां खुद तो रोजी रोटी कमा ही रहे हैं दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। इसी दिन खूंटी में कोर्ट परिसर में लगाए गए सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया। इस प्रकार सौर ऊर्जा से संचालित होने वाला खूंटी देश का पहला व्यवहार न्यायालय बना। साहेबगंज मल्टी मॉडल पोर्ट का अप्रैल 2017 में शिलान्यास प्रधानमंत्री द्वारा किया गया और 12 सितम्बर, 2019 को इसका ऑनलाईन उद्घाटन भी उन्होंने किया। यह जलमार्ग आज झारखंड को दुनियां से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। 12 सितम्बर, 2019 को 39 एकड़ में फैले नये झारखंड विधानसभा के भव्य भवन का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया। देश का पहला पेपरलेस विधानसभा यह बना। केंद्र सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित करना झारखंड के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। झारखंड की नतिनी श्रीमति द्रोपदी मुर्मू को देश का पहला आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनाने से हर झारखंडी का सीना चौड़ा होना स्वाभाविक है। अंडमान निकोबार के एक द्वीप का नाम अमर शहीद परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का के नाम रखकर मोदी सरकार ने जता दिया कि झारखंड और झारखंड वासी उनके दिलों में बसते हैं। 12 जुलाई 2022 को देवघर में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट और एम्स का उद्घाटन सहित कुल 16,852 करोड़ रुपए से अधिक परियोजनाओं का एक साथ उद्घाटन और शिलान्यास ने राज्य में विकास योजनाओं की बौछार लगा दी। जिसमें एलिवेटेड रोड के साथ रांची टाटा रोड पर स्टील स्लैग से बनी देश की पहली सड़क का तोहफा शामिल रहा। साथ ही संथाल परगना के पांच जिलों के लिए गैस पाईप योजना भी। इसके अलावा 17 फरवरी, 2019 को हजारीबाग में आयोजित कार्यक्रम में हजारीबाग, दुमका, पलामू में मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन। हजारीबाग, दुमका, पलामू और जमशेदपुर में 500 बेड वाले चार अस्पताल की आाधारशिला। रामगढ और हजारीबाग में ग्रामीण जल आपूर्ति के लिए चार योजना की आधारशिला। 17 फरवरी, 2019 को रामगढ़ में केवल महिला अभियंत्रण महाविद्यालय का उद्घाटन। पूर्वी भारत में अपने तरह का यह पहला और देश भर में तीसरा महाविद्यालय है। 12 सितम्बर, 2019 को प्रधानमंत्री ने देश भर के जनजातीय क्षेत्रों में खोले जा रहे एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल, किसान मानधन योजना और खुदरा व्यपारिक एवं स्वरोजगार पेंशन योजना का भी शुभारंभ किया। 30000 करोड़ से झारखंड में 1570 किलोमीटर फोरलेन सड़क बनाने को केंद्र सहमति जता चुकी है। केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने झारखंड में कई बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। संथाल में जल जीवन मिशन के तहत 118 किमी पाइप लाइन के माध्यम से 780 करोड़ की मेगा जलापूर्ति योजना की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दी है। इस योजना से साहिबगंज, गोड्डा, दुमका तीनों जिले के 3,31,748 घरों के लोग लाभान्वित होंगे। वहीं संताल परगना सहित राज्य में रेल मार्ग का जाल बिछाकर कर यातायात को सुगम बनाने का काम मोदी सरकार ने किया है। इसके अलावा अन्य कई योजनाओं का लाभ झारखंड को मिला है। कहने का तात्पर्य यह है कि मोदी सरकार ने पूरे देश में विकास योजनाओं की गंगा बहाने का काम किया है।

आज दुनिया के लगभग सभी देश प्रधानमंत्री की नीतियों और नेतृत्व से प्रभावित होकर भारत का लोहा मान रहे हैं। यह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सम्मान नहीं है बल्कि देश की बढ़ती ताकत व क्षमता का सम्मान है। मोदी ने भारत को फिर से विश्व गुरू बनाने की ठानी है। भारत ने अतीत में विकसित देशों की दादागिरी को देखा है। अब यह पुराना भारत नहीं है बल्कि मोदी के नेतृत्व वाला नया भारत है। जो घर में भी घुसकर मारना जानता है। अब भारत की छवि ऐसे वैश्विक देश व नेता की बन चुकी है कि रूस यूक्रेन युद्ध समेत तमाम संकट में ये विकसित देश हमारी तरफ भी आशा भरी निगाहों से देखते हैं। अब दुनिया में यह धारणा बन चुकी है कि भारत के पास हर मर्ज की दवा है, भारत की सभ्यता के पास विश्व की तमाम समस्याओं का समाधान है, निराकरण है। आज भारत दुनिया की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। जल्द ही भारत के तीसरी बड़ी अथव्यवस्था होने के आसार हैं। सोचिए अगर पिछले नौ वर्षो में इसकी नींव नहीं रखी गई होती तो क्या इतने सुखद भविष्य की तस्वीर का सच होना तो दूर हम और आप इसकी कल्पना भी कर पाते ? पूरा देश आज मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल पर गर्व कर रहा है, फक्र महसूस कर रहा है।

**(लेखक : झारखंड प्रदेश भाजपा के मीडिया सह प्रभारी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# टाटा स्टील को भारत में सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड के रूप में मिली मान्यता

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को एक बार फिर भारत में सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांडों के लिए मान्यता मिली। बीते दिनों रैंडस्टैड एम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च 2023 में टाटा स्टील ने कर्मचारियों के लिए विश्वास, विकास और देखभाल की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के लिए पुष्टि करते हुए शीर्ष 3 कंपनियों में से एक का स्थान हासिल की थी। इससे पूर्व 2022 में आरईबीआर के द्वारा भारत के शीर्ष 10 आकर्षक नियोक्ता ब्रांडों में से टाटा स्टील एक थी। अब शीर्ष 3 सम्मानित रैंकिंग में अपनी जगह बना ली है। आरईबीआर विश्लेषण भारत के 150 सबसे बड़े नियोक्ताओं की धारणा और गहराई से अध्ययन करती है। साथ ही कर्मचारी मूल्य प्रस्ताव व नियोक्ता आकर्षण जैसे विभिन्न कारकों का मूल्यांकन करती है। इस वर्ष के शोध में 32 वैश्विक बाजारों को शामिल किया गया, जिसमे 163,000 उत्तरदाताओं के व्यापक सर्वेक्षण से जानकारी एकत्र की गई। रिपोर्ट के अनुसार नियोक्ता के चयन के दौरान कार्य, जीवन संतुलन, अच्छी प्रतिष्ठा और आकर्षक वेतन लाभ भारतीय कार्यबल के लिए 3 सबसे महत्वपूर्ण कर्मचारी मूल्य प्रस्ताव संचालक हैं। टाटा स्टील में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट के वाईस प्रेसिडेंट अत्रेयी सान्याल ने कंपनी की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री सान्याल ने कहा रैंडस्टैड एम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च के द्वारा 2023 में भारत के शीर्ष तीन सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांडों में स्थान मिलने पर खुशी हो रही है। यह मान्यता कार्यस्थल को बढ़ावा देने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इससे कर्मचारी भी प्रेरित और सशक्त बनाती है। टाटा स्टील सम्मोहक कर्मचारी मूल्य प्रस्ताव के निर्माण व समावेशी वातावरण तैयार करने को प्राथमिकता देती हैं। जिससे विकास और नवाचार प्रेरित होती है। सम्मान से प्रतिभाशाली कार्यबल में निवेश जारी रखने के लिए प्रेरित करता है और एक अग्रणी नियोक्ता ब्रांड के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करती है। जो एक उज्जवल भविष्य को आकार देने के लिए समर्पित है।बीते 115 वर्षों में टाटा स्टील दुनिया में सबसे अधिक कर्मचारी अनुकूल कंपनियों में से एक होकर उभरी है। मानव संसाधन के क्षेत्र में उद्योग मानक स्थापित करने के लिए जानी जाती है।

# जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्र के लोगों से मिले उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** जिला के उपायुक्त ने सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। मंगलवार को जनता दरवार में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। मौके पर उपायुक्त नें क्रमवार सभी के समस्याओं से अवगत हुये। इस अवसर पर उपायुक्त ने आवेदन संबंधित विभागीय पदाधिकारी को हसतांत्रित कर फरियादियों को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि संज्ञान आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द समाधान किया जायेगा। जनता दरबार में भूमि विवाद, सहिया चयन, मत्स्य विभाग, जाती प्रमाण पत्र निर्गत, कल्याण विभाग संबंधित, ओरिया पंचायत भवन निर्माण समेत विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए। विभिन्न विभाग अंतर्गत योजना से संबंधित प्राप्त आवेदनों में कई आवेदन ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। अन्य के निष्पादन हेतु संबंधित विभाग को हस्तांत्रित किया गया।

# पूर्व सीएम और सांसद के साथ सैकड़ों भाजपाइयों ने सुना 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' का लाइव प्रसारण

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरा होने पर देश भर में भाजपा के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाई जा रही है। मंगलवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ह्लमेरा बूथ सबसे मजबूतह्व संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राधन मंत्री ने मध्यप्रदेश के भोपाल से देश भर के 10 लाख बूथ के लाखों कार्यकताओं को संबोधित किया। । मौके पर पार्टी के वरीय नेतागणों के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। गोलमुरी उत्कल एसोसिएशन सभागार में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शिरकत की। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा बूथ कमेटी विजय की जननी होती है। उसकी हिफाजत करना जरूरी है। मौके पर प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, राजेश शुक्ल, ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, बिनोद सिंह, रामबाबू तिवारी, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, मिथिलेश सिंह यादव, नीरज सिंह, विकास सिंह, कुलवंत सिंह बंटी,भरत सिंह, योगेश मल्होत्रा,अनिल सिंह, डॉ राजीव, जटाशंकर पांडेय, राजन सिंह, पवन अग्रवाल, संजीव सिंह, भूपेंद्र सिंह, संजीव कुमार, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, प्रदीप महतो, अनिल मोदी,जितेंद्र राय, मंजीत सिंह,पप्पू सिंह,नीलू मछुआ, मनोज राम, राजीव सिंह, बोलटू सरकार, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, मणि मोहंती, अमित अग्रवाल, ज्योति अधिकारी, धर्मेंद्र प्रसाद, बिनानंद सिरका, अजीत कालिंदी, मोचीराम बाउरी, सुबोध झा, अमिताभ सेनापति, सुरेश शर्मा, संतोष ठाकुर, ध्रुव मिश्रा, बबलू गोप, हेमंत सिंह, दीपक झा, बिनोद राय, प्रशांत पोद्दार, संजय तिवारी, राजेश सिंह, बरजंगी पांडेय, फातिमा शाहीन, अमरेंद्र पासवान, संदीप शर्मा बौबी, संजय कुमार सिंह, चंचल चक्रवर्ती, रविन्द्र नाथ सरदार, हलधर दास, सुदीप कुमार डे, हेमेंद्र जैन, त्रिदेव चटराज, दीपक पॉल, पवन सिंह, सुनील सिंह मुंडा, शांतनु मुखर्जी, मंटू चरण दत्ता, प्रधान महतो, अशोक सामंत, अप्पा राव, संतोष कुमार, कुमार अभिषेक, अमरजीत सिंह राजा, खेमलाल चौधरी, शैलेश गुप्ता, रमेश नाग, साहेब सिंह, पप्पू उपाध्याय, अभिमन्यु सिंह, महावीर सिंह, अमरेंद्र कुमार, शशांक शेखर, रमेश विश्वकर्मा, गणेश मुंडा, संजीत प्रसाद, रंजीत सिंह, दिलीप पासवान, बंटी अग्रवाल, अतुल प्रभात, सरस्वती साहू, नवजोत सिंह सोहल, बिमला साहू, संजना साहू, सरबजीत कौर समेत अन्य उपस्थित रहे।

# इडी की टीम ने 0.19 एकड़ जमीन को किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिला के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के असंगी मौजा स्थित नव निर्माण बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड में रांची से पहुंची प्रवर्तन निदेशालय की टीम दबिश दी। मंगलवार को टीम ने 0.19 एकड़ जमीन को जब्त कर लिया है। अनुमान लगाया जा रहा है इसमें मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित प्रमाण पाए गए है। हालांकि इस संबंध में ईडी के अधिकारियों ने कुछ भी बताने से मना कर दिया।

वैसे कंपनी परिसर में एक नोटिस चस्पा किया गया है। जिसमें लिखा गया है पीएमएलए स्पेशल कोर्ट के आदेश पर धारा 8(7) प्रीवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट 2002 के तहत कार्रवाई की गई है।

# नाबालिगों को सड़क पर घुमाने की खबर अफवाह : थाना प्रभारी



**आदित्यपुर(आजाद सिपाही संवाददाता)।** बीते दिनों दिंदली बाजार के दुकानदारों की शिकायत पर कथित रंगदारी मांगने की बात पर युवकों को थाना लाने और पहचान के लिए ले जाने के क्रम में तस्वीर पर खुलेआम घुमाने की बात सरासर अफवाह और भ्रामक है। मंगलवार को उक्त बातें थाना प्रभारी राजन कुमार ने कही। उन्होंने कहा आरोपियों के साथ किसी तरह का कोई अमानवीय व्यवहार नहीं की गई। न ही उनके साथ बाल सुरक्षा कानून का उल्लंघन किया गया। लेकिन गलत तरीके से दुष्प्रचारित किया गया। उन्होंने कहा आधार कार्ड मांगने पर नाबालिग होने की जानकारी मिली उसके बाद उन्हें सुरक्षित रखा गया। वैसे सभी बच्चों की उम्र 17 साल से अधिक है। वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी गयी। अबतक शिकायत नहीं मिलने के पर उन्हें डिटेन किया गया। चूंकि गिरफ्त में आए बच्चों का कोई पूर्व में कोई मामला नहीं है। उन्होंने कहा पुलिस का काम किसी के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं है। पुलिस हमेशा क्षेत्र के लोगों का समाज का दुख सुख में रक्षा करने में जुटी रहती है।

उन्होंने बताया कि जिस वक्त बच्चों को लाया गया उनके परिजन भी मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी का 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' संवाद सुना



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया सांसद प्रतिनिधि कार्यालय में मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद को लैपटॉप के माध्यम से सुना। ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद को जिले के सभी बूथों पर बुध कार्यकर्ताओं के द्वारा सुना गया है। साथ ही जिला अध्यक्ष के द्वारा केंद्र सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धि की पुस्तक का उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच वितरण किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रुपनिरंजन सिन्हा, जिला महामंत्री ठाकुर प्रसाद महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिल केसरी, सुमित गोस्वामी, अशोक गुप्ता, विनय जसवाल, राजेश कुमार वर्मा, रामजी ठाकुर, दिलीप तमोली सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बरडीहा के निलंबित राशन डीलर के पक्ष में उतरे सैकड़ों कार्डधारी

**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** बरडीहा प्रखंड मुख्यालय के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार श्यामलाल राम के पक्ष में सैकड़ों लाभुकों के द्वारा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर निलंबित डीलर को पुनः बहाल करते हुए उन्हीं के दुकान से राशन दिलाने की मांग को लेकर मंगलवार को ब्लॉक का घेराव किया। जिसमें 179 राशन कार्ड धारियों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपा है। जिसे बीडीओ सह सीओ सह एमओ अशोक कुमार भारती के जिला की बैठक में भाग लेने जाने के कारण उनकी अनुपस्थिति में प्रधान सहायक राकेश कुमार सिंह को मांग पत्र सौंपा गया। आवेदन में लिखा गया है कि बरडीहा प्रखंड मुख्यालय के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार श्यामलाल राम के ही दुकान से हम सभी को राशन वितरण कराया जाए। क्योंकि वह हम लोगों को घर के नजदीक में हैं एवं उनके द्वारा हम लोगों का राशन नियमित मिलता रहा है। अभी उनके निलंबित होने के बाद लगभग 5 किलोमीटर दूर सलगा डीलर के अनिता स्वयं सहायता समूह के यहां से राशन उठाने के लिए जाना पड़ता है, जिससे हम सभी को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मांग करने वालों में: बबीता देवी, प्रेम शिला देवी, बसंती कुअंर, उर्मिला देवी, मालती देवी, प्रेम- शीला देवी, शारदा देवी, दुःखनी देवी, झूला देवी, माया देवी ,कविता देवी, प्रभा देवी, देवंती कुअंर, शर्मिला देवी, सुनील पासवान ,मीरा देवी, तारा देवी, बिफनी देवी ,पूजा देवी, रीना देवी, सहीत 179 लाभुकों का हस्ताक्षर शामिल है।

### मुक्तेश्वर पांडेय को अनुमंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर किया गया सम्मानित



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जलक्रांति भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा वरिष्ठ नेता मुक्तेश्वर पांडेय को अनुमंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मुक्तेश्वर पांडेय को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित पार्टी नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि झामुमो माटी की पार्टी है। पार्टी द्वारा मुक्तेश्वर पांडेय को अनुमंडल अध्यक्ष बनाया जाना काफी गर्व की बात है। झामुमो कभी भी अपने कार्यकर्ताओं के लिए समर्पित है। वहीं अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जवाबदेही दी है, उसपर मैं खरा उतरूंगा। पार्टी के समर्थन के लिए मैं अपना सारा जीवन समर्पण कर दूंगा। उन्होंने कहा कि आज तक मैंने दूसरी पार्टी में राष्ट्र संगठन के लिए ही काम किया है। पार्टी को मजबूत करने के लिए मैं दिन-रात लगा रहूंगा। हम सभी दोनों नेताओं को लेकर गांव-गांव घर-घर बैठकर सरकार की उपलब्धि बताने का काम करेंगे। कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, अमरनाथ पांडेय, किरण देवी, जिला पार्षद रानी, जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, जिला सचिव कामता प्रसाद, मुकेश सिन्हा, मुखिया वीरेंद्र प्रसाद, पंकज प्रताप देव, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, मनोज डॉन, देवेंद्र सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वार्ड सदस्य सुरजी देवी के निधन पर शोक व्यक्त

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत के वार्ड नं-6 की वार्ड सदस्य सुरजी देवी का पिछले दिनो निधन हो गया। उनके निधन का समाचार सुनकर पंचायत वासियों में शोक की लहर दौड़ गई है। कंचनपुर पंचायत की मुखिया प्रतिमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार भुईयां, झामुमो कंचनपुर पंचायत अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, झामुमो नेता किशोर कुमार ओझा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार रवि, वार्ड सदस्य सह किसान मित्र धर्मेंद्र कुमार यादव उर्फ बाबू सहित अन्य लोगों ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

**कार्यक्रम :** भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के तहत डॉक्टरों, व्यवसायियों व किसानों को किया गया सम्मानित

# मोदी सरकार ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है : रितेश चौबे

**कार्यक्रम में मोदी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल में हुए प्रमुख कार्यो का पर्चा किया गया वितरण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत मेराल उत्तरी मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा की अध्यक्षता में डाक्टर, व्यवसायी व किसानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मोदी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल में हुए प्रमुख कार्यों का पर्चा वितरण किया गया। साथ ही घरों पर स्टिकर लगाया गया। मोदी सरकार तीसरी बार बने इसके लिए समर्थन के लिए 9090902024 पर मिस कॉल कर समर्थन भी दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में ऐतिहासिक काम किया है, जिसका सीधा लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने का काम किया है। देश में किसानों महिलाओं युवाओं के लिए अनेकों योजनाएं चलाई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ही राज्य एवं देश में सुशासन व्यवस्था लागू कर सकता है। मोदी सरकार में देश तरक्की कर रहा है हर जगह जनता खुशहाल हैं कोरोना काल में जब लोगों का नौकरी व्यापार खत्म हो गया था तो उस समय से मोदी सरकार ने गरीब कल्याण अन्न योजना चलाकर लोगों को बचाने का काम किया। युवाओं के लिए कौशल विकास योजना का शुरूआत किया। जिससे युवा प्रशिक्षित हो कर रोजगार व्यापार कर अच्छा से जीवन चला सकें। जिसका सीधा लाभ करोड़ों युवाओं को मिला। किसानों के लिए किसान समृध्दि योजना चलाया गया। जिसमें किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है उन्होंने कहा कि पहले सरकारी आवास के लिए लोगों को भटकना पड़ता था लेकिन मोदी सरकार आने के बाद आसानी से लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिल रहा है गैस सिलेंडर भी लोगों को नहीं मिल पाता था लेकिन आज हर जगह मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पहले स्वास्थ्य के क्षेत्र में अस्पताल की भारी कमी थी लेकिन हर राज्य में प्रमंडल स्तर पर बड़ा अस्पताल बनाए गए हैं पैसे के अभाव में गरीब व्यक्ति ठीक से इलाज नहीं करा सकता था लेकिन मोदी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का सरकारी सहयोग देने का प्रावधान किया। जिसका सीधा लाभ गरीबों को मिल रहा है।

भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर लाल मोहन ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों का सरकार है जो समाज के अंतिम पंक्ति खड़ा व्यक्ति के बारे में सोचकर योजना बनाकर देश को समृद्ध बनाने में लगा हुआ हैं। आनेवाले दिनों में देश फिर से विश्व गुरु बनेगा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा ने कहा कि महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम सभी बुथ स्तर पर हर घर जाकर चलाया जा रहा है मेराल मंडल के सभी घरों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है आनेवाले दिनों में हम लोग फिर से मोदी सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान दर्जनों दुकानदारों व्यवसायियों, किसानों को मोदी सरकार के 9 साल का बुकलेट पर्चा दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी उदय मेहता बिरेन्द्रनाथ मेहता सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## कीटनाशक खाने से महिला और बच्चे की मौत

**मृतका के पिता ने दहेज के लिए पति और ससुराल वालों पर लगाया कीटनाशक खिलाकर हत्या करने का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान गांव में 26 वर्षीय महिला व उसके दो वर्ष के बच्चा की मौत कीटनाशक खाने से हो गई। मृतकों में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान गांव निवासी उदेश यादव की पत्नी बासमती देवी व उसका दो वर्षीय बच्चा शुभम कुमार शामिल है। घटना के संबंध में मृतका के पिता लक्ष्मी यादव ने बताया कि वे अपनी पुत्री की शादी चार वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज के अनुसार भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कैलान गांव में उद्देश यादव के साथ की थी। जिसमें लगभग लाख रुपए का समान व 50 हजार नगद भी शादी समारोह में दिया था। उन्होंने बताया कि उसके बाद भी 25 हजार और नगद देने की बात थी। जिसे मैं कर्ज में होने के कारण नहीं दे सका। उसी पैसा का आरोप लगाते हुए लगातार हमारी पुत्री के साथ ससुराल के सभी लोग गाली गलौज व मारपीट करते थे। मारपीट की घटना के बाद दो बार गांव में बुलाकर पंचायती भी करायी गयी। इसके बाद से ससुराल पक्ष के द्वारा उसे मारपीट नहीं करने का वादा करते हुए समझौता किया गया था। घटना से एक सप्ताह पूर्व वहीं घटना फिर से हुई थी। जिसमें उदेश यादव, विदेश यादव, गुड्डू यादव, घुरपति कुंअर व देवदत्त यादव आदि लोग प्रताड़ित कर रहे थे। जिसके बाद बासमती के द्वारा अपने पिता को इस बात की सूचना दी गयी। सूचना के बाद पिछले रविवार को मृतक महिला बासमती देवी के पिता लक्ष्मी यादव उसके घर गए हुए थे। काफी बातचीत के बाद समझौता हुआ। जिसके बाद मृतका के पिता बुधवार को अपने घर लौट आये थे।

सोमवार की सुबह एकाएक मेरी पुत्री को यह कहते हुए कीटनाशक खिलाया कि तुम्हारा संबंध किसी अन्य के साथ है और यह बच्चा भी उसी का है। यह बात कहते हुए ससुराल के सभी लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और जबरदस्ती बासमती देवी व नाती शुभम कुमार को कीटनाशक दवा खिला दी।

घटना के बाद जैसे ही आसपास के लोगों की जानकारी मिली तो तत्काल दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार की देर रात दोनों की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

इस संबंध में पुलिस के पदाधिकारी ने कहा कि मां और पुत्र की कीटनाशक दवा खाने से मौत हुई है। जिसे लेकर मेडिकल टीम गठित करा कर पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल मृतका के पिता के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया जा रही है। प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## एंबुलेंस में बारात ले जाकर दूल्हे ने निर्धारित तिथि पर रचायी शादी

**चार दिन पहले दुर्घटना में कुल्हा फ्रैक्चर हो जाने पर डॉक्टर ने रॉड लगाकर सीधा लेटे रहने की दी थी हिदायत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** मात्र चार दिन पहले कुल्हा खिसकने व कुल्हा फ्रैक्चर हो जाने पर डॉक्टर द्वारा रॉड लगाकर सीधा लेटे रहने की सख्त हिदायत के बाद भी लड़के ने पूर्व निर्धारित तिथि व मुहूर्त में शादी रचाई। कांडी थाना अंतर्गत खुटहेरिया पंचायत के बेलोपाती गांव निवासी पुजारी सुदर्शन मिश्र के पुत्र चंद्रेश मिश्र की शादी तय हुई। सभी तिथियां तय की गईं। इस बीच चंद्रेश ने स्विफ्ट डिजायर चार पहिया गाड़ी खरीदी। शादी से संबंधित खरीदारी के लिए 22 जून को गढ़वा जाना पड़ा। गाड़ी खुद चलाकर दो बार गए आए। लेकिन तीसरी खेप में बोकेया में गाड़ी की पेड़ से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें स्टेयरिंग टेढ़ा हो गया। लेकिन एयर बैग ने जान बचा ली। वहीं कुल्हा खिसकने के साथ साथ फ्रैक्चर भी हो गया। डॉक्टर ने रॉड का सपोर्ट देकर कच्चा प्लास्टर कर ऑपरेशन की सलाह दी। इधर अगले दिन ही तिलकोत्सव था। 23 जून को पैर सीधा कर चार आदमी का सहारा लेकर लड़का बैठा और तिलक चढ़ा। इसी तरह 25 जून को एक एंबुलेंस मंगाकर दुल्हा लेटा एवं बारात गई। पलामू जिला के चैनपुर प्रखंड के पनेरीबांध गांव निवासी मिथिलेश मिश्र की बेटी प्रेरणा के साथ शाहपुर के रिवर व्यू होटल में एंबुलेंस से स्ट्रेचर पर उठाकर दुल्हे को मंडप में ले जाया गया। संक्षिप्त कर्मकांड के बाद दर्द से बेजार दुल्हा चंद्रेश ने प्रेरणा की मांग भर दी।


OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER

**JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED**

(Jharkhand Govt. Undertaking)

Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712

(CIN: U45200JH2002SGC012154)

**e-Procurement Notice No. 06 / 2023-24**

Letter No.- SE/3381/04 Date: 27.06.2023

JPHCL, Ranchi invites Percentage rate / item rate bids on approved Bill of Quantity from contractors registered before the publication date of this NIT (For F2)/ interested in registration with JPHCL (For SBD) in appropriate class for the works mentioned below :

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion | For | Type of Bid |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | JPHCL/ GR01/ NIT06/ 2023-24 | Repair/Renovation work of Godown, Watch Tower (6 Nos.) and Prashashanik Bhawan at Sub Jail Khunti in the district of Khunti. | 8113513.00 | 10000.00 | 163000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 2 | JPHCL/ GR02/ NIT06/ 2023-24 | Construction of 25 Bedded Barrack at Mandal Kara Chas, Bokaro in the district of Bokaro. | 8144475.00 | 10000.00 | 163000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 3 | JPHCL/ GR03/ NIT06/ 2023-24 | Repair work Video Conferencing room and Prakosth cell at Mandal Kara, Sakchi in the district of East Singhbhum. | 4875319.00 | 5000.00 | 98000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 4 | JPHCL/ GR04/ NIT06/ 2023-24 | Construction of Kara Chikitshak Kitchen & Repair of Kara Chikitshak & Account Section at Sakchi Jail in the district of East Singhbhum. | 4264062.00 | 5000.00 | 85500.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 5 | JPHCL/ GR05/ NIT06/ 2023-24 | Construction of central watch Tower at Sakchi Jail in the district of East Singhbhum. | 3980000.00 | 5000.00 | 79600.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 6 | JPHCL/ GR06/ NIT06/ 2023-24 | Remaining Construction work of Magazine Building at SIRB-02, Khunti in the district of Khunti | 9780334.00 | 10000.00 | 196000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 7 | JPHCL/ GR07/ NIT06/ 2023-24 | Repair work of Potahut Barrack no. 3 to 8 at JAP-02 Tatisilwai in the district of Ranchi | 8579409.00 | 10000.00 | 172000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 8 | JPHCL/ GR08/ NIT06/ 2023-24 | Repair work of Potahut Barrack no. 9 to 14 at JAP-02 Tatisilwai in the district of Ranchi | 8579409.00 | 10000.00 | 172000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 9 | JPHCL/ GR09/ NIT06/ 2023-24 | Repair work of Barrack (Magazine), Barrack (Near Market Plaza) Barrack (13) & Barrack (15) at JAP-02 Tatisilwai in the district of Ranchi | 8257365.00 | 10000.00 | 166000.00 | 180 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 10 | JPHCL/ GR10/ NIT06/ 2023-24 | Construction of Kitchen & Dining Hall (Block-2) at JAP-09 Sahebganj in the district of Sahebganj. | 6886210.00 | 10000.00 | 138000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 11 | JPHCL/ GR11/ NIT06/ 2023-24 | Construction of Kitchen & Dining Hall (Block-3) at JAP-09 Sahebganj in the district of Sahebganj. | 6886210.00 | 10000.00 | 138000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 12 | JPHCL/ GR12/ NIT06/ 2023-24 | Construction of Kitchen & Dining Hall (Block-4) at JAP-09 Sahebganj in the district of Sahebganj. | 6886210.00 | 10000.00 | 138000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 13 | JPHCL/ GR13/ NIT06/ 2023-24 | Construction of Kitchen & Dining Hall (Block-5) at JAP-09 Sahebganj in the district of Sahebganj. | 6886210.00 | 10000.00 | 138000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 14 | JPHCL/ GR14/ NIT06/ 2023-24 | Construction of Kitchen & Dining Hall (Block-2) at IRB-01 Jamtara in the district of Jamtara. | 7046239.00 | 10000.00 | 141000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 15 | JPHCL/ GR15/ NIT06/ 2023-24 | Construction of Kitchen & Dining Hall (Block-3) at IRB-01 Jamtara in the district of Jamtara. | 7046239.00 | 10000.00 | 141000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 16 | JPHCL/ GR16/ NIT06/ 2023-24 | Construction of Kitchen & Dining Hall (Block-4) at IRB-01 Jamtara in the district of Jamtara. | 7046239.00 | 10000.00 | 141000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 17 | JPHCL/ GR17/ NIT06/ 2023-24 | Construction of Kitchen & Dining Hall (Block-5) at IRB-01 Jamtara in the district of Jamtara. | 7046239.00 | 10000.00 | 141000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 18 | JPHCL/ GR18/ NIT06/ 2023-24 | Construction of 09 Toilet and 07 Bath (Block-2,3 & 4) at IRB-01 Jamtara in the district of Jamtara. | 7776285.00 | 10000.00 | 156000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 19 | JPHCL/ GR19/ NIT06/ 2023-24 | Construction of 09 Toilet and 07 Bath (Block-2,3 & 4) at at JAP-09 Sahebganj in the district of Sahebganj | 7768575.00 | 10000.00 | 156000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |
| 20 | JPHCL/ GR20/ NIT06/ 2023-24 | Construction of 09 Toilet and 07 Bath (Block-5,6 & 7) at at JAP-09 Sahebganj in the district of Sahebganj | 7768575.00 | 10000.00 | 156000.00 | 240 Days | Only registered Contractors | Percentage rate/F2 |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available online on e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** from 04.07.2023 at 11:00 AM to 19.07.2023 up to 5:00 PM. Bids must be submitted online only at the e-tendering portal **http://jharkhandtenders.gov.in** on or before 5:00 PM on 19.07.2023. Hard copy of Earnest Money, Cost of BOQ and Affidavit must be submitted in the office of undersigned on or before 4:00 PM on 20.07.2023. Technical Bids received online will be opened at 11:00 AM on 21.07.2023.
3. Estimated Cost may vary.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

**Sd/- Superintending Engineer, JPHCL, Ranchi**


**बैठक :** मुस्लिम समुदाय ने केंद्रीय मंत्री गडकरी और मंत्री मिथिलेश के प्रति जताया आभार

# अचला कब्रिस्तान पर फ्लाइओवर की स्वीकृति मिलने पर जतायी खुशी

**केंद्रीय मंत्री ने दल व राजनीति से ऊपर उठकर जनता की भावनाओं को प्राथमिकता दी है : जैनुल आबेदीन खान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** मुस्लिम समुदाय के लोगों की बैठक आयोजित की गई। शहर के मदरसा रोड स्थित मदरसा तब्लीगुल इस्लाम में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता अंजुमन के जिला सदर जैनुल आबेदीन खान उर्फ मदनी खान ने की। बैठक में अचला कब्रिस्तान पर फ्लाईओवर की स्वीकृति मिलने पर लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही केंद्रीय मंत्री गडकरी व मंत्री मिथिलेश के प्रति आभार जताया। साथ ही लोगों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को काफी संवेदनशील व हर दिल अजीज मंत्री तथा मंत्री मिथिलेश ठाकुर को धुन का पक्का व काम के प्रति ईमानदार बताया है।

मौके पर गढ़वा जिला सदर जैनुल आबेदीन खान ने कहा कि केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कि संवेदनशीलता एवं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के लगातार प्रयास से अचला में फ्लाईओवर निर्माण की सहमति बनी है। इसके लिए मंत्री नितिन गडकरी एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर का गढ़वा वासियों की ओर से वे आभार व्यक्त करते हैं। इस कार्य में मंत्री मिथिलेश ठाकुर और झारखंड प्रदेश के मुखिया हेमंत सोरेन का प्रयास रंग लाया है। उन्होंने कहा कि मंत्री नितिन गडकरी ने देश के संवेदनशील नेता के रूप में बड़ी पहल करते हुए मानवता को प्राथमिकता दी है। इन्होंने दल व राजनीति से ऊपर उठकर जनता की भावनाओं को प्राथमिकता दी है। इनके विचारों से देश और मजबूत व एकजुट होगा। यहां के कुछ स्थानीय नेता अब भी रुकावट डालने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। खुदा वैसे लोगों को सद्बुद्धि दें। उन्होंने कहा कि बाईपास का सीमांकन पूर्व में कब्रिस्तान के बाहर से किया गया था, परंतु कुछ लोगों ने अपनी राजनीतिक लाभ के लिए मैप में बदलाव करा कर निर्माण कार्य को पेंचीदा बना दिया। इस कार्य में सफलता का पूरा श्रेय मंत्री नितिन गडकरी की विचारधारा एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रयास का है। इसमें गढ़वा के दोनों समाज के लोगों का भरपूर प्रयास रहा है। इस निर्णय से मैं दोनों मंत्रियों का भक्त हो हो गया हूं। इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। इस अवसर पर डॉक्टर मोहम्मद यासीन अंसारी, झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी, हाजी निजामुद्दीन अंसारी, झामुमो के जिला संगठन सचिव करीब अंसारी, नसीम अख्तर, आलमगीर अंसारी, मोहम्मद मासूम खान, सिराज खान, जावेद अली अंसारी, मुखराम भारती, अलीजमा अंसारी, मुकद्दर अंसारी, जियाउल हक अंसारी, महफूज कुरेशी, जैनुल अंसारी, इस्तेखार अंसारी, शफीक अंसारी, मोहम्मद आजाद अंसारी, मोहम्मद शमीम अंसारी, आजम अंसारी, मोहम्मद हामिद खां, शौकत कुरेशी, जमालुद्दीन अंसारी, जहांगीर अंसारी, मोहम्मद अ अरमान सिद्दीकी, शोएब अंसारी, मोहम्मद शरीफ अंसारी, जाकिर हुसैन, इबरार अंसारी, इकबाल हुसैन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीणों को बीमारी से बचाव का दिया गया परामर्श



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही: समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के अंतर्गत एचडीएफसी बैंक और बाइफ के द्वारा मुर्कि तोड़ार पंचायत भवन में सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।आयोजित कैंप के माध्यम से छोटी से छोटी बीमारी और घातक बीमारी के बारे में तोड़ार पंचायत के ग्रामीण महिलाएं और पुरुष को बचाव और बरसात के मौसम में रहने तथा खानपान पर विशेष ध्यान रखने की परामर्श डॉ0 रंजिता कच्छप के द्वारा दिया गया, साथ ही फाइलेरिया, मलेरिया, डेंगू, डायरिया, टीबी जैसे घातक बीमारी से बचाव और नियंत्रण पाने पर विस्तार पूर्वक भी जानकारी दी गयी। कैंप के माध्यम से ग्रामीण महिला और पुरुष बच्चों का बीमारी जांच करते हुए नि:शुल्क दवा वितरण किया गया। साथ ही किशोरी बच्चियों को सैनेट्री पैड का वितरण किया गया और उनको हाइजिन मेंटेन करने के लिए जागरूक किया गया।

### स्पेशल मेडिएशन ड्राइव को लेकर पीडीजे ने की बैठक, दिया निर्देश

# 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलाया जायेगा विशेष मध्यस्थता अभियान

**ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन मध्यस्थता से हो : पीडीजे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झालसा रांची के निर्देशानुसार दिनांक 1 जुलाई 2023 से लेकर 30 सितंबर 2023 तक 'स्पेशल मेडियेशन ड्राइव' चलाया जाना है जिसको लेकर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल ने आज लोहरदगा मंडल में कार्यरत सभी न्यायाधीशों के संग अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। इसका उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से दिनांक 1 जुलाई से लेकर 30 सितंबर तक ज्यादा से ज्यादा वादों का निष्पादन करना है। इसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना के बाद मुआवजे के मामले; कुटुंब न्यायालय में लंबित भरण पोषण के मामले, चेक बाउंसिंग के मामले, सुलहनीय अपराधिक मामले, बालू चोरी के मामले, घरेलू हिंसा से संबंधित मामले, 498 ए के मामले, बिजली संबंधित मामले, माप-तौल अधिनियम से संबंधित केस, वन अधिनियम से संबंधित मामले और अन्य वाद शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने उपस्थित न्यायाधीशों को यह कहा कि मध्यस्थता के अंतर्गत सुलझाए जा सकने वाले मामलों को चिन्हित कर नोटिस बोर्ड पर लगाया जाये और पक्षकारों को मध्यस्था के माध्यम से मामले निष्पादन हेतु नोटिस जारी किए जायें। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, तृतीय न्यायाधीश अरविंद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री चंदन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश कुमार, निबंधक सिविल कोर्ट, राज कल्याण और न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल उपस्थित थे। स्पेशल मध्यस्थता ड्राइव के माध्यम से विवाद सुलझाये जाने को लेकर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल ने पांचों मध्यस्थों के साथ भी एक बैठक अलग से किया और कहा कि ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन मध्यस्थता से हो इसका वह प्रयास करें। मध्यस्थों के साथ हुई बैठक में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश के अलावा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश कुमार, मध्यस्थ कुमार चंद्रशेखर, प्रवीण कुमार भारती, हेमंत कुमार सिन्हा, नसीम अंसारी और युगल किशोर प्रसाद उपस्थित थे।

स्पेशल मध्यस्थता ड्राइव को सफल बनाने को लेकर आज पीएलबी की भी बैठक बुलायी गयी है। संपूर्ण बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार के देखरेख में की गयी।

## 20-21 जुलाई को होगा क्षेत्रीय कैरम, टेबल सॉकर, लागोरी प्रतियोगिता का आयोजन



लातेहार (आजाद सिपाही)। जिला केंद्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ, लातेहार में आगामी 20 और 21 जुलाई 2023 को होने जा रही क्षेत्रीय कैरम, टेबल सॉकर, लागोरी प्रतियोगिता में आहूत बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर जी के नेतृत्व में हुआ। बैठक में क्षेत्रीय खेलकूद प्रमुख सुरेश मंडल ने विस्तार पूर्वक योजना को बताया। आगामी खेलकूद का विस्तार पूर्वक योजना निमित्त की गयी बैठक में तय हुआ कि इस आगामी प्रतियोगिता में 250 भैया बहन उपरोक्त तीनों विधाओ में भाग लेंगे। भैया/बहनों के आगमन खेल के प्रारूप, पुरस्कार आदि विषयों पर चर्चा हुई। स्तर पर आगामी खेलकूद का संयोजक सुधांशु कुमार दुबे समिति सदस्य को बनाया गया। बैठक में गरिमामय उपस्थिति अजय कुमार तिवारी प्रदेश सचिव, विद्या विकास समिति झारखंड , नीरज कुमार लाल, निरीक्षक पलामू विभाग, नरेंद्र कुमार पांडे, सचिव विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति, विद्यालय के प्रधानाचार्य, अरुण कुमार चौधरी, खेलकूद प्रमुख कपिल देव प्रमाणिक की गरिमामय उपस्थिति रही।

## कलाकारों ने ग्रामीणों से जिला को नशामुक्त बनाने की अपील की



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा के सूचीबद्ध कला दलों की ओर से मंगलवार को पेशरार और भंडरा प्रखंड में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और जनजागरूकता से संबंधित प्रचार नुक्कड़-नाटक के माध्यम से किया। इसमें अनिता उराँव के नेतृत्व में कुडुख कला केंद्र द्वारा पेशरार प्रखंड के तुईमु पंचायत में, गणेश लोहरा के नेतृत्व में झारखंड के नवा मंजर के कलाकारों द्वारा भंडरा प्रखंड के जमगायी में और लोकनाथ लोहरा के नेतृत्व में कलाकारों ने पेशरार प्रखंड के मुंगो ग्राम में नुक्कड़-नाटक का कार्यक्रम किया गया। इन कार्यक्रमों में राज्य सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं यथा सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, श्रमाधान योजना की जानकारी दी गयी।

## कुष्ठ जागरूकता अभियान का केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण

भंडरा/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। भंडरा प्रखंड क्षेत्र में 15 जून से 28 जून तक चलाया जा रहा कुष्ठ जागरूकता अभियान की जांच सेंट्रल टीम से आये डॉक्टरों के द्वारा की गयी। सेंट्रल टीम में डॉ प्रवीण कुमार डॉक्टर सिद्धार्थ विश्वास थे। इस क्रम में टीम के द्वारा मसमानो और सेमरा पंचायत के गांव में जाकर घर-घर में कुष्ठ जागरूकता अभियान के बारे में पूछताछ की गयी। इस क्रम में टीम के द्वारा क्या-क्या काम किया गया है। सहिया द्वारा क्या जांच की गयी है। इसके साथ ही सेंट्रल टीम के डॉक्टरों ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय को निर्देश दिया कि अभियान के तहत सभी बिंदुओं पर काम करना है। छूटे हुए लोगों का भी जांच कराने का निर्देश दिया गया। टीम के द्वारा मसमानों में 20 घरों में तथा सेमरा में 20 घरों में जांच की गयी। टीम के साथ डॉक्टर संजय, एम पी डब्लू मधु टोप्पो, कार्यक्रम पदाधिकारी मेरी बेक सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी साथ में थे।

# लोहरदगा के प्रीतम को झारखंड फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री वर्ग में मिला द्वितीय पुरस्कार

### महाकवि घासीराम महली पर आधारित है डॉक्यूमेंट्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा :** लोहरदगा के जाने-माने छायाकार और कई फिल्म सहित म्यूजिक एल्बम में विभिन्न माध्यमों से अपनी भूमिका निभा चुके लोहरदगा के न्यू रोड निवासी प्रीतम कुमार को झारखंड फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री के लिए द्वितीय पुरस्कार मिला है। झारखंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 23-25 जून 2023 को सरला बिरला विश्वविद्यालय टाटीसिलवे रांची में चित्रपट झारखंड द्वारा किया गया था। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य से फिल्मकार शामिल हुए थे। इस तीन दिवसीय फिल्म फेस्टिवल में कुल 60 फिल्मों को प्रदर्शित किया गया था। चित्रपट झारखंड द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में फिल्मों का 10 विषय निर्धारित किया गया था। जिसने जनजातीय समाज, झारखंड स्वतंत्रता संग्राम, वोकल फोर लोकल, झारखंड का इतिहास, ग्राम विकास, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सद्भाव, रोजगार सृजन, पर्यावरण, भविष्य का भारत जैसे विषय शामिल थे। इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्देशन लोहरदगा के प्रीतम कुमार ने किया है। जबकि इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म की सोच आशीष कुमार महली की है। इसकी एडिटिंग विश्वजीत परुआ ने की थी। इसमें उदय दत्ता और सरोज उरांव ने अभिनय किया है। संगीत दुर्गा महली का है। जबकि गायक लोहरदगा के जाने-माने नागपुरी गायक धनेश लोहरा हैं। वही सुशांत कुमार घोष ने कैमरामैन की भूमिका निभायी है। झारखंड फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित इस फिल्म को खूब सराहना मिली है। यह फिल्म झारखंड के पहले नागपुरी कवि घासीराम महली के जीवन पर आधारित है। प्रीतम को मिले इस सम्मान को लेकर उनके स्वजनों, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार, फोटोग्राफी एसोसिएशन के सदस्यों और अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## मेरा बूथ सबसे मजबूत के तहत भाजपाइयों ने वर्चुअल मीट किया



चंदवा(आजाद सिपाही)। चंदवा स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में भाजपा मंडल कमेटी चंदवा के द्वारा मेरा बुथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का किया कार्यक्रम कि अध्यक्षता भाजपा मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने की। वही मंगलवार को प्रात: 10:30 बजे से महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बूथ स्तर के कार्यकताओं से टेलीविजन स्क्रीन पर वर्चुअल संवाद कार्यकर्त्ता के साथ लाइव देखा गया। कार्यक्रम की समाप्ति का घोषणा मेरा बूथ सबसे मजबूत के मंडल प्रभारी सह जिला सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने की। मौके पर जिला प्रभारी मेरा बूथ सबसे मजबूत वर्चुअल संवाद में पूर्व जिलाध्यक्ष लाल अमित नाथ शाहदेव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक, रामप्रसाद साहू, रामबृक्ष चौधरी, वरिष्ठ भाजपाई संकर साहू, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, मंडल उपाध्यक्ष संजय साहू, मंजू सिंह, मंडल मंत्री मनीष गुप्ता समेत बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दो साल से पीएम आवास के लिए भटक रही सरिता कुंवर



लातेहार(आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप तुरी टोला ग्राम निवासी सरिता कुंवर का अल्बेस्टर का मकान ओलावृष्टि होने क्षतिग्रस्त हो गया है जिससे सरिता कुंवर को रहने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं आवास के लिए या फीर घर मरम्मत कराने के लिए भी हमलोगों ने कई जगह चक्कर लगाया मगर कहीं भी हम लोगों को सुनवाई नहीं हुई। तब से हम लोगो को रहने में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। आगे भुक्त भोगी ने कहा कि हमारा घर का क्षतिग्रस्त हुए दो साल हो गया मगर हम लोगो को अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ से वंचित कर दिया गया है। जबकी हम लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए ग्राम सभा में नाम चढ़ाया ब्लॉक के भी चक्कर लगाते रहे कई बार आवेदन भी दिया गया। आगे भुक्तभोगी ने जिले के उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास दिलाने की गुहार लगायी है।

# बीस सूत्री की बैठक को हल्के में लेनेवाले विभागीय कर्मी होंगे दंडित : सामुल अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को किस्को प्रखंड 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक अध्यक्ष सामूल अंसारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख सुचित्रा भगत और सीओ सह बीडीओ बुड़ायं सारू मौजूद रहे। इस दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए पिछली बैठक में उठाये गये मुद्दों की समीक्षा की गयी। साथ ही अनुपस्थित रहने वाले हिंडाल्को कंपनी, बैंक आफ इंडिया, बिजली विभाग, वन विभाग, मनरेगा, शिक्षा विभाग 15 वें वित्त विभाग सहित अन्य विभागों को स्पष्टीकरण दिये जाने और बैठक को गंभीरता से नहीं लेने वाले विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राज्य के मुख्य सचिव से पत्राचार के माध्यम से मांग रखे जाने की बात कही गयी। बैठक में प्रमुख सुचित्रा भगत, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, बीएओ सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी शंकर प्रसाद, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार ओडेय़ा सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## बकरीद को लेकर 104 लोगों को 107 का नोटिस जारी

बरवाडीह : बकरीद की शांति व्यवस्था बनायें रखने को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय से थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल 104 लोगों के खिलाफ एक सौ सात का नोटिस जारी करते हुए न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश जारी किया गया है । आदेश को लेकर थाना प्रभारी श्री निवास सिंह ने बताया कि पर्वतीय भागों में शांति व्यवस्था बनायें रखने को लेकर कार्रवाई की गयी है जिसके तहत नोटिस जारी करके न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश सभी को दिया गया है वहीं उपस्थित नहीं होने वालों के खिलाफ वरीय अधिकारियों के आदेशानुसार कार्रवाई भी की जायेगी ।

## बालूमाथ थाना पुलिस ने चान्हो में नक्सली सुल्तान के घर चिपकाया इश्तेहार




बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ थाना पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। कृष्णा यादव बालूमाथ थाना का नामजद आरोपी है, जो पुलिस को चकमा देखर थाने से फरार हो गया था। पीएलएफआई उग्रवादी कृष्णा यादव का घर चान्हो थाना क्षेत्र के करमटोली गांव में है। जहां बालूमाथ पुलिस टीम पहुंची थी। अगर एक महीने के अंदर आरोपी कोर्ट में सरेंडर नहीं करता है तो घर की कुर्की जब्ती कर ली जायेगी। इस अभियुक्त पर बालूमाथ थाना कांड संख्या 170 /18 धारा- 25(1) ए/ 26/35/आर्म्स एक्ट और 4/5 विस्फोटक अधिनियम दर्ज है। इस अभियान में पुअनि दुती कृष्णा महतो और चान्हो थाना के पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## प्रखंड कार्यालय में दूसरी बार जनता अधिकार दिवस का हुआ आयोजन




बरवाडीह (आजाद सिपाही): बरवाडीह प्रखंड परिसर में मंगलवार को प्रखंड प्रशासन के द्वारा जनता अधिकार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे प्रखंड के जीप सदस्य संतोषी शेखर, पूर्वी जीप सदस्य कन्हाई सिंह, बीडीओ राकेश सहाय समेत अन्य ने दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरूआत की। जनता अधिकार दिवस कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड वासियों के द्वारा जिला अनुमंडल कार्यालय और प्रखंड कार्यालय में आयोजित पूर्व के जनता दरबार के दौरान दिये गये आवेदनों पर अब तक हुई कार्रवाई का हिसाब देने का काम प्रखंड प्रशासन के माध्यम से किया गया। जहां काफी संख्या में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने शिरकत कर अपने शिकायतों की वर्तमान कार्यवाही स्थिति को जानने का काम किया । इस दौरान पेयजल की समस्या के साथ-साथ भूमि विवाद से जुड़े मामलों राशन पेंशन को लेकर लगभग 2 दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। इस कारण मौके पर प्रखंड सहायक सुषमा कुमारी, अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद, अंचल सहायक पूनम कुजूर, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी त्रिवेणी राम, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह समेत काफी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीण मौजूद थे।

# पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबंधित बैठक हुई

**उपायुक्त की अगुवाई में सेंट्रलाइज्ड किचन से संबंधित समीक्षा की**

आजाद सिपाही संवाददता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबंधित बैठक हुई। बैठक में जिला के विद्यालयों में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के संचालन संबंधी चर्चा हुई जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा बताया गया कि उक्त योजना का लाभ जिला के 50,031 विद्यार्थियों में संचालित की जा रही है। सत्र 2023-24 के प्रथम त्रैमास (अप्रैल, 2023 से जून 2023) का चावल/खाद्यान्न कुल 348 एमटी खाद्यान्न का आवंटन के विरूद्ध आदेश प्राप्त होने के उपरांत चावल उठाव कर स्कूल स्टेप डिलिवरी के माध्यम से सभी चिन्हित विद्यालयों में चावल उपलब्ध करा दी गयी है। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि विद्यालयों में प्रतिदिन की उपस्थिति और मध्याहन भोजन से संबंधित एसएमएम ससमय और सही प्रारूप में भेजना सुनिश्चित करें।

## भाजपा का मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का आयोजन



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भाजपा नगर मंडल कार्यालय अटल भवन में मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में सभी कार्यकर्ताओं, जेष्ठ श्रेष्ठ और आम जनो ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस कार्यक्रम में भाग लिया। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह, राजकिशोर महतो कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने बूथ के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कर हम सबमें जोश भर दिया है। कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद के दौरान मोदी जी ने कहा कि आज सभी घोटाले बाजों का जमावड़ा लग रहा है। ताकि अपनी प्रतिष्ठा बचा सके। परन्तु सारी जांच एजेंसी अपना काम करती रहेगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमे मोदी जी को साथ देने की आवश्यकता है। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 10 लाख कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया जिससे कार्यकर्ताओं में जोश भर गया। क्योंकि भाजपा बुथ स्तर पर सांगठनिक रूप से मजबूत है। कार्यक्रम को ओमप्रकाश सिंह, राजकिशोर महतो ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मिथुन तमेडा, दीपक साहू, संजय वर्मन, राजेश महतो, मुरलीधर अग्रवाल, बिंदिया देवी, सरस्वती देवी,अशोक आदि अनेक लोग उपस्थित हुए।

## आजसू ने भ्रष्टाचार के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

लोहरदगा(आजाद सिपाही): कैरो प्रखंड मुख्यालय के समीप मंगलवार को प्रखंड आजसू पार्टी के तत्वावधान में प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत के अध्यक्षता में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित विधान सभा प्रभारी सह पूर्व प्रत्याशी आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने झारखंड सरकार के खिलाफ हमला बोलते हुए कही कि झारखंड में जब सेजेएमएम, कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनी है चारो ओर भ्रष्टाचार का बोल बाला है। बिना लेन देन के कोई भी काम करना बड़ा कठिन हो गया है। आज अफसर शाही हावी है। झारखंड की गठबंधन की सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है जनता गठबंधन की इस सरकार से ऊब चुकी है भय भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। क्षेत्र की जनता आशा भरी नजरों से आजसू पार्टी की ओर देख रही है। धरना प्रदर्शन के बाद एक प्रतिनिधि मंडल प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल पदाधिकरी को ज्ञापन सौपा। मौके पर महिला जिला अध्यक्ष अनिता साहू, केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी, अरबिंद यादव, बिपिन सिंह, हेमंती देवी, ब्रजेश राम सहित अन्य उपस्थित थे।

### एसटीआइ/आरटीआइ ट्रेनिंग और अहाना इएमटीसीटी कार्यक्रम की समीक्षा

# 2024 तक एचआइवी संक्रमण उन्मूलन का लक्ष्य : सीएस

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** स्वास्थ्य विभाग और सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय एक दिवसीय एसटीआई/आरटीआई ट्रेनिंग और अहाना इएमटीसीटी कार्यक्रम का समीक्षा बैठक सिविल सर्जन, लोहरदगा के सभागार पर किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड से चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड डाटा प्रबंधक, स्टाप नर्स, लैब टेक्नीश्यन और अहाना इएमटीसीटी कार्यक्रम के पदाधिकारी उपस्थित हुऐ। प्रभारी सिविल सर्जन, डॉ दीनानाथ सिंह ने बताया कि भारत सरकार ने 2024 तक माँ से बच्चे को एचआईवी व सिफलिस संक्रमण के उंन्मूलन का लक्ष्य रखा गया हैं। उक्त लक्षय कि प्राप्ति पर विशेष रूप से सभी को कार्य करने की जरुरत है। शत प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का एचआईवी और सिफलिस जाँच करवाने के प्रति विशेष पहल करने की जरुरत हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एचआईवी एड्स के प्रसार तथा रोकथाम के तरीकों को बताया। यौन और प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार, गैर संचारी रोग की जानकारी, माहवारी संबंधित जानकारी आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में डॉ सुलामी होरो, जिला आर सी एच पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक आहाना, सिनी के ओमप्रकाश शर्मा, डॉ अर्चना प्रसाद, जाहिद अंसारी (जिला डाटा प्रबंधक), नाजिश अखतर (जिला कार्यक्रम प्रबंधक), बिंदेशवर भगत, मो आबिद, आलोक कुमार, जेवियर हेमन्त कुजूर आदि मौजूद थे।

## ट्रक के धक्के से बाइक सवार घायल, रेफर

कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही): कुडू थाना क्षेत्र के चेटर मोड़ के समीप ट्रक के धक्के से बाइक सवार युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार कुडू प्रखंड क्षेत्र के नंतिलो गांव निवासी शमसुल अंसारी 28 पिता एनुल अंसारी अपनी बाइक से कुडू की ओर आ रहा था तभी चेटर मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने चपेट में ले लिया। जिससे यह हादसा हुआ।

## अमरनाथ के लिए पहला जत्था आज होगा रवाना

लातेहार(आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय से अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था पचास की संख्या मे आज रांची रेलवे स्टेशन से 3:30 बजे ट्रैन से रवाना होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदवा रेलवे स्टेशन से 6:00 बजे और लातेहार से जत्था दुर्गा मंदिर से आरती के बाद अमरनाथ यात्रा के लिए निकलेंगे। श्रद्धालुओ का जत्था अमित कुमार के नेतृत्व मे रवाना होगी। जत्था मे धीरज, सोनू कुमार, अरविंद तिवारी, राहुल कुमार, अमन दुबे, लालचंद वैद्य, राजकुमार, सिराज, विकास, पंकज, रामनाथ अग्रवाल ,जयंत, राजन कुमार समेत पचास श्रद्धालु शामिल है। यहां बताते चले की अमित कुमार द्वारा प्रत्येक वर्ष बाबा बफार्नी के दर्शन हेतु जत्था लेकर अमरनाथ यात्रा पर जाते है। यात्रा पर जाने के लिए पिछले कई महीनों से यात्रा से संबधित तैयारिया की जा रही थी।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 28 जून, 2023
www.azadsipahi.in


# गुमला नगर परिषद ने शुरू की स्वच्छता एंबुलेंस की सेवा




**बारिश में जलजमाव, नाली जाम आदि मामलों में मिलेगी त्वरित मदद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने बरसात के समय होने वाले जलजमाव, नाली जाम आदि की समस्याओं को देखते हुए स्वच्छता एंबुलेंस की पहल की है। अब प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए एम्बुलेंस त्वरित रूप से उपलब्ध रहेगी। स्वच्छता चलंत एंबुलेंस का शुभारंभ मंगलवार को प्रशासक संजय कुमार ने झंडी दिखाकर किया। संजय कुमार ने बताया कि स्वच्छता एंबुलेंस की व्यवस्था फिलहाल दो माह के लिए की गई है। वहीं स्वच्छता एंबुलेंस रूटीन सफाई कार्यों के लिए ना होकर आकस्मिक जरूरत के लिए है। तेज बारिश के बाद जिन इलाकों में व्यापक जलजमाव की समस्या हो वह इस एंबुलेंस का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए उन्होंने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। वहीं बताया कि एक घंटे के अंदर एंबुलेंस पहुंच कर समाधान करेगी। प्रशासक ने कहा शहर के लोग अपने स्तर से शहर की साफ सफाई के लिए प्रयास करें। नालियों में कूड़ा करकट ना डालें।

## मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी व समाज सेवी मुस्लिम खान को किया गया सुपुर्द ए खाक, सैकड़ों लोगों ने दी विदाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अपने जमाने के गुमला शहर के नामी-गिरामी जीएफसी फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी रहे, समाजसेवी झामुमो के वरिष्ठ नेता मुस्लिम खान सोमवार की शाम दुनिया को अलविदा कह गए। मगंलवार को स्थानीय सिसई रोड स्थित गुमला कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द ए खाक किया गया। जनाजे की नमाज जामा मस्जिद के इमाम मौलाना ऐनाम रब्बानी ने पढ़ाई। उनके असामयिक मौत की खबर से उनके चाहने वालों में काफी गम और मायूसी देखी गई। कल देर रात जैसे ही उनके पैतृक आवास आजाद बस्ती में मरहूम का पार्थिव शरीर लाया गया, उनके आवास पर उनके आखरी दीदार के लिए एक हुजूम उमड़ पड़ा और ईश्वर अल्लाह से उनके लिए दुआएं की गयीं। उनके निधन से उनके चाहने वालों में खासकर झामुमो, जामा मस्जिद कमेटी, मोहर्रम कमेटी अन्य सामाजिक संगठनों में उनके साथ समाज के लिए किए गए कार्यों का बखान करते देखे गए। इनके समकालीन फुटबॉल खिलाड़ी वह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आशिक अंसारी ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि मुस्लिम खान एक सामाजिक और बहुत ही अच्छे फुटबॉल खिलाड़ी रहे हैं। वह बहुत ही सहज भाव के इंसान थे और दीनी काम में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया करते थे। उनकी मौत पर दुख प्रकट करने वालों में नगर परिषद के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, एडवोकेट पम्मू आजमी, एडवोकेट मकसूद आलम, एडवोकेट खुर्शीद आलम, इरशाद खान, मिन्हाज उद्दीन, हुसैन खान, खलील अशरफी, शहजाद अनवर, सफदर, अली, तनवीर नाज, सिराज अनवर, सैयद कौसर, तनवीर नाज, अहमद खान (यूको बैंक) समीम खान, सरवर मास्टर, मोहम्मद बन्नू, अधिवक्ता सलाउद्दीन अंसारी, नसीम खान, आफताब आलम लाड़ले, अफसर आलम, नैयर जमील, नसीम खलीफा, एडवोकेट मुमताज, खुर्शीद आलम पप्पू, अनवर खान, मोहम्मद गयास, हाजी आजाद, हाजी आफताब आलम, मजहर खान मोवजिन आदि के नाम शामिल हैं।

## हत्या के मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में मंगलवार को रायडीह थाना क्षेत्र के पारा सीमा गांव निवासी बऊ मुंडा व शिव मुंडा को कमल एक्का के हत्या के मामले में धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ सकती है। अन्य आरोपियों को 10 साल की सजा व 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ सकता है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहम्मद जावेद हुसैन ने पैरवी की। घटना सात नवंबर 2017 है। घटना के दिन पारासीमा गांव के चार युवक क्रमशः दाऊद इब्राहिम एक्का, नीलेश बाड़ा, कमल एक्का व इसाक तिर्की अपनी बाइक में सवार होकर लूंगा गांव स्थित मरियानुस कूजूर के घर शराब पीने गये हुये थे। जहां पहले से दो युवक कपोडीह चापाटोली निवासी छोटू मुंडा व शिव मुंडा शराब पी रहे थे, तभी कमल एक्का दोनों से बात करने लगा। जिसके बाद दोनों शराब पीकर वहां से निकल गये। इसी दौरान शाम करीब छह बजे उपरोक्त चारों लोग शराब पीकर जब बाइक से अपने घर की ओर लौटने लगे, तो रास्ते में घात लगाकर बैठे बाऊ मुंडा व शिव मुंडा ने उन्हें घेर लिया। साथ ही बाइक रुकवाकर चारों के ऊपर टांगी, बलुआ से हमला कर दिया। इस बीच हमले से बचकर दाऊद भाग निकला। इसके बाद वह गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। जिसके बाद ग्रामीण भागकर घटनास्थल पहुंचे, तब देखा कि नीलेश, कमल व इसाक घायल हैं। जबकि आरोपी वहां से भाग निकले हैं। इसके बाद ग्रामीणों ने तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने कमल को मृत घोषित कर दिया, जबकि नीलेश व इसाक को रिम्स रेफर कर दिया गया था। इधर घटना के बाद भाग कर जान बचाने वाले दाऊद के बयान पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## पालकोट गढ़ परंपरा को लेकर अखड़ा उन्नयन और संवर्द्धन कार्यक्रम आयोजित



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** पालकोट प्रखंड अंतर्गत दुर्गा मंदिर में पालकोट गढ़ परंपरा को लेकर अखड़ा उन्नयन एवं संवर्द्धन कार्यक्रम के जरिए संस्कृति, भाषा और साहित्य के विषय पर कार्यशाला, गोष्ठी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यतः पालकोट गढ़ के दामोदर नाथ शाहदेव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही आरती जी उपस्थित रहीं, जिन्होने संस्कृति से पहचान को लेकर प्रेम सौहार्द को बारीकी से बताया। दामोदर नाथ शाहदेव ने सांस्कृतिक सुरक्षा एवं संवर्द्धन करने को कहा। वर्तमान समय की स्थिति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों में सीमा देवी, अनिता देवी, मनी देवी, बांसुरी में लालधारी लोहरा, वादन में नन्द किशोर गोप, शैलवहान भगत, राधेश्याम हांसदा, रामसेवक लोहरा, मसीह जमा, प्रेम शंकर साहू, गणेश साहू इत्यादि लोक कलाकार उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** गुमला में भाजपाइयों ने सुना 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में मोदी का संवाद

# अनुभव और सादगी से कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया पीएम ने : अध्यक्ष

**अपने संवाद में मोदी ने कहा- आज भाजपा अगर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है तो बूथ कमेटी का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** भोपाल में आयोजित मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद में प्रधानमंत्री मोदी को गुमला जिले के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने सुना। इस अवसर पर पीएम मोदी ने पूरे देश से करीब 10 लाख बूथ कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल संवाद किया। जिसमें गुमला भाजपा के कार्यकर्ता उत्कल पॉइंट में मोदी के इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

अपने संवाद में मोदी ने कहा आज भाजपा अगर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है तो बूथ कमेटी का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं को सेवा के माध्यम से सामाजिक नेता बनने पर जोर दिया।

जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि इस संवाद में मोदी ने अपने अनुभव और सादगी को बिल्कुल अछूते अंदाज में रख कर कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया। पीएम ने कहा जमीन पर आए विकास जीवन में आए बदलाव की परिचर्चा कर संपर्क से पार्टी के लिए समर्थन हासिल करें। उन्होंने कहा अमृतकाल भाजपा के लिए कर्तव्य काल है, देश हित सर्वोपरि है दल से बड़ा देश है आप गांव के लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी नमो ऐप के माध्यम से दें।

मौके पर जिला अध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, निर्मल गोयल, शैल मिश्रा, राधेश्याम कुशवाहा, चितरंजन मिश्रा, अरविंद मिश्रा, संजय साहू, भोला चौधरी, बालकेश्वर सिंह, रामेश्वरी उरांव, शंभू सिंह, सौरभ पांडे आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रशासक ने शहरी क्षेत्र स्थित मस्जिदों के आसपास सफाई का किया निरीक्षण

**कर्मियों के साथ बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर नगर परिषद गुमला के प्रशासक संजय कुमार ने मंगलवार दोपहर में अपने नगर प्रबंधक एवं स्वच्छता जमादारों के साथ शहर की मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान न केवल स्थानीय लोगों और मस्जिद कमेटी के सदस्यों के से फीडबैक लिया बल्कि तदनुरूप अपनी टीम के लोगों को भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में बकरीद के दौरान साफ सफाई एवं टैंकरों से जलापूर्ति के लिए आवश्यक व्यवस्था कर दी गई है। फिर भी किसी भी परेशानी की स्थिति में मस्जिद कमेटी के लोग सीधा उन्हें फोन कर सकते हैं या नगर परिषद कार्यालय को अवगत करा सकते हैं।

शहर में विभिन्न मुस्लिम बहुल क्षेत्रों और मस्जिदों के भ्रमण के उपरांत उन्होंने अपने कार्यालय कर्मियों के साथ भी आवश्यक बैठक कर जरूरी निर्देश दिये।

आज नगर परिषद टीम द्वारा जिन मस्जिद प्रक्षेत्रों का भ्रमण किया गया उनमें मोती मस्जिद गौस नगर, कादरिया मस्जिद हुसैन नगर, गोसुलवरा मस्जिद आजाद बस्ती, मदीना मस्जिद आजाद बस्ती, मक्का मस्जिद सिसई रोड आदि शामिल हैं।

## महिला ने पति पर लगाया नक्सली के नाम पर दुष्कर्म करने और बच्चा सहित घर से निकालने का आरोप

**पीड़िता ने एसपी को आवेदन सौप कर लगायी न्याय की गुहार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** पंचायत में जिम्मानामा के बाद सात साल से पति-पत्नी के रूप में रह रही महिला बासो एक्का ने अपने पति मुकेश सिंह पर मारपीट करने, जाति सूचक गाली देने और ढाई साल का बच्चा के साथ घर से निकालने का आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय व जान माल सुरक्षा की गुहार लगाई है।

एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में पीड़िता बासो एक्का ने कहा है कि वर्ष 2015 में वह जब 12वीं की पढ़ाई कर रही थी तब डुमरी थाना क्षेत्र के चिरैया लोहड़ा निवासी छत्रबली सिंह का पुत्र मुकेश सिंह छह माह तक मेरे पीछे पड़ा रहा और माओवादी होने तथा जान मारने की धमकी देता रहा। एक दिन जंगल में बैल चरा रही थी तभी वह जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया। लोक लज्जा के कारण किसी को नहीं बताई। उसके बाद वह मुझे केरल ले गया। वहां पति पत्नी की तरह रहने लगे और मैं गर्भ से हो गई। गांव लौटने के बाद मैंने अपने मां के घर 25 फरवरी 2021 को एक पुत्र को जन्म दिया। गांव में पंचायती हुई और जिम्मानामा लिखा गया। डुमरी थाना में शिकायत की तब थाना प्रभारी ने भी दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया था। उसके बाद दोनों एक साथ रह रहे थे।

पीड़िता ने पति मुकेश सिंह, ससुर छत्रबली सिंह, सास हिरोमनी देवी, नंद चंपा कुमारी, देवर अजय सिंह, छविनारायण सिंह पर मारपीट करने, जाति सूचक गाली देने और घर से निकालने का आरोप लगाया है। वहीं मंगलवार की अपराहन गुमला एसपी को आवेदन सौप न्याय की गुहार लगाई है।

## घाघरा के प्रिंस ने निमसेट परीक्षा में 273वां रैंक हासिल किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** निमसेट परीक्षा परिणाम में गुमला जिला के घाघरा स्थित देवाकी गांव निवासी दिलीप कुमार साहू के पुत्र प्रिंस कुमार ने ऑल इंडिया में 273वां रैंक प्राप्त कर अपने परिवार व गांव का नाम रोशन किया। निमसेट का परीक्षा परिणाम की जानकारी होते ही परिवार के लोग फुले नहीं समा रहें हैं। परीक्षा परिणाम की जानकारी मिलते ही लोग प्रिंस को बधाई देने लगे। मोबाईल से प्रिंस को बधाई और उज्ववल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। बधाई देने वालों में रामनंदन साहू, प्रदीप प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, प्रसाद साहू, नारायण साहू, सुरेश साहू, डॉक्टर रंजीत कुमार, अनिल कुमार, गौतम साहू, प्रमोद साहू, दिनेश सिंह, विकाश साहू, रामधनी साहू, बसंत साहू, अजीत साहू, अभिषेक साहू, धर्मेंद्र मिश्रा, भूषण कुमार, प्रेम साहू सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

**जनता दरबार :** उपायुक्त ने दूरदराज के इलाकों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना

# समस्याओं के समाधान के लिए अधीनस्थों को दिये निर्देश

**जनता दरबार में राशन कार्ड, नौकरी, भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, जमीन विवाद, व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित आवेदन आये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त सभाकक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में पालकोट प्रखंड के सानाईडिह निवासी विमला देवी ने आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि उनके पति तीन वर्षों से घर से लापता हैं। साथ ही घर में चार बच्चे हैं। घर में बच्चों का पालन पोषण करने में काफी कठिनाई हो रही है। आवेदिका द्वारा सहायता राशि की मांग की गई।

रायडीह प्रखंड के सिलम चटकपुर निवासी सुलेखा देवी ने आवेदन समर्पित करते हुए बताया कि उनके पति की मृत्यु हो हो गई है एवं उनके घर में और कोई भी कमाऊ व्यक्ति नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई तथा पालन पोषण करने में काफी कठिनाई हो रही है। आवेदिका द्वारा रोजगार की मांग की गई।

गुमला प्रखंड के लुरू बेहरापाठ के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि लुरू बेहरापाठ सुदुरवर्ती क्षेत्र है ग्रामीणों द्वारा बताया कि लूरू गॉव के बेहरापाठ में 20 सालों से पानी की समस्या है। जिससे ग्रामीणों को 2 कि०मी पहाड़ के ऊपर पैदल चलकर पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा पानी की समस्या को ठीक करने की मांग की। उक्त सभी आवेदनों को उपायुक्त ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों व विभागों को अग्रसारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। साथ ही आवेदकों को उनकी समस्याओं के अविलंब निवारण करने हेतु आश्वस्त किया।

इसके अलावे दूरदराज से समस्या लेकर आये ग्रामीण जनता के द्वारा मांगों जैसे राशन कार्ड, नौकरी, भूमि संबंधित, मुआवजा भुगतान, जमीन संबंधित विवाद, संबंधित नागरिकों के व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्रों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अविलंब अग्रतेर कार्रवाई करने हेतु भेजने का निर्देश दिया गया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## चैनपुर में भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने चलाया महाजनसंपर्क अभियान



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय में भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने महा जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में भाजपाइयों ने मुख्यालय क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री की बातों को सुना और लोगों के बीच भाजपा के नीति और सिद्धांतों को बताया। वहीं आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन करने की बात कही। मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाजयुमो के प्रदेश सचिव अजादशत्रु एवं गुमला भाजयुमो जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिन्हा ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रधानमंत्री के नौ वर्ष के कार्यकाल में हर तबके के लोग काफी खुश हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का संपूर्ण विकास हो रहा है। जिसका डंका विदेशों में भी बज रहा है। भारतीय जनता पार्टी गरीब, किसान सहित अन्य कई लोगों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। 2024 में हम सभी को एक बार देश के लिए पुनः नरेंद्र भाई मोदी को प्रधनमंत्री बनाना है। ताकि सभी क्षेत्रों का विकास हो सके। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाइक, भूषण बैगा, बिक्की साहू, शिवम केशरी, अमर कुमार, निखिल सिंह, बसंत रौतिया, निलेश जायसवाल, शेखर चौधरी, संदीप भगत, राजेश भगत, सुदर्शन रौतिया सहित भाजयुमो के सदस्य मौजूद थे।

## चैनपुर प्रखंड में राशन वितरण की निगरानी के लिए कांग्रेस की पांच सदस्यीय कमेटी का गठन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड में ग्रामीणों के द्वारा राशन वितरण में बार-बार कम राशन मिलने की शिकायतें मिल रही थीं। डीलरों से बात करने पर बताया गया कि एफसीआई गोदाम से डीएसडी के दौरान राशन कम दिया जाता है। ऐसी परिस्थिति में वितरण में कई प्रकार की समस्याएं आ रही हैं। इस तरह की शिकायतों से सरकार की छवि धूमिल हो रही है। शिकायतों के निवारण हेतु पांच सदस्यी कमेटी का गठन कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव के द्वारा किया गया। समिति के द्वारा एफसीआई गोदाम से राशन उठाव से लेकर राशन वितरण तक सदस्यों के द्वारा निगरानी की जाएगी। जिससे गरीब जनता को सही तरीके से राशन उपलब्ध कराया जा सके। चैनपुर प्रखंड के ग्रामीणों एवं पांच सदस्यी कमेटी ने जिला अध्यक्ष चैतु उरांव का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। ग्रामीणों ने कहा कि हमारी सरकार होने के बावजूद भी सही तरीके से हमारा प्रखंड में राशन वितरण नहीं किया जाता था। हमारे यहां प्रशासन की मिलीभगत से हमें सही समय में राशन मिलता ही नहीं था। अब निगरानी समिति का गठन होने से हमें समय पर उचित मात्रा में राशन मिलने की उम्मीद है। निगरानी समिति में कांग्रेस जिला सचिव अल्बर्ट तिग्गा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष निरंजन बाड़ा, मंडल अध्यक्ष अमित बरला, इरफान खान, चार्लेस कुजूर को निगरानी समिति सदस्य नियुक्त किया गया है, जो अपने कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करेंगे।

## बसिया पुलिस ने दुष्कर्म के तीन आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी बसिया थानांतर्गत घुनसेरा के रहने वाले तीन युवकों क्रमशः मुन्ना गोप (22) पिता बाल किशुन गोप, अमित बारला (25) पिता प्रकाश बारला और अनिल इंदवार (29) पिता प्रदीप इंदवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बसिया एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि आरोपी मुन्ना गोप की दोस्ती फेसबुक के माध्यम से खूंटी रनिया थानांतर्गत की रहने वाली नाबालिग लड़कियों से हुई थी। उसके बाद विगत रविवार को तीनों युवकों ने तीनों लड़कियों को उनके क्षेत्र से लाकर अनिल के सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी में दिनभर घुमाते रहे और रात को बसिया थानांतर्गत घुनसेरा से सूरजुटोली जाने वाले रास्ते में पड़ने वाले घुनसेरा जंगल में रात भर रखकर आरोपी तीनों युवकों ने लड़कियों से दुष्कर्म किया। इसी बीच एक लड़की की तबियत खराब होने पर बचने के लिए वह लड़की बनई में हो रहे एक शादी समारोह में पहुंच गयी। जिसके बाद 26 जून को रात्रि में बनई गांव में शादी में उपस्थित स्थानीय लोगों द्वारा फोन के माध्यम से पूरे मामले की सूचना बसिया पुलिस को दी गयी। इसके बाद थाना प्रभारी छोटू उरांव के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल में एसआइ घनश्याम कुमार रवि, आरक्षी विनीता कुमारी एवं थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे। जिसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने दुष्कर्म कांड में उपयोग किये गए बोलेरो वाहन को भी जब्त किया है।

## शैल मिश्रा ने नगर परिषद के प्रशासक को ज्ञापन सौंपकर खराब पड़ी हाइमास्ट लाइट दुरुस्त कराने की मांग की



**गुमला (आजाद सिपाही)।** वार्ड नं. 21 की निवर्तमान पार्षद शैल मिश्रा ने नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार को ज्ञापन सौंप कर वार्ड अंतर्गत डीएसपी रोड, पालकोट रोड़ पेट्रोल पंप के समीप तथा सरनाटोली सहित शहरी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में अधिष्ठापित खराब पड़े हाईमास्ट लाईट को दुरुस्त कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि अधिकांश लगाये गये हाईमास्ट लाईट विगत छह माह से भी अधिक समय से खराब हैं। फलतः उन स्थानों पर अंधेरा रहने के कारण असमाजिक गतिविधियों को तो बल मिलता ही है आम जनता को भी काफी परेशानी होती है और सदैव दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने लोकहित में सभी खराब पड़े हाईमास्ट लाईट को शीघ्र ठीक कराने की आवश्यकता जताई है।

# विष्णु मंदिर रोड में लगने वाली गाड़ियां स्टेट बस डिपो में लगें : चेंबर अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** बाजार के व्यवसायियों ने चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर से मिलकर विष्णु मंदिर रोड में सुबह-सुबह थोक विक्रेताओं के गाड़ियों से जाम लगने के कारण मंदिर में जाने आने वालों को हो रही परेशानी, गाड़ी जाम लगने के कारण स्कूल बस समय पर नहीं पहुंचने से बच्चों को हो रही परेशानी, बाजार आने जाने वाले महिला पुरुषों एवं बुजुर्गों को हो रही परेशानी तथा मोहल्ले वालों को अपने घर के सामने गाड़ियों के जाम रोड से निकलने में हो रही परेशानी एवं पोलूशन से अवगत कराया। श्री शंकर ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए कहा कि हर शहर में थोक विक्रेताओं को शहर के बाहर एक स्थान दिया जाता जहां सुलभ तरीका से हमारी जरूरत के चीजों को थोक व्यवसाई पूरा करते पर हमारे शहर में अभी तक ऐसी व्यवस्था नहीं हो सकी है। इसलिए लोग रोड़ में लगाकर हमारी जरूरत के चीजों को पूरा कर रहे है जिससे पूरा रोड जाम हो रहा है। जिसकी खामियाजा मोहल्ले वाले भुगत रहे है। श्री शंकर ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त से बात की और सुझाव दिया कि जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक सुबह 4 से 10 बजे तक के लिए सभी छोटी बड़ी गाड़ियां जो सब्जी लेकर शहर में आते है उसे स्टेट बस डिपो के पिछले हिस्से जिसकी अब सफाई भी कर दी गई है पेवर ब्लॉक भी लग चुका और खाली भी पड़ा है में पार्क करायी जाये जहां से खुदरा सब्जी व्यवसाय करने वाले व्यवसाई आसानी से सब्जी भी ले जा सके और शहर के रोड को भी जाम से बचाया जा सके। साथ साथ निगम को भी एक अच्छा राजस्व मिल पाये। नगर आयुक्त ने सुझाव को गंभीरता से लेते हुए कहा जल्द एक-दो दिन में इस पर निर्णय लेते हुए व्यवस्था की जाएगी ताकि व्यवसाई और नागरिक दोनों को सुविधा मिल सके। श्री शंकर से मिलने वालोमें वार्ड पार्षद लालबाबू,धीरज गुप्ता, कुमार गौरव, तुषार घोष, मुन्ना सिन्हा, एसके बोरल, प्रदीप घोष और अन्य लोग सम्मिलित थे।



# फोरलेन निर्माण साइट पर अपराधियों ने पेटी कांट्रैक्टर को गोली मारकर किया घायल

## पेटी कांट्रैक्टर से रंगदारी मांगने की जतायी गयी संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार मोड़ के समीप मंगलवार की दोपहर में एनएच 98 फोरलेन निर्माण कार्य में लगे पेटिकोन्टेक्टर को बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। पेटिकोन्टेक्टर बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपटी का निवासी शिवजी दास (42) बताया गया। फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्य में काम कर रहे मजदूर प्रत्येक्षदर्शी लटू कुमार ने बताया कि एक बाइक पर सवार तीन लोग आये और दो लोग बाइक से उतरकर शिवजी दास पर गोली चलाने लगे और बाइक पर बैठ कर हरिहरगंज की ओर भागे।वहीं गोलीबारी चलता देख मजदुर को भागने के दौरान गिरने से बाएं हाथ में चोट लग गयी। वहीं गोलीबारी के दौरान पेटिकोन्टेक्टर को दाहिने पैर के घुटने के निचे गोली लगी है। घायल को अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर तत्काल इलाज कराया गया जहां से चिकित्सकों ने एमएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया। हालांकि घायल खतरे से बाहर बताया गया है।वहीं घटना की सूचना मिलते ही हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, पीपरा थाना के एसआइ अभय आनंद सिंह, पत्थरा पीकेट से प्रभारी नितीश कुमार घटना स्थल का जायजा लिया और एक खोखा बरामद किया।तत्काल आसपास के थाना क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी गयी है। इस संबंध में छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया रंगदारी मांगने को लेकर अपराधी गिरोह द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। अपराधी गिरोह की पहचान सहित अन्य बिंदुओं पर पुलिस अनुसंधान कर रही है।



# ग्लोबल एरा पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह




आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर(पलामू)।** स्थानीय ग्लोबल एरा पब्लिक स्कूल विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया गया। उसके उपरांत मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक श्याम बिहारी दुबे ने कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षकों के हाथ में है। माता-पिता शिक्षक-शिक्षिका अभिभावक के अथक प्रयास से बच्चे अच्छा परिणाम लाते हैं। सदैव विद्यार्थियों का विद्यालय परिवार सहयोग करते रहेगा। साथ ही साथ विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन दुबे ने कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सदैव मैट्रिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में भी सराहनीय कार्य करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। मार्गदर्शन व आशीर्वाद से विद्यार्थियों में काफी निखार आता है। इस अवसर अतिथि के रूप में पहुंचे 20 सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह ने कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल निजी विद्यालय या सरकारी विभाग उच्च पदों पर आसीन होना नहीं बल्कि की श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। समारोह में कुराईनपतरा पंचायत की मुखिया पूनम देवी ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है इसलिए नई प्रतिभाओं को दिशा निर्देश देने के साथ-साथ संसाधनों की पूर्ति सहयोग देना आवश्यक है।

**इन छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

अंतु कुमार, स्मृति कुमारी, सौम्या कुमारी, सुप्रिया कुमारी, नीतू कुमारी, अर्चना कुमारी, सुप्रभात कुमार, अंकित कुमार, शुभम कुमार, प्रियांशु कुमार, गुनगुन कुमारी को सम्मानित किया गया।

मौके पर जिप सदस्य पश्चिमी आशा देवी, पूर्वी जिप सदस्य बिजय राम, उप प्रमुख कुसुम देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष मनदीप मेहता, मुखिया पूर्णिमा सिंह, गुड्डी देवी, रेखा देवी, कृष्णकांत चौबे, राजकीय कृत उच्च पल्स टू विद्यालय के प्राचार्य अमरेश कुमार सिंह, गर्ल हाई स्कूल प्राचार्य देवेन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक शिवशंकर राम, दीनानाथ राम ने भी अपने संबोधन में शिक्षा की महत्ता विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में समाजसेवी वीरेन्द्र कुमार, बजरंगी प्रसाद सोनी,सदीप यादव, शलैश सिंह तथा विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पूर्व प्रदेश अध्यक्ष से मिले कांग्रेसी नेता, समस्याओं से कराया अवगत



**बिश्रामपुर (पलामू)। कांग्रेस के बिश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ अजय कुमार से रांची में मुलाकात की। श्री पांडेय ने पहले तो रांची प्रवास पर आए अजय कुमार का एयरपोर्ट पर ही गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। उसके बाद उनसे कई विषयों पर चर्चा की।पलामू के राजनीतिक हालात के बारे में जानकारी दी।बिश्रामपुर नगर परिषद और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया।श्री पांडेय ने डॉ अजय कुमार को बिश्रामपुर आने का निमंत्रण भी दिया। जिसे उन्होंने स्वीकार किया।**

# भाजपा ने किया मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल पर मंगलवार को शहर के दूर्गा बाड़ी भवन परिसर में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान का आयोजन किया गया।इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एलईडी टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के वर्चुअल संवाद को सुना। इस अवसर पर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ को मजबूत करने पर पूरा ध्यान दें। इसके तहत सभी बूथों पर बूथ कमेटी का गठन किया गया है, समय समय पर उन सभी में जोश व उर्जा भरने की आवश्यकता है। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने कहा कि मोदी सरकार का नौ वर्षो का कार्यकाल अविस्मरणीय रहा है। आज देश से लेकर विदेशों में भी मोदी नाम एक मंत्र बन गया है। स्वामी विवेकानंद का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि गांव व कस्बो के कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ को और भी मजबूत करके 2024 में भी ऐतिहासिक जीत के साथ मोदी जी देश और दुनिया का नेतृत्व करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवन अग्रवाल, जिला महामंत्री संतोष कुमार सिंह, संतोष सोनी, उदयनाथ विश्वकर्मा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कबीरदास पर सेमिनार का हुआ आयोजन

**बिश्रामपुर (पलामू)। रेहला बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा वर्तमान समय में कबीरदास की प्रासंगिकता विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो संतोष कुमार मिश्र,मुख्य अतिथि जपला ए के कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ आलोक रंजन कुमार, डॉ श्याम मिश्रा, प्रो राकेश कुमार शुक्ला, प्रो शबनम निशा व प्रो संतोष कुमार शुक्ल के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण के साथ किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.संतोष कुमार मिश्रा व संचालन हिंदी विभाग के प्रोफेसर राकेश कुमार शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के शुरूआत में आकांक्षा कुमारी सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्राचार्य संतोष मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में भी कबीरदास की प्रासंगिकता में कोई कमी नहीं आई है। आज भी उनकी प्रासंगिकता बरकरार है। डॉ आलोक रंजन ने कबीरदास की वाणी के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ने के लिय प्रेरित किया।**

# मीडिया समाज का एक अहम स्तंभ, वह अपनी जिम्मेदारी समझकर करें रिपोर्टिंग: डीसी

- **वातार्लाप कार्यक्रम जनता और सरकार के बीच की मजबूत कड़ी मीडिया से सीधा संवाद स्थापित करना है: एडीजी, पीआइबी**
- **खबर को पूरी जिम्मेदारी के साथ दें। मीडिया को 'सेंसेशनलिज्म' से बचना चाहिए : एसपी**
- **केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज द्वारा उसी जगह जागरूकता कार्यक्रम और प्रदर्शनी का आयोजन**
- **सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' आयोजित**




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय के विभाग पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा पलामू जिला प्रशासन के सहयोग से मंगलवार को जिले के पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति भवन में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में अपर महानिदेशक पत्र सूचना कार्यालय, रांची अखिल कुमार मिश्रा, डीसी आंजनेयुलू दोड्डे, एसपी चंदन कुमार सिन्हा, डीडीसी रवि आनंद, डीएफओ सौमित्र शुक्ला, सीआरपीएफ 134 बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क आनंद, भाषा (पीटीआइ) के वरिष्ठ पत्रकार इंदुकांत दीक्षित, गांडीव के संपादक अमरकांत सिंह, खबर मंत्र के ब्यूरो चीफ उदय चौहान अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए। साथ ही जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, पलामू के गणमान्य लोगों तथा वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्थिति भी रही। अपने विषय प्रवेश संबोधन में पीआइबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों एवं मीडिया कर्मियों का स्वागत करते हुए वार्तालाप में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सरकार और मीडिया की कड़ी को और मजबूत करने का माध्यम बताया।

डीसी ने कहा कि मीडिया पावरफुल है, अतः पत्रकार अपना रोल बखूबी निभायें और न्यूज की फैक्ट चेक करके ही छापें। सोशल मीडिया के बारे में उन्होंने कहा कि जिम्मेदार पत्रकारिता होने से समाज में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि आप खबर को पूरी जिम्मेदारी के साथ दें। मीडिया को 'सेंसेशनलिज्म' से बचना चाहिए।

सीआरपीएफ 134 बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार ने संस्था के कार्यक्षेत्र पर प्रकाश डाला। झारखंड में शांति बहाली के लिए किए जा रहे सीआरपीएफ के प्रयासों को भी मीडिया के सामने रखा, खासकर पर्यावरण सरंक्षण और स्थानीय लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। डीएफओ पलामू सौमित्र शुक्ला ने जिले में जिन इच्छुक लोगों के पास पेड़ पौधे लगाने के लिए जमीन है उनको विभाग द्वारा छायादार, फलदार आदि प्रकार के पौधे उपलब्ध कराने की उनके विभाग की स्कीम के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने विभाग के वन महोत्सव कार्यक्रम को मीडिया के मिल रहे सहयोग के लिए आभार जताया। डीडीसी रवि आनंद ने जिला प्रशासन के द्वारा तेज गति से चलाए जा रहे विकास कार्यों और प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मीडिया को तेज गति से जानकारी पहुंचना प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी। विभिन्न योजानाओ जैसे शहरी आवास मिशन,पीएम स्वनिधि योजना, आदि के आए लाभुकों का भी उन्होंने स्वागत किया। उप निदेशक जनसंपर्क श्री आनंद ने कहा कि सरकार और जनता के बीच मीडिया सेतु का काम करता है। जनसंपर्क के माध्यम से आमजनों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जागरूक किया जाता है।

भाषा एजेंसी के वरिष्ठ पत्रकार इंदुकांत दीक्षित ने क्षेत्रीय मीडिया के प्रयासों को सराहा, और कहा कि अंचलों से आती नई खबरों से ही पत्रकारिता आज जिंदा है।

गांडीव अखबार के संपादक अमरकांत सिंह ने जमीनी स्तर पर पत्रकारों को आ रही दिक्कतों खासकर पहचान और पारिश्रमिक से जुड़ी समस्या को स्वीकारा, लेकिन साथ ही पत्रकारिता में जिस सामाजिक कार्य के ध्येय से लोग आते हैं उसको भी उन्होंने प्रमुखता से उजागर किया।

इस अवसर पर मंत्रालय के विभाग केंद्रीय संचार ब्यूरो, डाल्टनगंज द्वारा एक सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल पर एक जागरूकता कार्यक्रम एवम छोटी प्रदर्शनी का भी आयोजन हुआ, जिसमें स्कूली बच्चों ने भाग लिया। उनके बीच आयोजित क्विज, आदि प्रतियोगिताओं के विजेताओं को डीडीसी, डीएफओ और बीडीओ सदर अमिताभ भगत ने सम्मानित किया। उन्होंने अपने स्बोधन में आज के भव्य आयोजन की सराहना भी की। संपन्न हुई वातार्लाप कार्यशाला का मंच संचालन पीआइबी से जुड़े क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर एवं ओंकार नाथ पांडेय ने किया। इसकी सफलता के लिए समन्वय में भी इनका प्रमुख योगदान रहा। प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय पलामू का इस आयोजन को सफल बनाने में प्रमुख योगदान रहा। प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय द्वारा सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी लगायी गयी थी। इस प्रदर्शनी को लोगों ने खूब सराहा।

## स्पोर्ट्स



**वर्ल्ड कप में भारत-पाक मुकाबला 15 अक्टूबर को: 5 अक्टूबर को इंग्लैंड-न्यूजीलैंड मैच से शुरूआत, फाइनल 19 नवंबर को; तीनों ही मैच अहमदाबाद में**

# आइसीसी वर्ल्ड कप 2023 शेड्यूल जारी

**वर्ल्ड कप में भारत-पाक मुकाबला 15 अक्टूबर को: 5 अक्टूबर को इंग्लैंड-न्यूजीलैंड मैच से शुरूआत, फाइनल 19 नवंबर को; तीनों ही मैच अहमदाबाद में**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए फिक्स्चर लिस्ट जारी कर दी है। इस साल के अंत में 46 दिनों तक चलने वाले मेगा इवेंट के 10 स्थानों के साथ जारी की गयी है। इवेंट में कुल 10 टीमें भाग लेंगी. पहली आठ टीमें पहले ही क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग के माध्यम से क्वालीफाई कर चुकी हैं। अंतिम दो स्थान जिम्बाब्वे में क्वालीफायर टूनार्मेंट के अंत में निर्धारित किये जायेंगे, जो 9 जुलाई को समाप्त होगा। भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। इसके बाद भारत को 11 अक्टूबर को दिल्ली में अफगानिस्तान से, 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में पाकिस्तान से, 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश से, 22 अक्टूबर को धर्मशाला में न्यूजीलैंड से, 29 अक्टूबर को लखनऊ में इंग्लैंड से, 2 नवंबर को मुंबई में क्वालिफायर 2 से, 5 नवंबर को कोलकाता में साउथ अफ्रीका से और 11 नवंबर को क्वालिफायर 1 से बेंगलुरु में भिड़ना है। भारत लीग चरण में सबसे अधिक यात्रा करेगा और उसके 9 मैच, नौ अलग-अलग जगहों पर निर्धारित हुए हैं। विश्व कप 5 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के मुकाबले से शुरू होगा। मेजबान भारत अपने अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई में पांच बार के विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबला रविवार 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाला है। जब भी दोनों टीमें विश्व कप में आपस में भिड़ती हैं तो मैच और रोमांचक हो जाता है। ग्रुप स्टेज का अंतिम मैच 12 नवंबर को कोलकाता में इंग्लैंड का पाकिस्तान से होगा। प्रत्येक टीम राउंड रॉबिन प्रारूप में अन्य नौ से खेलती है, जिसमें शीर्ष चार नॉकआउट चरण और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाइंग होते हैं।

# स्पेशल ओलंपिक में भारत ने जीते 76 स्वर्ण समेत रिकॉर्ड 202 पदक, अंतिम दिन भी जीते दो गोल्ड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों ने 2023 स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में अपना अभियान रिकॉर्ड 202 पदकों के साथ समाप्त किया है। भारत के प्रेरणादायक एथलीटों ने रविवार को समाप्त हुए आयोजन में 76 स्वर्ण, 75 रजत और 51 कांस्य पदक हासिल किए, जिसमें आखिरी दिन धावकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

भारत ने ट्रैक पर आखिरी दिन दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित छह पदक अपनी झोली में डाले। आंचल गोयल (400 मीटर, महिला लेवल बी) और रविमति अरुमुगम (400 मीटर, महिला लेवल सी) ने पोडियम पर शीर्ष सम्मान हासिल किया। मिनी जेवलिन (लेवल बी) में रजत पदक जीतने वाले साकेत कुंडू ने लेवल बी 400 मीटर में भी कांस्य का तमगा जीता।

स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष, डॉ. मल्लिका नड्डा ने बर्लिन खेलों में भारतीय दल के प्रदर्शन पर कहा, हमारे ज्यादातर एथलीटों को विभिन्न प्रकार के सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा है, और विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें समाज का गैर-कार्यशील सदस्य माना गया है। यह विचार गलत है। खेल के मैदान में उेनका प्रदर्शन साबित करता है कि वे ताकत, गति, एकाग्रता और अनुशासन दिखाने में सक्षम हैं। मुझे उम्मीद है कि इससे बाहर के लोगों की आंखें खुलेंगी और यह साबित हो जाएगा कि हमें इस आंदोलन को और विस्तारित करने और इसे अधिक समावेशी बनाने की जरूरत है। भारतीय दल में 198 एथलीटों के अलावा 57 प्रशिक्षक शामिल थे जिन्होंने 16 खेलों में हिस्सा लिया।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 28 जून, 2023
www.azadsipahi.in


## कुमारधुबी उच्च विद्यालय में स्कूल रुआर कार्यशाला का आयोजन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एगयारकुड प्रखंड अंतर्गत उच्च विद्यालय कुमारधुबी में मंगलवार को स्कूल रूआर 2023 का प्रखंड स्तरीय कार्यशाला बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। कार्यशाला की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। निरसा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सपनकुमार मंडल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहा की रुआर 2023 सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है, बच्चों को स्कूल से जोड़ने की सार्थक मुहिम है। सरकारी स्कूल भी किसी निजी विद्यालय से कम नहीं है यह कार्यशाला बच्चों को स्कूल में उनके नामांकन और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। इस अभियान के अंतर्गत 5 से 18 आयु के सभी बच्चों का स्कूल में वापस लाना और नियमित अध्यापन कार्य किया जाना है। बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने कहा कि 6 जून से 15 जुलाई तक विभिन्न गतिविधियां का आयोजन होगा, ताकि बच्चों का नामांकन और ठहराव सुनिश्चित किया जा सके। समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य सभी बच्चों की स्कूली शिक्षा पूर्ण कराना है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में एगयारकुड उपप्रमुख विनोद कुमार दास, जिला परिषद क्षेत्र संख्या 29 के सदस्य गुलाम कुरेशी, क्षेत्र संख्या 28 के सदस्य बादल बाउरी, पंचायत समिति सदस्य मैना बॉउरी, मुखिया तनवीर आलम, प्रधानाध्यापिका टूडू के अलावे सुनील भगत, दिनेश महतो, योगेश दत्ता, अजीम अंसारी, सागर दरीबा, अब्दुल हफीज, मोहम्मद शब्बीर अंसारी इत्यादि मौजूद थे।

## बारिश शुरू होते ही चरमरायी बिजली आपूर्ति

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** बारिश शुरू होते ही लोयाबाद में बिजली की समस्या भी शुरू हो गई है। सोमवार रात से बिजली गुल, झारखंड बिजली वितरण निगम और बीसीसीएल की आपूर्ति की जाने वाली दोनों बिजली गायब। कुल 25 हजार आबादी के समक्ष बिजली संकट बनी है। बारिश के वजह से दोनों की आपूर्ति में समस्याएं पैदा हुई है। लोयाबाद मोड़ पर झारखंड बोर्ड का ट्रांसफार्मर का स्थान धंस गया जिससे 200 केवीए का ट्रांसफार्मर गिरते गिरते बचा घटना रात में हुई है, तब से लाइन बंद है। लोगों ने पूरी रात भर अंधेरे में गुजारा। खबर लिखे जाने तक मरम्मती कार्य जारी था। वहीं दूसरी तरफ बीसीसीएल कॉलोनी में भी बिजली रात से नही है। यहां सिजुआ एरिया के आरएस में खराबी आयी तब से बिजली गुल है। यहां भी मरम्मती कार्य चल रहा है। बांसजोडा स्तिथ सिजुआ एरिया के आरएस मे पुछे जाने से बताया रात को कुछ खराबी हुई थी। अभी यहां से फिलहाल कोइ खराबी नही है। बताया जाता है कि आरएस से बासदेवपुर कोलियरी के हाईटेंशन तार से ही लोयाबाद ग्रामीण वासियों की बिजली आपूर्ति होती है। बांसजोड़ा स्तिथ राम कनाली सब स्टेशन में भी 33 केवीए का ट्रांफर्मर जल गया है। ट्रांसफर जलने से कतरास, निचितपुर तेतुलमारी का लाइन कट गया। फिलहाल वैकल्पिक व्यवसथा से लाइन चालू किया गया है। आरएस मे ट्रांसफार्मर बदलने का भी काम जारी है।

## डीवीसी ज्वाइंट प्लेटफॉर्म की बैठक



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को मैथन स्थित डीवीसी श्रमिक यूनियन कार्यालय में डीवीसी ज्वाइन्ट प्लेटफार्म की बैठक हुई। डीवीसी के निजी पेंशन सिस्टम को सेंट्रलाइज पेंशन पेमेंट सिस्टम से हस्तातंर करने के खिलाफ और डीवीसी कानून 1948 में संशोधन कर डीवीसी को निजी कंपनियों को देने के साजिश के खिलाफ आंदोलन का फैसला लिया गया। आगामी 4 जुलाई को दामोदर घाटी निगम के तमाम प्रोजेक्ट में विक्षोभ प्रदर्शन किया जायेगा। मैथन में 4 जुलाई को मिश्रित भवन के समक्ष प्रदर्शन किया जायेगा और परियोजना प्रमुख को चेयरमैन के नाम ज्ञापन दिया जायेगा। 7 जुलाई को मैथन मिश्रित भवन के समीप 12 घंटा का सांकेतिक भूख हड़ताल किया जायेगा। इस भूख हड़ताल के कार्यक्रम में डीवीसी झारखंड पार्ट के तमाम परियोजनाओं से पेंशनर्स और कर्मचारी भाग लेंगे। इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गयी तो अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किया जायेगा। बैठक में जीवन आईच, सुब्रतो मिश्रा, तापस कुंडू, रजत दत्ता जी राम ,नवेन्दू चक्रवर्ती, शौगत बनर्जी, निशीथ मुखर्जी, मदन मेहता, दीपा विश्वास, अर्जून पाठक, डी एन यादव, इत्यादि उपस्थित थे।

## एसएसपी से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी व ग्रामीण एसपी रेशमा रमेशन से मिलकर बीबीएमकेयू द्वारा एनएसयूआइ के नेताओं दर्ज कराये गए मुकदमों की निष्पक्ष जांच की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के इशारे पर विश्विव्द्यालय छात्र हित कि मांगों को दबाने का प्रयास कर रही है। हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर विश्वविद्यालय के गेट पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने एफआईआर में दशार्या है कि एनएसयूआइ के छात्रों ने पठन-पाठन का कार्य बाधित किया जबकि 21 जून विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य पर अवकाश था जिस कारण यह आरोप झूठा और बेबुनियाद है। राजनीति साजिश के तहत कांग्रेस तथा उसकी छात्र इकाई की बढ़ती लोकप्रियता को दबाने का कुचक्र रचा जा रहा है जिसे पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। कहा कि छात्र छात्राओं की समस्याओं को अगर विश्वविद्यालय गंभीरता से संज्ञान नहीं लेगा तो कांग्रेस आंदोलन का रास्ता अपनाएगी जिसकी सारी जिम्मेवारी विश्वविद्यालय की होगी। प्रतिनिधिमंडल में जिला उपाध्यक्ष नवनीत नीरज, जिला प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका, हरेंद्र शाही, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष गोपाल चौधरी, सचिव अरविंद सैनी आदि थे।

### चांदमारी कोलियरी में अपराधियों ने रात को वर्कशॉप पर धावा बोला

# हाजिरी क्लर्क को बंधक बना कर कई घंटे तक मचाया उत्पात

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** चांदमारी कोलियरी मे सोमवार की रात सशस्त्र अपराधियों ने धावा बोल वर्क शोप मे रखे हजारों के लौह सामग्री की लूटपाट की। इस दौरान अपराधियों ने हाजिरी क्लर्क सह जमसं कार्यकर्ता अर्जुन रजक परलोहे के सबल से प्रहार कर दिया वे बाल बाल बच गये। इसके बाद लूटेरों ने लौह सामग्री की जमकर लूटपाट की। इस घटना के बाद यहां कार्यरत कर्मियों में प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। बताते है कि सोमवार की रात चांदमारी कोलियरी हाजिरी घर मे अर्जुन रजक कर्मियों का हाजिरी बनाकर बैठे हुए थे। तभी एक दर्जन से अधिक नकाबपोश सशस्त्र अपराधी पहुंच गए। सबसे पहले अपराधियों ने अर्जुन का हाथ पकड़ लिया। जब विरोध किया तो एक अपराधी ने अर्जुन पर सबल से प्रहार कर दिया अर्जुन झुक गए और खुद को बचा लिया। घटना की जानकारी जमसं नेता दयाशंकर सिंह ने बस्ताकोला कोलियरी पीओ एके शर्मा को दी। दयाशंकर का कहना है कि आए दिन विक्ट्री और चांदमारी कोलियरी में लुटेरों का तांडव होता रहता है बावजूद ना तो प्रबंधन और ना ही पुलिस ध्यान दे रहा है। यहां मजदूर में भय वयाप्त है। कहा कि प्रबंधन ने जल्द कर्मियों के सुरक्षा का इंतजाम नहीं किया तो आंदोलन किया जायेगा। इधर बस्ताकोला कोलियरी पीओ ने इस मामले की शिकायत धनसार थाना में की है।

## लोयाबाद और बाघमारा में धूमधाम से हुई मां विपत्तारिणी की पूजा



**हजारों श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख और समृद्धि के लिए की मां विपत्तारिणी की आराधना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास/लोयाबाद।** लोयाबाद दुगार्मंदिर मे मां विपदतारिणी की पूजा-अर्चना हुई। मंगलवार को महिलाएं सुबह से ही पूजा-अर्चना करने लिए मंदिर पहुंची। इस दौरान 13 प्रकार के फल, फूल, मिष्ठान का चढ़ावा चढ़ाया गया। पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख, शांति व सुरक्षा की कामना की। मंदिर के पुजारी अमोल भट्टाचार्य ने बताया कि मां विपदतारिणी की पूजा रथ यात्रा के बाद मंगलवार व शनिवार को होती है। श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार मंगलवार या शनिवार को पूजा करते है। कहा कि इस पूजा के पीछे ऐसी मान्यता है कि परिवार में आने वाले हर संकट को मां विपदतारिणी टाल देती हैं।

### बाघमारा बंगाली पाड़ा में वर्षो से हो रही है मां विपत्तरिणी की पूजा

**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा बंगाली पाड़ा काली मंदिर प्रांगण मे हर वर्ष की तरह इस बार भी मां विपदतारिणी की पूजा धूमधाम से संपन्न हुई। 50 वर्षों से भी ज्यादा समय से हो रही इस पूजा में पूजन कार्य पश्चिम बंगाल का अनंत लाल शास्त्री जी देखरेख में संपन्न हुई। समिति की ओर से झरना दे, इला सेनगुप्ता , देवश्री सेनगुप्ता, चैताली चौधरी, शोभा देवी, जुबा गोराई, राखी कुमारी, जानू कुमारी, शालू कुमारी, मेघा कुमारी, सोनी कुमारी, अंशु कुमारी, छोटी कुमारी, चंदन सिंह, चितरंजन दे, सनी कुमार, अजय कुमार, अभिजीत बनर्जी, बिट्टू स्वर्णकार, आदेश कुमार, शंभू यादव, हीरू कुमार सहित 300 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने मां का भोग लगाया तथा इतने ही श्रद्धालुओं के परिवारों की महिलाएं वहां उपस्थित थी।

## कांड्रा में अनियंत्रित ट्रेलर पेड़ से टकराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** गोशाला ओपी क्षेत्र स्थित कान्ड्रा डीवीसी मोड़ के पास झरिया सिंदरी सड़क किनारे एक पेड़ से छड़ लदा ट्रेलर संख्या एनएल 01 एजी 2214 अनियंत्रित होकर टकरा गया। घटना मंगलवार की सुबह करीब 3:30 बजे की है। इस घटना में वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। केबिन में फंसे चालक छोटू यादव को स्थानीय लोगों के सहयोग से गैस कटर का उपयोग कर निकाला गया। उसका इलाज चासनाला सीएचसी में किया गया। उसने बताया कि वो उड़ीसा के बरबिल से छड़ लेकर गुवाहाटी जा रहा था। इधर मौके पर पहुंची गोशाला पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया लिया है।

### बलियापुर के हीरक रोड में अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति की ली जान

इधर बलियापुर के हीरक रोड पर कमाटांड़ मोड़ के पास मंगलवार की तड़के अज्ञात वाहन ने एक अज्ञात व्यक्ति की जान ले ली। जानकारी के मुताबिक मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष होगी। वो दिमागी रूप से कमजोर था। घूम घूम कर मांगता और खाता था। बलियापुर पुलिस ने मृतक के शव को एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है, जहां पर शव को पहचान हेतु 72 घंटे के लिए शीतगृह में रखा गया है।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**चिरकुंडा(आजाद सिपाही संवाददाता)।** मंगलवार को चिरकुंडा थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार ने किया। बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मनाने को लेकर चर्चा हुई ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार का व्यवधान ना आये। बैठक में वक्ताओं ने पर्व के दौरान पानी, बिजली और सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग रखी। थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि त्यौहार के दिन हुड़दंगीयो पर नजर रखने के लिए विशेष रूप से पुलिस बल तैनात रहेगा। मनचलो पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालो पर भी पुलिस नजर रखेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी प्रकार की सूचना या फिर अप्रिय स्तिथि होने पर 9431706403 इस नंबर पर पुलिस को सूचित करें। पुलिस तत्काल कारवाई कर आपकी हर संभव मदद करेगी। वही बैठक का संचालन मानिक लाल गोराई ने किया। बैठक में डब्लू बावरी, जय प्रकाश सिंह, झब्बू शर्मा, मुख्तार अली, प्रदीप अग्रवाल, जियाउद्दीन, वरुण डे, पवन अग्रवाल, सुनीता सिंह, सुनीता देवी, मोईज खान, फिरोज अंसारी, कृष्णा सिंह, रंजीत रवानी, बिट्टू मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे।

# बरनवाल युवा मंच के शिविर में 36 यूनिट रक्तदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मटकुरिया स्थित दुर्गा मंडप भवन में बरनवाल युवा मंच धनबाद शाखा के द्वारा मंगलवार को रक्तदाता सम्मान समारोह सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद विधायक राज सिन्हा और विशिष्ट अतिथि के रूप में एसबीआइ के उप प्रबंधक विजय कुमार, मनोज कुमार जनरल सेक्रेट्री एसबीआइ आरबीओ, शिवेंद्र सिंह बैंक मोड़ मंडल अध्यक्ष, वेद प्रकाश दुबे अध्यक्ष लोकहक मानव सेवा परिषद उपस्थित रहे जिन्हे शॉल और बुके देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर विधायक राज सिन्हा ने बरनवाल युवा मंच का आयोजन के लिए सराहना करते हुए कहा कि रक्त से मानव जीवन को बचाया जाता है रक्त निर्माण करने का दुनिया में कोई दूसरा विकल्प नहीं है एक इंसान के रक्तदान से ही दूसरे इंसान की जान बचाकर स्वस्थ किया जाता है। एसबीआई के उप प्रबंधक विजय कुमार ने कहा कि बरनवाल युवा मंच के रक्तदान शिविर जैसी सामाजिक कार्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। बरनवाल युवा मंच के मनोज कुमार बरनवाल ने कहा कि रक्तदान करने से मनोवैज्ञानिक संतुष्टि मिलती है और हमने रक्तदान के लिए समाज को जागृत करने का एक प्रयास किया है। मेरी सभी से आग्रह है कि एक अंतराल में रक्तदान करें और एक अस्वस्थ इंसान को स्वस्थ करने की दिशा में एक सार्थक पहल प्रयास करें। रक्तदान शिविर में लोगो ने 36 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान के उपरांत रक्त दाताओं को मोमेंटो सर्टिफिकेट, टीशर्ट देकर सम्मानित किया गया। डोनेट हुए ब्लड को पीएमसीएच और एशियन हॉस्पिटल ब्लड बैंक को दिया गया। रक्तदान शिविर में श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी मटकुरिया बरनवाल महिला मंच और लोक हक मानव सेवा काउंसिल के सदस्यों सुनील कुमार बरनवाल सचिव, सुभाष बरनवाल, समरेंद्र प्रसाद, रणधीर बरनवाल, प्रवीण बरनवाल, राजेश बरनवाल, चंद्रभूषण वर्णवाल, नवीन बरनवाल, भुवनेश्वर प्रसाद बरनवाल, आनंद वर्णवाल, दिलीप बरनवाल, सुनीता बरनवाल, पुष्पा कुमारी, भव्या बरनवाल, साधना बरनवाल का सराहनीय योगदान था।

## राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता के लिए एमजीएम के तीन बच्चों का चयन



**बोकारो (आजाद सिपाही )।** एस एस बी एम, मधुपुर, देवघर में हुये राज्य कैडेट जूडो प्रतियोगिता में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल बोकारो के बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपना स्थान राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता के लिए पक्का किया है यह प्रतियोगिता 5 से 10 जुलाई को तोरंगगालो कर्नाटका में आयोजित की जायेगी स्कूल के खेलकूद और जूडो प्रशिक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता के लिए चयनित बच्चों में आयुष कुमार पाठक 60 वर्ग, आदिति सिंह 52 वर्ग तथा जयंत कुमार 55 वर्ग में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे इस अवसर पर एमजीएम स्कूल के प्राचार्य रेजीसी वर्गिस ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन और एमजीएम स्कूल का परचम लहराने की उम्मीद जताई तथा स्कूल के अन्य वरिष्ठ खेल शिक्षकों में श्री ओमप्रकाश तिवारी, राजेश्वर सिंह, मीनाक्षी, कुमारी बंदना शर्मा और सौरव कुमार आदि ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार शिविर–मेदिनीनगर**

पत्रांक......................./ मंडल, लातेहार शिविर – मेदिनीनगर दिनांक..........................

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय से आमंत्रित अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सं0–डब्लू0. आर0.डी0/एम0.डी0.मण्डल/06/2023–24 दिनांक 27.06. 2023 जिसका पी0. आर0 300867 23–24 डी0 में दिनांक 27. 06.2023 के स्थान पर दिनांक 26.06.2023 पढा जाय।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमंडल मंडल, लातेहार,
शिविर–मेदिनीनगर।

PR 301021 (District) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।**
rdsdgumla123@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 1206 दिनांक 12.0602023 द्वारा प्रकाशित ई0 अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना–RDD/SD/GUMLA/05/2023-24 जिसका पी०आर० PR 299877 Rural Development (203-24)_D है, में अपरिहार्य कारण से निम्न शंशोधन किया जाता है। वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि दिनांक 26.06.2023 एव ई–निविदा प्राप्ति की तिथि दिनांक 26.06.2023 से दिनांक 03.07.02023 को अपराह्न 5:00 बजे तक, निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 05.07. 2023 अपराह्न 3:00 बजे तक एव निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 06.07. 2023 अपराह्न 2:00 बजे पढा जाय। अन्य नियम एवं शर्त्त यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 301010 Rural Development(23-24)D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**
(लापता महिला पार्वती देवी, उम्र–20 वर्ष)



मेराल थाना सनहा संख्या–10/23, दिनांक–24.06.2023, में लापता महिला पार्वती देवी, उम्र–20 वर्ष, पति–राजू पासवान, सा0–छपरबार खुर्द, पोस्ट–अटौला, थाना–मेराल, जिला–गढवा, राज्य–झारखण्ड की रहने वाली हैं। जो दिनांक–23.06.2023 को रात्रि में घर से बिना किसी को बताये कही चली गयी है। जिसका काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता महिला पार्वती देवी, उम्र–20 वर्ष, पति–राजू पासवान, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया:–**
नाम– पार्वती देवी,
उम्र– 20 वर्ष,
रंग– गोरा,
लम्बाई– लगभग 5 फीट
पहनावा– लाल रंग की साड़ी, गले में मंगलसूत्र, पैर में सैंडल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 300981 Police(23-24).D

**कार्यालय,कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर पचांयत, हरिहरगंज**

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**अति अल्पकालिन कोटशन दर आमंत्रण सूचना सं0–**
**UDHD/PLM/NPH – 02/2023–24**

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार, रांची के द्वारा नवसृजित नगर निकायों को शहरी नागरिक सुविधा मद एवं शहरी परिवहन मद अन्तर्गत कार्य हेतु अधौहस्ताक्षरी को आवंटन प्राप्त है। जिसके अन्तर्गत नागरिक सुविधा मद एवं शहरी परिवहन मद हेतु कार्य किया जाना है।

अतः इच्छुक संवेदक सीलबंद लिफाफे में परिमाण विपत्र सशुल्क निविदा प्रकाशन की तिथि से दिनांक – 01.07.2023 को 2:00 बजे अपराह्न तक (कार्यालय कार्य दिवस में) कार्यालय, नगर पंचायत हरिहरगंज से प्राप्त कर अपना निविदा दिनांक – 11.07.2023 को 2:00 बजे अपराह्न तक कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज में जमा कर सकते है। निविदा दिनांक – 12.07.2023 को 3:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हरिहरगंज के कार्यालय वेश्म में जिला निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।

1. विभाग का नाम :– नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड रांची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– निविदा प्रकाशन की तिथि से 11.07.2023 को 2:00 बजे अपराह्न तक (कार्यालय कार्य दिवस में)
4. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय, नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू) में।
5. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक – 11.07.2023 को समय 2:00 बजे अपराह्न तक।
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक – 12.07.2023 को 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक पदाधिकारी के कार्यालय वेश्म में।
7. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू)।
8. कार्य का नाम :– P.C.C. Road and R.C.C. Drain

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Price of B.O.Q. | Earnest Money | Completetion Days of Work | NIT Refrence No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of PCC road in Ward No. 01 from Kalim Ansari's house in front till Musharat's house. | 804214.00 | 5000.00 | 16090.00 | 60 Days | NPH-06/2023-24 |
| 2 | Construction of drain with strips from Satyendra Mehta's house to Ahar in Ward No. 03. | 933200.00 | 5000.00 | 18700.00 | 60 Days | NPH-07/2023-24 |
| 3 | Construction of drain with strips from the house of Idris Miyan to the corner of Omprakash Chandravanshi in Ward No. 08. | 371300.00 | 5000.00 | 7500.00 | 60 Days | NPH-08/2023-24 |
| 4 | Construction of drain with strips from Ramchandra Baitha's house in Ward No.-08 to Fish Street via Gopal Mandir. | 948400.00 | 5000.00 | 19000.00 | 60 Days | NPH-09/2023-24 |
| 5 | Construction of PCC road from Hamidia Madrasa to Maniv Ansari's house in Ward No.-13 | 854654.00 | 5000.00 | 17100.00 | 60 Days | NPH-10/2023-24 |
| 6 | Construction of drain with strips from Prem Ram Ki Gumti to Dakshin Bari Aahar in Ward No. 16. | 392800.00 | 5000.00 | 7900.00 | 60 Days | NPH-11/2023-24 |

निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय नगर पंचायत हरिहरगंज (पलामू) के सूचना पट एवं NIC पलामू के website:– www.palamu.nic.in एवं udhd.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत हरिहरगंज,ज्ञापांक

PR 300973 District(23-24).D

## ओड़िशा सरकार ने संपत्ति की हेराफेरी के आरोप में की कार्रवाई

# नबरंगपुर अतिरिक्त उप जिला कलेक्टर बर्खास्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** नबरंगपुर के अतिरिक्त उप जिला कलेक्टर को नौकरी से बर्खास्त किया गया। राज्य सरकार ने प्रशांत राउत को अनिवार्य सेवानिवृत्ति किये। संपत्ति की हेराफेरी के आरोप में सरकार ने कार्रवाई की है। विजिलेंस ने 2 दिन पहले प्रशांत राउत को गिरफ्तार किया था। विजिलेंस टीम ने उनके पास से 3 करोड़ से अधिक रुपये नकद और 7 करोड़ रुपये से अधिक अचलाचल संपत्ति जब्त की है।


जानकारी के मुताबिक विजिलेंस ने उनके घर, ऑफिस, पिता के घर समेत कुल नौ जगहों पर छापेमारी की और सात करोड़ से अधिक संपत्ति जब्त की। आय से 500 फीसदी अधिक समाप्ति विजिलेंस को मिला। भुवनेश्वर कानन बिहार और नबरंगपुर से 3 करोड़ 2 लाख रुपये नकद मिले हैं। उसने सारा पैसा एक कार्टून के पेटी और एक किताब के सेल्फ में छिपा कर रखे थे। उसने विजिलेंस टीम को देख कर पड़ोसी की छत पर पैसे फेंक दिये। नबरंगपुर सरकारी आवास से एक पेटी से 76 लाख 44 हजार 500 रुपये बरामद किये गये। साथ ही सरकारी आवास की अलमारी से 12 लाख 48 हजार 800 रुपये नकद मिले।

गौरतलब है कि प्रशांत ने जुलाई 1996 में डअर अधिकारी के तौर पर अपनी नौकरी शुरू की थी। केंद्रापड़ा, जाजपुर, बालेश्वर, सुंदरगढ़, बरगढ़, जाजपुर और कटक जिलों में तहसीलदार और वीडियो के रूप में काम किये।

वर्ष 2012 में जब दानगदी में वीडियो थे, तो उन्होंने 584 बोरी पीडीएस चावल हड़प लिया था। विजिलेंस ने जांच के दौरान प्रशांत को आरोपी पाया गया था। उनके खिलाफ चार्जशीट दायर की गयी थी। नवंबर 2018 में उन्हें विजिलेंस ने उस वक्त गिरफ्तार किया था, जब वह एक लाख रुपये की रिश्वत ले रहे थे। कुछ दिन जेल में रहने के बाद वह जमानत पर थे। उन्हें 2020 में पदोन्नत किया गया था। नबरंगपुर में वह अतिरिक्त उप-जिला मजिस्ट्रेट पद पर काम कर रहे थे।

# 'मैं अटल हूं' में टाइटल भूमिका निभा रहे हैं पंकज त्रिपाठी

अमरनाथ



**मुंबई।** 'मैं अटल हूं' में टाइटल भूमिका निभा रहे पंकज त्रिपाठी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कविता और साहित्य उनके और पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बीच दो सामान्य रुचि हैं। पंकज त्रिपाठी पिछले कुछ समय से बड़े पर्दे से गायब हैं, हालांकि इसकी भरपाई के लिए वह अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स की तैयारी में लगे हुए हैं। वर्तमान में, वह लखनऊ में अपनी फिल्म 'मैं अटल हूं' की शूटिंग कर रहे हैं, जो पूर्व प्रधान मंत्री और राजनेता अटल बिहारी वाजपेयी पर आधारित है। रील और रियल अटल में दो बात समान है, वह है कविता और साहित्य से प्रेम। पंकज कहते हैं, फिल्म 'मैं अटल हूं' के लिए अपने शोध के दौरान, मुझे पता चला, और यह व्यापक रूप से ज्ञात भी है कि राजनीति और कूटनीति के अलावा, अटलजी एक महान कवि थे और उन्हें साहित्य और भाषा के प्रति भी बेहद प्यार और लगाव था। अपने शोध से मुझे पता चला कि वह अपनी मनःस्थिति को व्यक्त करने के लिए कविता करते थे। मैं उससे जुड़ सका, क्योंकि अच्छी कविता का मुझ पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है, खासकर हिंदी कविता का। मैं कुछ महान लेखकों को पढ़ते हुए बड़ा हुआ हूं और कभी-कभी उनसे प्रेरित होकर मैं कुछ पंक्तियों को कविताओं के रूप में भी लिख देता हूं। यह जानकर अच्छा लगा कि ऐसी कविताएं और कवि हैं जो अटलजी और मुझे आम तौर पर पसंद हैं। अनुभवी अभिनेता वर्तमान में अपनी आगामी रिलीज ओएमजी-2 का इंतजार कर रहे हैं, जो 11 अगस्त, 2023 से बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके अलावा, फुकरे 3 भी जल्द ही रिलीज होगी, जहां वह तीसरी बार पंडित जी की भूमिका निभाते नजर आयेंगे।

# मेरा बूथ मजबूत होगा, तभी हम मजबूत होंगे : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मेरा बूथ सबसे मजबूत सीधे संवाद कार्यक्रम के तहत भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह नें मनसाडीह के बूथ नंबर 420 पर सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लक्ष्मण सिंह ने कहा कि भाजपा के शासन से देश का हर वर्ग के लोग खुश है। पार्टी ने अपने शासन के दौरान हर वर्ग को ध्यान में रख कर सभी कार्यो को समान पूर्वक किया है। इसके परिणाम स्वरूप युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार मिल रहा है और भ्रष्टाचार में कमी आयी है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में भारत का डंका बजाने का काम किया है। आतंकवाद व देश की सुरक्षा व्यवस्था पर भी पार्टी का रवैया स्पष्ट है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में जो भी मंत्र दिया है उसे हम सब को आत्मसात करना होगा। श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि मेरा बूथ मजबूत होगा, तभी हम लोग मजबूत होंगे। इसलिए हमें अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ना होगा। संवाद समाप्त होने पर श्री सिंह धनवार के बरजो स्थित अपने कार्यालय पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर बूथ मजबूती ओर प्रेरित भी किया। फिर वहां से वह प्रखंड के विभिन्न गांव पहुंचे और प्रधानमंत्री की बातों को लोगों तक पहुंचाया। मौके पर राजेंद्र यादव, उपेंद्र सिंह, अशोक राय, अरविंद साव, वीरेंद्र राम, अभिषेक मिश्रा, प्रकाश दास, नारायण विश्वकर्मा, इंद्रादेव राय विनोद शर्मा, पवन सिंह, नकुल राय, परमानंद देव, बसंत राय, दीपक पांडेय, कोलेश्वर गुप्ता, अरविंद सिंह आदि दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हेलिकॉप्टर की हुई इमरजेंसी लैंडिंग में ममता बनर्जी घायल

**कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया**

**बायां कंधा पकड़े दिखीं, चलने में भी तकलीफ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी मंगलवार दोपहर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान घायल हो गयीं। उन्हें बायें कंधे, कमर और पैर में चोट पहुंचने की खबर है। इलाज के लिए उन्हें कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स उनकी जांच कर रहे हैं। लो विजिबिलिटी के कारण ममता के हेलिकॉप्टर की सिलीगुड़ी के पास सेवोक एयरबेस पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। वे जलपाईगुड़ी के क्रिन्टी में एक जनसभा को संबोधित करने के बाद बागडोगरा जा रही थीं।

डीजीसीए ने हादसे पर कहा कि सीएम ममता हेलिगो चार्टर्स प्राइवेट लिमिटेड के इसी-145 हेलिकॉप्टर पर सवार थीं। बागडोगरा में भारी बारिश और बादलों के काफी नीचे होने के कारण हेलिकॉप्टर को सेवोक डायवर्ट कर दिया गया। वहां सेना का हेलिकॉप्टर बेस है। वहां हेलिकॉप्टर की लैंडिंग हुई। यह प्रिकॉशनरी लैंडिंग थी। इस घटना के बाद फैसला किया गया कि ममता सड़क मार्ग से बागडोगरा हवाई अड्डे तक जायेंगी और वहां से कोलकाता की उड़ान भरेंगी।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की प्रथम छमाही बैठक संपन्न

# हिंदी हमें आपस में जोड़ती है : ओम प्रकाश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय संबलपुर में मंगलवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की प्रथम छमाही बैठक ओम प्रकाश सिंह, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, एमसीएल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नराकास, संबलपुर के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख/प्रतिनिधि एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित हुए।

अध्यक्ष ने कहा कि हिंदी हमें आपस में जोड़ती है, अतः हिंदी के प्रचार-प्रसार में हम सभी को अपना-अपना योगदान देना चाहिए। हिंदी में कार्य करने की क्षमता हम सभी में है, आवश्यकता है जागरुकता लाने की। सदस्य कार्यालय, राजभाषा कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के लिए आपसी वातालर्प हिंदी में करें, ताकि हिंदी के प्रति रुचि बढ़े। यह गर्व का विषय हे कि कुछ कार्यालयों में हिंदी का कार्यान्वयन बेहतर हो रहा है और वे पुरस्कृत भी हो रहे हैं, हमें उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए, ताकि अन्य कार्यालय भी भारत सरकार से पुरस्कृत हो सके। भारत सरकार की राजभाषा नीति का अनुपालन करना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है, जिसका शतप्रतिशत अनुपालन किया जाना चाहिए। उन्होंने राजभाषा के विभिन्न बिन्दुओं पर सुझाव देते हुए कहा कि नराकास के सभी सरकारी कार्यालयों/ बैंकों/उपक्रमों में राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3), हिंदी पत्राचार, हिंदी टिप्पणी आदि का अनुपालन निर्धारित लक्ष्य के अनुसार किया जाये। बैठक के प्रारंभ में कृष्ण मुरारी प्रसाद, महाप्रबंधक (राजभाषा)/ सदस्य सचिव, नराकास, संबलपुर ने कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार के लिए नराकास का यह मंच काफी महत्वपूर्ण है। इसमें हम सभी राजभाषा हिंदी के विकास हेतु परस्पर विचार-विनिमय करते हैं एवं आवश्यकता अनुसार सहयोग भी करते हैं।

बैठक में अजीत कुमार मेहेर, मंडल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक, अजीत कुमार जग्गा, सहायक महाप्रबंधक, केनरा बैंक, सुस्मिता मिश्र, सहायक महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, सुनिल कच्छप, उप कमाडेंट, सीआरपीएफ, देवप्रकाश, सहायक निदेशक (राजभाषा), वस्तु एवं सेवा कर कार्यालय, संबलपुर एवं डॉ प्रशांत कुमार, षाडंगी, प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 संबलपुर ने भी हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए अपने-अपने सुझाव दिये।

बैठक के दौरान नराकास, संबलपुर की गृह पत्रिका संबलप्रभा के 11वें अंक का विमोचन अध्यक्ष के करकमलों से किया गया एवं वर्ष 2023-24 के दौरान सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित नराकास राजभाषा प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बैठक के संचालन में राजभाषा विभाग, एमसीएल की भूमिका सराहनीय रही।

## केनरा बैंक की आइआइटी आर्गुल शाखा के नये परिसर का उद्घाटन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** केनरा बैंक आइआइटी अर्गुल शाखा के नये परिसर का उद्घाटन प्रोफेसर श्रीपाद कर्मलकर, निदेशक, आइआइटी भुवनेश्वर ने किया। इस मौके पर जगदीश चंद्र, महाप्रबंधक, भुवनेश्वर अंचल प्रमुख और केनरा बैंक के अंचल कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय से कई अधिकारी भी उपस्थिति थे।

## केजरीवाल के सरकारी बंगले का ऑडिट करेगा कैग

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** अरविंद केजरीवाल के सरकारी बंगले के रीकंस्ट्रक्शन विवाद के बीच अब कैग इसकी जांच शुरू करेगा। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास के रीकंस्ट्रक्शन के दौरान हुई अनियमितताओं और उल्लंघनों की इंक्वायरी करेंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 24 मई को पत्र लिख कर बंगले के विशेष कैग ऑडिट की सिफारिश की थी। इसके बाद गृह मंत्रालय ने इस पर एक्शन लिया है। इसके पहले मुख्य सचिव ने 27 अप्रैल और फिर 12 मई को एलजी को इस बारे में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इन रिपोर्ट्स के मुताबिक केजरीवाल के आवास के रेनोवेशन पर 33.49 करोड़ रुपए खर्च हुए थे, वहीं उनके ऑफिस पर 19.22 करोड़ रुपये खर्च किए गये। पुराने बंगले को रेनोवेशन के नाम पर गिराकर नया बंगला बनाया गया था। कैग ऑडिट की बात सामने आते ही आप ने कहा कि इस फैसले में हताशा की बू आ रही है। आप को 2024 के चुनावों में हार की आशंका है। सीएम आवास पर पुनर्निर्माण खर्च की कैग जांच पिछले साल हो चुकी है। उसमें अनियमितता का कोई सबूत नहीं मिला।

## संबलपुर-जम्मूतवी-संबलपुर एक्सप्रेस का रेंगाली में होगा प्रायोगिक ठहराव


**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** यात्रियों की सुविधा के लिए और यात्रियों की मांग को देखते हुए एक जुलाई से रेंगाली स्टेशन पर 18309/18310 संबलपुर-जम्मूतवी-संबलपुर एक्सप्रेस का एक अतिरिक्त ठहराव प्रायोगिक आधार पर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। 18309 संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस रेंगाली स्टेशन 11.23 बजे पहुंचेगी और 11.25 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में 18310 जम्मूतवी-संबलपुर एक्सप्रेस रेंगाली स्टेशन पर 1538 बजे पहुंचेगी और 15.40 बजे रवाना होगी।

















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**